रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 84,544.31 +1,359.52
डॉलर 83.530 -0.086
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹74,080
01 किलो ₹96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 4, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 21 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 229, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com


पेज-10 चेन्नई टेस्ट : दूसरे दिन का खेल...

# सेकेंडरी एग्रीकल्चर से रुक सकता है किसानों का पलायन : राष्ट्रपति मुर्मू

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** आईसीएआर (इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह दौर आधुनिक तकनीक का है। इसका इस्तेमाल करना है मगर इसके दुष्प्रभाव से बचना है। अभी भी अनेक क्षेत्र हैं जहां हम और आगे जा सकते हैं। लाह के उत्पादन, सप्लाई चैन और मार्केटिंग में सुधार किया जाए तो हम लाह की खेती में और आगे बढ़ सकते हैं। गांवों में कृषि आधारित भंडारण नीति बनायी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी कृषि एवं उत्पाद कैसे आगे बढ़े, इसके लिए काम करने जरूरत है। मगर आज भी हमारे किसानों गरीबी में जीने को विवश हैं। सेकेंडरी कृषि इसका विकल्प हो सकता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वे गांव में नहीं छोड़ेंगे। सेंकेंडरी कृषि उत्पाद से हम बेहतर दिशा में बढ़ सकते हैं। वेस्ट वस्तुओं को हम रीसाइकलिंग करके उपयोगी एवं मूल्यवान वस्तुएं बना सकते हैं। यह संस्थान लाह के साथ गम के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस संस्थान का लाभ अन्य संस्थानों को मिलना चाहिए। यह संस्थान प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

**लाह के उत्पादन से मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय जुड़ा है :** उन्होंने कहा कि भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय के द्वारा किया जाता है। इस संस्थान में लाह के साथ-साथ कई लाह से जुड़े कई उत्पाद किए जा रहे हैं। यह भी गर्व की बात है कि झारखंड में इसका उत्पादन देश में 55 प्रतिशत है। कौशल विकास के लिए भी प्रशिक्षण आयोजन किया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जानकारी मिली कि जो रॉ लाह होता है वह 100-200 में बेचा जाता था लेकिन बाद में जब विदेश भेजा जाता था तो उसकी कीमत 3000-4000 होती थी। पलामू जाने पर मुझे पता चला कि पलामू का नाम पलाश, लाह और महुआ के नाम पर रखा गया है। हमारे देश के कई राज्य में लाह की फार्मिंग की जाती है।

**झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव है। धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है।

शेष पेज 11 पर



## किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाने के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर गंभीरता से करना होगा विचार : मुख्यमंत्री

रांची। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम, रांची के गौरवशाली एक सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित शताब्दी समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का रांची आगमन हम सभी के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में किसानों को कृषि से जोड़े रखना, किसानों की आय में बढ़ोतरी, उन्हें वैकल्पिक खेती के साथ पशुपालन को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के लिए मजबूती से कदम उठाने की जरूरत है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हम संकल्प लें।

शेष पेज 11 पर

### किसानों के हालात से हम सभी वाकिफ हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के प्रति संवेदनाएं हमारे लिए शुरू से ही सर्वोपरि रहा है। वैसे तो किसानों के लिए कई बड़ी-बड़ी बातें होती है। कागजों में भी आंकड़े अच्छे दिखाए जाते हैं । लेकिन, मेहनतकश किसान खेतों में कितना जद्दोजेहद करते हैं, उसे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर देखा जा सकता है। किसानों के हालात कैसे बदलें, इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है।

### किसानों को लाह की खेती से जोड़ने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का 50 से 55 प्रतिशत लाह उत्पादन करता है। लेकिन पहले हम 70 प्रतिशत लाह का उत्पादन करते थे। आज इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं । बस इसके लिए किसानों को लाह की खेती से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन और सुविधा उपलब्ध हो। इस कड़ी में हमारी सरकार लाह को कृषि का दर्जा दे चुकी है, ताकि लाह का उत्पादन, अनुसंधान, प्रसंस्करण, उचित मूल्य और बाजार उपलब्ध हो सके।

झारखंड कैबिनेट में 36 प्रस्ताव पारित

# राज्यकर्मियों को दशहरा तोहफा, डीए 16 प्रतिशत बढ़ा



**05** प्रतिशत बढ़ा पेंशनधारियों का डीए, एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा

**100** रुपये प्रति क्विंटल अधिक बोनस किसानों को मिलेगा धान अधिप्राप्ति पर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने राज्य सरकार के अधीन कार्यरत पेंशनधारी और सरकारी कर्मचारियों को दशहरा के पहले बड़ी सौगात दी है। इन कर्मियों के महंगाई भत्ता को बढ़ाने की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। पुनरीक्षित पेंशन और पारिवारिक पेंशन भोगी के डीए 234 से बढ़ाकर 239 किया गया। राज कर्मियों का डीए 427 से बढ़कर 443 प्रतिशत किया। सभी सरकारी कर्मियों का बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा। साथ ही सरकार ने संविदाकर्मियों की संविदा राशि बढ़ाने की भी घोषणा कर दी है। राज्य के किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए 100रुपये प्रति क्विंटल अधिक बोनस राशि देने का निर्णय लिया गया। इस साल छह लाख मीट्रिक टन अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान के लिए 2300 प्रति क्विंटल और इससे ऊपर धान के लिए 2320 पर प्रति क्विंटल रखा गया है। इसमें 100 बोनस मिलेगा। 29604 जलसहिया को डीबीटी के माध्यम से 12000 लागत की स्मार्टफोन देने की स्वीकृति दी गई। इसमें 34 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च आएगा। राज्य के कर्मकारों की अब सरकारी योजना के लाभ के लिए स्व घोषणा प्रमाणित प्रमाण पत्र से ही लाभ मिल जाएगा। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन शहरी स्थानीय निकायों में संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त करने के लिए 107 कनीय अभियंताओं को विभाग के आनुषंगिक इकाइयों निदेशालय के अधीन शहरी स्थानीय निकाय, झारखंड राज्य आवास बोर्ड, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिका,र झारखंड खनिज विकास प्राधिकार जुडको लिमिटेड में संविदा के आधार पर सेवाएं प्राप्त किए जाने की स्वीकृति दी गई।
- **बिरसा चौक रांची से धुर्वा गोल चक्कर और धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन तक सड़क निर्माण के लिए 47.33 करोड़ की रिवाइज प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई।**
- दुमका बाईपास के 4 लेन बनाने के के लिए 97 करोड़ 5 लाख की योजना की रिवाइज स्वीकृति दी गई।
- **बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हेथू रिंग रोड पथ 6.9 किमी रोड के लिए 280 करोड़ 60 लाख के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति दी गई।**
- धनबाद में आरएसपी कॉलेज के नए भवन निर्माण के लिए 67 करोड़ की योजना स्वीकृति।
- **फार्मेसी कॉलेज बरियातू में बी फार्मा की पढ़ाई के लिए 32 पदों के सृजन की स्वीकृति।**
- बोकारो में राजकीय पॉलिटेक्निक के पुनर्निर्माण इत्यादि के लिए 45 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई। बोकारो में नव निर्मित अभियंत्रण कॉलेज, गोड्डा नवनिर्मित अभियंत्रण कॉलेज को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के रूप में संचालन की स्वीकृति दी गई।
- **जनगणना 2009 के नियम में संशोधन किया गया।**
- ज्ञानोदय योजना अंतर्गत 291 उच्च उच्चतर महाविद्यालय में अतिरिक्त स्मार्ट क्लास संचालित करने की स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 11 पर

हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

# बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने वाली पीआईएल पर सुनवाई हुई पूरी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से वर्चुअली रूप से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल जुड़े। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता इस जनहित याचिका को पॉलिटिकल एजेंडा के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। क्योंकि, केंद्र ने शपथ पत्र में कोई डाटा नहीं दिया है। झारखंड में कुछ माह में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने इस मामले में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि 30 सितंबर तक केंद्र सरकार के गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव की बैठक प्रस्तावित है। इसमें झारखंड में घुसपैठियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनने पर विचार होगा, जिसमें घुसपैठ के मसले पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों के संबंध में विचार होगा। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य झारखंड के सीमावर्ती

शेष पेज 11 पर



केंद्र सरकार ने बांग्लादेश की घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश के संबंध में कोई डाटा अपने शपथ पत्र में नहीं दिया है। सुप्रीम कोर्ट में इसी तरह का एक मामला पेंडिंग है।

**-कपिल सिब्बल**



केंद्र सरकार ने संथाल परगना में घुसपैठ को लेकर अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया गया है।

**-तुषार मेहता (सॉलिसिटर जनरल)**

# सपने संवारने की चाह में 16वें बेरोजगार ने दी कुर्बानी

- उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में गिरिडीह में एक युवक की मौत, आठ बेहोश

नवीन मेल डेस्क

**गिरिडीह।** उत्पाद सिपाही बहाली में शुक्रवार को एक और अभ्यर्थी की जान चली गई। इस तरह अब तक सिपाही बहाली दौड़ में नौकरी पाने और अपने सपनों को पूरी करने की चाह में कुर्बान होने वाले बेरोजगार युवकों की संख्या 16 हो गई है। गिरिडीह में शुक्रवार सुबह दौड़ की सिपाही बहाली दौड़ की शुरूआत हुई। इस दौरान कड़ी गर्मी के कारण एक साथ आठ युवक बेहोश हो गए। इनमें से एक युवक विरंची राय की मौत हो गई। सिपाही बहाली प्रक्रिया में गिरिडीह जिले में यह पहली मौत है। बेहोश हुए आठ युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल सभी बेहतर बताए जा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी सदर अस्पताल पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। जानाकारी मिलने के बाद भाजपा नेता विनय सिंह और माले नेता राजेश सिन्हा भी सदर अस्पताल पहुंचे। मृत युवक विरंची राय की जानकारी मिलने के बाद उसके कई साथी सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल की व्यस्था पर आरोप लगाया। बताया गया कि मृत युवक विरंची राय गिरिडीह जिले के धनवार थाना के गादी गांव का रहने वाला था। शुक्रवार को उत्पाद विभाग के सिपाही बहाली में शामिल होने गिरिडीह के न्यू पुलिस लाइन पहुंचा था। मालूम हो कि आबकारी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 2024 के माध्यम से उत्पाद सिपाही के 583 पदों पर भर्ती हो रही है। शारीरिक परीक्षण में लड़कों को एक घंटे में 10 किलोमीटर दौड़ना है, वहीं लड़कियों को 40 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ना है। इसके पहले विभिन्न जिलों के बहाली केंद्रों से अभ्यर्थियों की लगातार मौत की खबरें

शेष पेज 11 पर

## दादा ने पोते की गला दबाकर की हत्या आहर के पानी में फेंका

**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव के टोला होल्या से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक दादा ने अपने पोते शुभम कुमार (08) की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित दादा ने शव को आहर के पानी में मिट्टी के नीचे दबा दिया। घटना के बाद से आरोपी दादा कपिलदेव सिंह फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है, जब शुभम दूध लेने घर से बाहर निकला था।

शेष पेज 11 पर

# सरकार बनते ही घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर भेजेंगे

नवीन मेल डेस्क

**साहिबगंज/ गिरिडीह।** आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी रणनीति को धार देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू के जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा का आगाज कर दिया। इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है। अमित शाह ने सिपाही बहाली दौड़ में युवाओं के लगातार मौत का मामला उठाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे युवाओं को नौकरी तो नहीं मिली, ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती।

शेष पेज 11 पर

### घोटाला ही घोटाला

**1000** करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला

**1000** करोड़ रुपये का खनन घोटाला

**600** करोड़ रुपये का जमीन घोटाला



- नौकरी तो नहीं मिली, दौड़ लगाते लगाते कई युवाओं की हो रही है मौत
- ये लोग सेना की जमीन तक खा गए हेमंत सरकार देश में है सबसे भ्रष्ट
- पाकुड़ जिले में हिंदुओं व आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते रहते हैं

इंडिया

# हमारी आदतें जो हमें इंसान या हैवान बनाती हैं



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

अक्सर कहा जाता है कि एक अच्छे या सफल मनुष्य की आदतें उसे अच्छा बनाती हैं और एक बुरे आदमी की आदत उसे बुरा बना देती है । एक ऋषि की कथा हम सभी ने पढ़ी थी कि नहाते समय ऋषि को तेज बहाव में बहता एक बिच्छू मिलता है जिसे ऋषि यह सोचकर उठा लेते हैं कि छोड़ देने पर वह निश्चित रूप से मर जाएगा पर उठाते ही बिच्छू उन्हें डंक मारता है और असह्य पीड़ा से वह उसे छोड़ देते हैं जिससे वह पानी में गिर जाता है । ऐसा कई बार होता है पर ऋषि उसे छोडते नहीं । किसी के पूछने पर कि आप उस दुष्ट बिच्छू को क्यों बचा रहे हैं जो बार आपको डंक मारता है? ऋषि ने कहा कि वह उसकी आदत है और यह मेरा स्वभाव है कि मैं उसे बचाऊँ । आदत निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार स्वचालित हो जाते हैं। आदतें किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें हासिल करने की इच्छा के बिना भी बन सकती हैं, लेकिन किसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उन्हें जानबूझकर विकसित भी किया जा सकता है - या समाप्त किया जा सकता है । जब लोग दुनिया में भ्रमण करते हैं तो उनमें अनगिनत आदतें विकसित हो



जाती हैं, भले ही वे उनके बारे में जानते हों या नहीं। इन व्यवहारों की सहज प्रकृति लोगों को दिनचर्या में उनकी आवश्यकताओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद कर सकती है। फिर भी तथ्य यह है कि आदतें हमारे दिमाग में गहराई से बैठ जाती हैं, इसका मतलब यह है कि भले ही कोई विशेष आदत हल होने की तुलना में अधिक समस्याएं पैदा करती है, लेकिन इसे तोड़ना मुश्किल हो सकता है। शुरुआत में आदतें कैसे आकार लेती हैं, यह समझना उन्हें खत्म करने और बदलने में मददगार हो सकता है।आदतें हानिकारक या स्वास्थ्य-वर्धक हो सकती हैं। जागने के बाद सहज रूप से सिगरेट - या विशेष संकेतों से जुड़ी कोई भी दवा - एक आदत है। तो हर दिन घर पहुंचने के बाद जूतों को उचित स्थान पर रखना या गाड़ी चलते समय सोचे बिना अपनी सीट बेल्ट बांधना भी शामिल है। मनुष्यों की आदतें क्यों होती हैं? लोगों के आदतों का गुलाम बनने एक संभावित कारण यह है कि आदतें कुशल होती हैं: लोग क्या करना है इसके बारे में विचार-विमर्श किए बिना समय और ऊर्जा बर्बाद किए बिना उपयोगी व्यवहार कर सकते हैं। हालाँकि, त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाओं की यह प्रवृत्ति उल्टी भी पड़ सकती है - जैसे कि जब यह नशे की लत वाली दवाओं के उपयोग या अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन से हाईजैक हो जाती है।आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरुआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं।ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक सुअवसर पैदा कर सकती है। जैसे सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरुआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग शाम में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये प्रतिदिन योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरुआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरुआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं।

# पत्रकार रवि प्रकाश का कैंसर से निधन, सीएम ने जताया शोक

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार निधन हो गया। वे करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित है। रवि प्रकाश के करीबी अविनाश दास ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि हमारे पुराने मित्र, सहकर्मी और साहस से भरे हुए पत्रकार रवि प्रकाश नहीं रहे। वह कैंसर से लड़ रहे थे। जिंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है। रवि प्रकाश के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं। आप बहुत याद आयेंगे रवि भाई। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र महतो ने भी रवि प्रकाश के निधन पर शोक जताया है। रवि प्रकाश को इसी महीने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड लंग्स कैंसर कॉफ्रेंस (डब्ल्यूसीएलसी-2024) में पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।



शेष पेज 11 पर

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का शताब्दी समारोह

# देश की ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार सराहनीय : राज्यपाल

### रांची को कृषि, शिक्षा व शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे : शिवराज



**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रांची को कृषि, शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। न्यूनत्तम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे, जितनी लागत आता है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़कर ही न्यूनत्तम प्रोडक्शन मूल्य दिया जाएगा। इस साल से 1500 से नहीं पांच हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं। कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेंहू से काम नहीं चलेगा। हमें दूसरे खेती में जाना होगा। आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं। आज ऐसी महिलाएं है जो लाख-लाख रुपये कमा रही हैं। हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है। प्लास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का प्रेरणादायी व्यक्तित्व आज के इस समारोह की शोभा व गरिमा और भी बढ़ा रहा है। राष्ट्रपति ने छह वर्षों से अधिक राज्यपाल के रूप में झारखंड की सेवा की और राज्य के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी सादगी, मृदु स्वभाव और जनता के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें एक पीपुल्स गवर्नर के रूप में स्थापित किया। राज्यपाल ने कहा कि एक अत्यंत साधारण सी पृष्टभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली महिला बनीं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा ग्रहण किया।



वे बालिकाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। विशेष रूप से उन लड़कियों के लिए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर करती है। राज्य के किसानों को खुशहाल बनाना ही हमारी समृद्धि का आधार है। प्रधानमंत्री किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ह्यप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और ह्यकिसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाएं किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार हो रहे हैं, वह सराहनीय हैं। संतोष गंगवार ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हम राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह में भाग ले रहे हैं। यह संस्थान पूर्व से केवल लाह उत्पादन एवं अनुसंधान पर केन्द्रित था। इस संस्थान द्वारा पिछले 100 वर्षों में भारतीय कृषि को नई दिशा प्रदान की गई है। संस्थान ने लाख उत्पादन, प्रोसेसिंग और मूल्यवर्द्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के किसानों को समृद्ध बनाने में योगदान दिया है।

### देश के 55 प्रतिशत लाह का उत्पादन झारखंड से होता है : हिमांशु पाठक



संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है। इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है। इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपना आय बढ़ाया। लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है। हमारा संस्थान सेंकेडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। अगले तीन वर्षों में यह देश न केवल विकाशील, बल्कि विकसित देश रहेगा। इसमें हमारे संस्थान को जो सहयोग रहेगा, जरूर करेगा। निदेशक डॉ. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया। कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है, जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तोतर विकास। निदेशक डॉ अभिजीत कर ने विकास यात्रा की जानकारी देते हुए कहा भारतीय लाह अनुसंधान संस्थान के नाम से शुरू किया था और कहा झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल,महाराष्ट्र जैसे राज्यों में प्रमुखता से लाह का उत्पादन होता है ।

### खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए लाह खेती से बिचौलिए को खत्म किया : संजय सेठ



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्था का सौ साल होना इस पावर अवसर पर भारत की राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है। यह किसानों को हौसला देना है। प्रकृति ने हमें हरा-भरा संपदा दिया। लाह पलास्टिक का विकल्प है। यह गौरव की बात है कि देश का 55 प्रतिशत लाह की खेती झारखंड में होता है। 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है। लाह पहले 100 में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापरी उसे 700-800 रुपये में बेचता है। हमने खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियों को खत्म किया।

### 40 लाख आदिवासी परिवार लाह की खेती कर आर्थिक रूप से सबल बन रहे हैं : चौधरी



केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाह की खेती भरण-पोषण करते हैं। करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं। हर क्षेत्र में अन्नदाता रात-दिन मेहनत करता है। जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आता है तब हमें खुशी होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों में खुशी लाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। चाहे एमएसपी बढ़ाने का मसला हो या फिर आय दुगुनी करने का। यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है। पहले यह लाह संस्थान ही था लेकिन प्रधानमंत्री इस संस्थान को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

### मंच सज्जा पर राष्ट्रपति के साथ आई टीम ने जतायी आपत्ति

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में मंच को भव्य तरीके सजाया गया था। इस पर राष्ट्रपति के साथ आयी टीम ने आपत्ति जतायी। वहीं मंच में लगे फूल-पत्ती को हटा दिया गया। टीम ने कहा कि मंच को इस तरह से सजाया गया है कि वहां बैठे लोग नीचे से नहीं दिख रहे हैं। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

### मीडिया कर्मियों के लिए पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम का कवरेज कर रहे पत्रकारों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा। आईसीएआर के कर्मचारियों से पत्रकार पानी मांगते रहे, लेकिन पत्रकारों किसी ने पानी नहीं दिया। पानी मांगने पर आईसीएआर के कर्मचारियों का कहना है था कि किसी प्रकार की कोई व्यवस्था करने से प्रशासन ने मना किया है। आईसीएआर के अनुसार पत्रकारों को 2 घंटे पहले बुलाया गया था। वहीं शौचालय की भी व्यवस्था नहीं थी। इससे महिला पत्रकारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## बंगाल सीमा पर वाहनों को रोकने की कार्रवाई असंवैधानिक : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराया है और झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है। इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करके इसे असंवैधानिक करार दिया है। साथ ही इस मुद्दे पर झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है।



एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड से बंगाल में प्रवेश करने वाले वाहनों को ममता बनर्जी की पुलिस ने पुरुलिया सीमा के पास रोक रखा है। ममता बनर्जी सरकार ने बंगाल में आई बाढ़ के लिए डीवीसी को दोषी ठहराया है और झारखंड से आने वाले वाहनों को अगले तीन दिनों तक सीमा में प्रवेश करने से रोक दिया है। यदि बारिश बहुत ज्यादा होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ेगा, यह एक सामान्य प्रक्रिया है लेकिन दीदी के इस असंवैधानिक कदम पर हेमंत सोरेन की चुप्पी आश्चर्यजनक है। कांग्रेस सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाए हैं, उसमें जमीन झारखंड की डूबी है।

विस्थापन का दर्द आदिवासियों मूलवासियों को उठाना पड़ा है और बिजली पानी का लाभ बंगाल को मिल रहा है।

मरांडी ने कहा कि वाहन रोकने की इतनी बड़ी असंवैधानिक कार्रवाई कर ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन और झारखंड को क्या संदेश देना चाहती हैं? नेशनल परमिट वाले वाहनों को बंगाल में घुसने के लिए क्या अलग से अनुमति लेनी होगी? हेमंत सोरेन जी, क्या हमारा झारखंड सिर्फ बंगाल के रास्ते आए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए है? ऐसी कौन सी मजबूरी है कि आप दीदी के इस गैर-जिम्मेदाराना और असंवैधानिक कदम पर मौन साधे हुए हैं?

## भाजपा प्रत्याशियों को उलटा लटकाकर चुनाव में जनता सीधा कर देगी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी कैंप कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें साहिबगंज से भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर कटाछ करते हुए कहा भाजपा घुसपैठियों की पार्टी है। इसके सभी पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा में घुसपैट कर राजनीतिक दुर्गंध फैलाने वाले लोग हैं। इनका सफाया आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता कर देगी। सुप्रियो भट्टाचार्य ने परिवर्तन यात्रा को षड्यंत्र यात्रा बताया। इस यात्रा की मंजिल क्या है उन्हें भी नहीं पता। आज मंच से अमित शाह हेमंत बाबू हेमंत बाबू कर रहे थे,आखिर यह कैसा डर है। अमित शाह के घुसपैठियों को उल्टा लटकाने वाले बयान पर सुप्रिया ने कहा कि अमित शाह को मैं सच बता देना चाहता हूं



कि झारखंड की जनता आपकी पार्टी को उल्टा लटका कर सीधा कर देगी। आपकी जो गिद्ध की नजर इस राज्य पर लगी है, उसका भी मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा। बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पिछले दिन यहां आए थे और कहा था कि हाईकोर्ट ने कमिटी का गठन किया है। अब बताएं कि बांग्लादेश घुसपैठ कहां हो रहा है।

#### ममता बनर्जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं

झारखंड से जाने वाले ट्रकों को बंगाल सीमा पर रोके जाने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार की मनोस्थिति ठीक नहीं है। हेमंत सरकार किसी के पास घुटना टेकने वाली नहीं है। बंगाल के मंत्री से वार्ता के बाद ही यह कदम उठाए गए। ममता दीदी की मानसिक स्थिति खराब हो गई है, दीदी को थोड़ी संवेदनाएं रखनी चाहिए थी। अभी तो पानी छोड़ा गया था तो बंगाल में बाढ़ आ गया, अगर डैम ही टूट जाता तो पूरा बंगाल का क्या होता है यह समझिए।



### राष्ट्रपति ने राजभवन में मूर्ति गार्डेन का किया उद्घाटन

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से परिकल्पित झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित 'मूर्ति गार्डेन' का उद्घाटन शुक्रवार को राज भवन में किया गया। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मौजूद थे। इस 'मूर्ति गार्डेन' में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के अतिरिक्त झारखंड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी गया मुंडा, जतरा टाना भगत, तेलंगा खड़िया, नीलांबर-पीतांबर, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, दिवा-किसुन, वीर बुधू भगत के अतिरिक्त परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

### हाईकोर्ट ने गृह सचिव से पूछा, क्यों नहीं हुआ आदेश का पालन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी के द्वितीय बेच की सेवा संपुष्टि और प्रमोशन के लिए शिवेंद्र कुमार की रिट याचिका दायर पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने गृह सचिव को यह बताने को कहा है कि अदालत के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने गृह सचिव को निर्देश दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कोर्ट को जानकारी दें। इसके साथ अदालत ने मौखिक रूप से कहा है कि हाई कोर्ट के आदेश के साथ खिलवाड़ न किया जाए।

### फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या किया गया : हाईकोर्ट

**रांची।** मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों को पुनः दुकान देने के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर निगम से सवाल किया कि फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या किया गया। नगर निगम ने अपने जवाब में कहा- जिस जगह पर दुकानदारों को बसाया जाना था, वहां पर टाना भगतों का कब्जा है। इसपर कोर्ट ने यह जानना चाहा कि जिनका कब्जा है उसे हटाने के लिए निगम ने अब तक क्या किया।

#### नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र लीक मामला

## सीबीआई ने छह के विरुद्ध दूसरा आरोपपत्र किया दायर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट यूजी-2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले में छह आरोपियों के विरुद्ध पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप पत्र दायर किया। यह आरोप पत्र भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दायर किया गया है, जिनमें धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक न्यास भंग), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्य



मिटाना) एवं धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल, जिन्हें सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था एवं उप-प्रधानाचार्य, जिन्हें एनईईटी यूजी-2024 परीक्षा के संचालन हेतु एनटीए द्वारा केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया था, के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (वर्ष 2018 में यथा संशोधित ) की धारा 13 (2) के साथ पठित धारा 13 (1) (ए) के तहत मूल आरोप लगाए गए हैं। यह दूसरा आरोप पत्र छह लोगों के विरुद्ध दायर किया गया है। इनमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, डॉ. अहसानुल हक , मोहम्मद इम्तियाज आलम , जमालुद्दीन उर्फ जमाल तथा अमन कुमार सिंह। सीबीआई ने पूर्व में 01 अगस्त को 13 आरोपियों के विरुद्ध पहला आरोप पत्र दायर किया था।

### गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए, ये सुनिश्चित करे निगम : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी भवन का गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए। साथ ही अदालत को निगम ने यह जानकारी दी कि हिनू नदी के किनारों से अतिक्रमण हटाने की दिशा में सिंगल बेंच से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने शताब्दी समारोह में स्टॉलों का लिया जायजा



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के नामकुम स्थित इंडियन कॉउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग (निसा) के 100 साल पूरे होने पर शुक्रवार को शताब्दी समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान समारोह की मुख्य अतिथि और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संस्थान के स्टॉलों का जायजा लिया।समारोह में मूर्मू के अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे। नामकुम के निदेशक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक नृत्य और संगीत पेश किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति को सुनने के लिए राज्य के अलग-अलग हिस्सों से महिला किसान नामकुम पहुंचीं थीं।

## सोनिया व राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने पर मामला दर्ज कराया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस के अन्य नेता प्रधानमंत्री को गाली गलौज कर रहे हैं। उससे आहत बीआईटी, नेवरी निवासी कमलेश राम ने शुक्रवार को अरगोड़ा थाना मे राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं कांग्रेस के नेता गण तथा कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले मे कमलेश राम के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ देश मे कांग्रेस नेताओं ने गाली देने का रिकॉर्ड बना रहे हैं वह किसी तरह स्वीकार्य नहीं है। गाली वैसी



की वो साधारण इंसान बोल भी नहीं सकता है। उदाहरण के लिए पीएम को नीच, मौत का सौदागर, दुर्योधन, कायर, रावण, राक्षस, नामर्द, चौकीदार चोर है, काला अंग्रेज के अलावा सैकड़ो ऐसी ऐसी गाली दी गयी है। भारतीय न्याय संहिता मे बिना किसी साक्ष्य के सार्वजनिक रूप से किसी व्यक्ति को गाली देना, अपमान करना, लज्जित करना, धमकी देना जुर्म है। मामले मे शिकायत कर्ता कमलेश राम ने बताया की मोदी जी जिस प्रकाश अनुसूचित जाति के समाज को उठाने का कार्य कर रहे हैं और कांग्रेस नेता उनको गाली दे रहे हैं वो गाली सुन सुन कर उन्हे नींद नहीं आती है इस सबसे परेशान होकर आज उन्होंने अरगोड़ा थाना मे राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी और बचाव पक्ष दोनों की ओर से बहस पूरी हो गयी है। इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ नकदी बरामद किया गया था। छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनो से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। मामले में ईडी की ओर से पूजा सिंघल सहित सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र में बताया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों और दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी।

### मुख्यमंत्री से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण सिंह, ब्रजेश राय, जितेंद्र सिंह, पंकज पाठक, सुरेंद्र सोरेन, सत्यजीत, विपिन उपाध्याय, संजय रंजन एवं मनोज पांडेय शामिल थे।

### डोरंडा फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही आई सामने

# कार पर गिरा लोहे का प्लैंक, बची जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के तीन इलाकों में फ्लाईओवर का कार्य तेजी से चल रहा है। सरकार की ओर से निर्माण कार्य जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश मिल रहे हैं। कार्य प्रगति पर होने के कारण सड़कों पर काफी जाम लगा रहता है। भारी ट्रैफिक के बीच भी निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन, सुरक्षा को लेकर तैयारियां काफी ढीली नजर आ रही हैं। आमजन इन रास्तों से डर के साथ गुजरते हैं। इसी बीच, डोरंडा फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के दौरान आए दिन ऐसी लापरवाही सामने आ रही है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। ज्ञात हो कि डोरंडा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है। कंस्ट्रक्शन का कार्य वर्ष 2022 में शुरू किया गया था, जो की अब तक जारी है। बताया गया कि शुक्रवार को आशीष कुमार नामक व्यक्ति अपनी कार से डोरंडा फ्लाईओवर के रास्ते से जा रहे थे। इसी बीच, उनकी कार पर लोहे का एक बड़ा प्लैंक (फलक) गिर गया। प्लैंक गिरने के कारण कार के आगे का शीशा पूरी तरह से टूट गया। किसी तरह आशीष और कार में बैठे उनके मित्र बाहर निकले। इस हादसे को देखने के बाद कहा जा सकता है कि यदि कार की जगह पर कोई दो पहिया वाहन होता, तो वाहन चालक की जान जा सकती थी। इस घटना के बाद पीड़ित ने डोरंडा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार और इंजीनियर से शिकायत की। लेकिन, पीड़ित के साथ काफी उदासीन रवैया अपनाया गया। ठेकेदार और इंजीनियर ने कहा कि कंस्ट्रक्शन साइट पर यह आम बात है। हालांकि, पीड़ित ने इस संबंध में डोरंडा थाने में शिकायत की है।



▸ पीड़ित से ठेकेदार ने कहा- आम बात है ऐसा होना

**उठते सवाल**

**किसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के निर्माण कार्य के दौरान यदि लोहे का एक बड़ा प्लैंक या ऐसा ही कोई चीज किसी वाहन पर गिर जाए, तो क्या ऐसी क्षति को आम घटना बताया जा सकता है। इसमें किसी की जान भी जा सकती है। कंपनी क्या ऐसे हादसों से अपना पल्ला झाड़ सकती है? क्या इस संबंध में कोई नियम-कानून नहीं है? क्या शासन-प्रशासन का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है?**



## केंद्रीय रेशम बोर्ड की प्लैटिनम जुबली में 75 रुपये का सिक्का जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रेशम बोर्ड के प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन मैसूर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि के रुप में भारी उद्योग मंत्रीएचडी कुमारस्वामी थे। इस अवसर पर केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी एवं डॉ बीके दास, निदेशक, आईसीएआर सिफरी बरकपुर ने प्यूपा से मछली का चारा बनाने के शोध समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस कार्यक्रम में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने केंद्रीय रेशम बोर्ड के 75 वर्ष पूरा होने पर 75 रुपए का सिक्का जारी किया गया। कार्यक्रम में वस्त्र राज्य मंत्री पवित्र माग्रेर्टा ने काफी टेबल बुक का विमोचन किया एवं पोस्टल कवर लॉन्च किया। पी. शिवकुमार, सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड ने सभी को इस अवसर पर सभी को शुभकमना दी। धीरेन्द्र कुमार पूर्व निदेशक राज्य रेशम विभाग झारखंड को लाइफ टाइम अवार्ड प्रदान किया गया एवं सीटीआरटीआईटीआई रांची संस्थान के वैज्ञानिक डा. जयप्रकाश पांडेय को उत्कृष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार ,(बेस्ट साइंटिस्ट अवार्ड) से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ कर्मवीर जेना ने संस्थान की प्रदर्शनी का समन्वय किया। इस कार्यक्रम में रेशम उद्योग पर कई पुस्तकों का विमोचन किया गया। मलबरी के प्रकल्पों को रिलीज किया किया। पोस्टल कवर भी लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 23 राज्यों से लगभग 1800 कृषकों समेत 2300 लोगों ने भाग लिया।

## न्यूज बॉक्स

### पत्रकार रवि प्रकाश के निधन पर विस अध्यक्ष ने जताया शोक



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश के देहांत पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित रवि प्रकाश की देहांत की सूचना से काफी दुख हुआ। वे झारखंड से पत्रकारिता को नए आयाम देने के साथ ही कैंसर के मरीजों को जीवटता के साथ जीने के लिए प्रेरित किया है, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किए जाएगा। मैं प्रार्थना करता हूँ कि इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करें और दिवंगत आत्मा शांति दें।

### उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिले आवश्यकता आधारित शिक्षक



**रांची।** झारखंड के सभी विश्वविद्यालों के आवश्यकता आधारित शिक्षकों ने झारखंड के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की। शिक्षकों ने अपनी मांगो को ले कर मंत्री से मुलाकात की। मांगों में 57700 रुपये के साथ टीए, डीए, एचआरए और मेडिकल और अन्य भत्तों के साथ 82442 रुपये फिक्स मासिक वेतन दिया जाए। सेवा 65 वर्ष की आयु तक किया जाये। वेतन के भुगतान में बिना वजह प्रपत्र दिए जाते हैं उनसे मुक्ति दी जाए। वेतन के भुगतान मे प्रत्येक माह नियत समय पर किया जाए।

### स्वास्थ्य विभाग की ई-जोहार साइट सात दिनों से ठप

**रांची।** पिछले सात दिनों से स्वास्थ्य विभाग का ई-जोहार साइट ठप है। इस साइट से पूरे झारखंड के सदर अस्पताल में कार्य करने वाले स्वास्थयकर्मियों, सहिया और लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साइट ठप होने से पूरे झारखंड के सारे सरकारी सदर अस्पतालों के भुगतान कार्य भी असर पड़ा है। साइट और कितने दिनों तक ठप रहेगा, यह अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। ई-जोहार साइट सर्च करने पर साइट नहीं दिख रहा है।

### सीआईडी ने पूर्वी सिंहभूम से साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधी इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से एक मोबाईल, एक सिम कार्ड, एक लैपटॉप, चार पासबुक, चार चेकबुक, एक आधार कार्ड और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। सीआईडी के डीएसपी एमपी गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित ने साईबर क्राईम थाना में एक अगस्त को आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि टेलीग्राम पर विभिन्न मोबाईल के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें उन्हें ऑनलाईन ट्रेडिंग से संबंधित जानकारी को साझा किया। इसके बाद उन्हें एक अन्य टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर एक बेवसाईट का लिंक भेजा गया । इसमें अपना आईडी बनाने को बोला गया। ट्रेडिंग से संबंधित निवेश करने के लिए पीड़ित को विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। शुरू में झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गये। w़

### सीएम से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ की लंबित मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक यथोचित विचार किया जाएगा। इस अवसर पर झारखण्ड सचिवालय सेवा संघ के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, संयुक्त सचिव इरशाद आलम एवं उमाशंकर मुंडा शामिल थे।

### यूपीएससी की मुख्य परीक्षा शुरू, निबंध का पेपर रहा अच्छा

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा शुक्रवार को शुरू हुई। पहले दिन रांची के एकमात्र निर्मला कॉलेज सेंटर में एक पाली में पेपर वन की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हुई। परीक्षार्थियों ने ओवरऑल प्रश्न को मॉडरेट बताया। डोरंडा के दिव्यांशु शांडिल्य ने कहा कि यह उनका अंतिम प्रयास है। निबंध का पेपर अच्छा था। दार्शनिक पक्ष पर अधिक प्रश्न पूछे गए। समय प्रबंधन अच्छा रहा, हालांकि पहले खंड की तुलना में दूसरे खंड में अधिक समय लगा। उन्होंने कहा कि ओवरऑल प्रश्न मॉडरेट थे। बरियातू के राहुल वर्मा ने कहा कि निबंध का पेपर मध्यम था।

### स्मार्ट मीटर के लिए मोबाइल नंबर पंजीकृत करने को व्हाट्सएप नंबर जारी

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के विद्युत आपूर्ति अंचल रांची की ओर से उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए कई तरह से सुविधाएं बहाल की गई हैं। यह सुविधा रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले बिजली उपभोक्ताओं के लिए है। रांची एरिया बोर्ड के उप महाप्रबंधक तकनीकी डीएन साहू ने बताया कि रांची शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, विद्युत कार्यपालक, सहायक विद्युत अभियंता कार्यालय में कार्यदिवस में उपभोक्ता बिजली से संबंधित किसी भी विपत्र के साथ शिकायत संबंधी आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से स्मार्ट मीटर को लेकर व्हाट्सऐप नंबर 9155029417 जारी किया गया। निगम क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ता इसके जरिये स्मार्ट मीटर को बिजली बिल की तस्वीर एवं पंजीकृत किये जाने वाले मोबाइल नंबर भेज सकते हैं।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा आज रांची में बनाए गए 136 परीक्षा केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड क्रमचारी चयन आयोग (जेएसएससी) समान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2023 का आयोजन 21 और 22 सितंबर को किया जाएगा। इस परीक्षा में लगभग 6 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। वहीं रांची में कुल 136 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें लगभग 61000 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इससे पहले जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी को 2024 को आयोजित किया गया था लेकिन, उसी दिन परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने जेएसएससी कार्यालय के बाहर हंगामा किया। जिसके बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। फिर से इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष परीक्षा के लिए कई निर्देश दिए है। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी 863, कनीय सचिवालय सहायक 335, प्लानिंग असिस्टेंट 05, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी 182, बैकलॉग पद कनीय सचिवालय सहायक 8, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी 195, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी 252 और अंचल निरीक्षक 185 पोस्ट है।

### परीक्षा को निष्पक्ष व कदाचार मुक्त कराने को लेकर डीजीपी ने जारी किया निर्देश

**रांची।** जेएसएससी द्वारा आयोजित होने वाले संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय सख्त है। यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन द्वारा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी को सख्त निर्देश जारी किये हैं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये हैं। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जायेगी। हर स्तर पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सोशल मीडिया माध्यमों पर भी निगरानी किए जाने का निर्देश दिया गया। किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति संबंधी सूचना संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक, कन्ट्रोल रूम और जिलों द्वारा जारी नंबर पर दिया जा सकता है। डीजीपी ने जारी आदेश में कहा है कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से न फैले इस संबंध में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### होटलों में देर रात की गई छापेमारी

**रांची।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के मद्देनजर गैर कानूनी तरीकों से अभ्यर्थियों को सहायता पहुंचाने वाले तथा अभ्यर्थियों को ठगने वाले गिरोह पर लगाम लगाने एवं कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिले के सभी थानांतर्गत होटल ,लॉज, रिसोर्ट, गेस्ट हाउस आदि में पुलिस द्वारा देर रात निरीक्षण सह छापेमारी अभियान चलाया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि होटल या लॉज में किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति होने की स्थिति में सूचना तुरंत स्थानीय थाना अथवा व्हाट्सएप्प न +919798302486 पर दें।

### तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का शुभारंभ

# माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर शो से बिजनेस में होगा लाभ : संजय सेठ

- खनिज संपदा के प्रति रोजगार के अवसर पैदा होंगे : डॉ महुआ मांजी
- प्रभात तारा मैदान धुर्वा में 22 सितंबर तक चलेगा शो





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस शो को आयोजन ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि रांची में पहली बार कोई कंपनी माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजन से बिजनेस में लाभ होगा। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खनन और उद्योग क्षेत्र में काम करने वाले कम्पनियों को झारखंड बुलाएं तभी और बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विशेषकर रांची जिसके अगल बगल माइनिंग का बहुत बड़ा क्षेत्र स्थित है। खलारी, सिंहभूम समेत अन्य जगहों में तब सबसे बड़ा काम होगा तभी बेहतर होगा। माइनिंग फेयर में सबसे बड़ी बात यह है कि रिंग रोड हो या अन्य जगह जो बड़ी बड़ी चीजें काम आती है। रिंग रोड का काम पूरा हो गया। अब आउटर रिंग रोड बनेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखकर दिया है। आउटर रिंग रोड बनेगा उसमें बड़ी बड़ी विकास कार्यों के इन्फ्रास्ट्रक्चर में उसके आधुनिकीकरण में उपयोग होगा। विशिष्ठ अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांजी ने कहा कि झारखंड ऐसा प्रदेश है जहां कोयला, लोहा, बॉक्साइट समेत तमाम तरह के खनिज संपदा पाए जाते है। लेकिन सबसे नीचे पायदान में रहने वाला राज्य हमारा झारखण्ड है। सीएम हेमन्त सोरेन का मानना है कि झारखंड की सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। इसे आगे बढ़ाना है। ऐसे आयोजनों से झारखण्ड वासी जागरूक होंगे और खनिज संपदा के प्रति रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कोयला के बंद खदानों का मत्स्य पालन समेत अन्य कार्य करके रोजगार के अवसर पैदा किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र में विजय छापरिया ने स्वागत भाषण दिया। धन्यवाद महामंत्री विजय मेवाड़ ने दिया। मौके पर ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी, संयोजक सत्य प्रकाश पांडेय, जेएमएम के फरीद खान, धर्मेंद्र सिंह, नंद किशोर चंदेल, विनोद अग्रवाल, नीतू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है।।इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। आम जनता भी शो में शामिल हो सकते हैं। तीन दिवसीय माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे।

**कामकाजी महिलाएं करती हैं कई समस्याओं का मुकाबला**

# ऑटो के सफर में असभ्य-अशिष्ट व्यवहार का करना पड़ता है सामना

**कितनी सुरक्षित आधी आबादी?**

**काजल मेहता**

**रांची।** झारखंड प्रकृति की गोद में बसा एक सुंदर प्रदेश है। यहां का सुहावना मौसम लोगों को आकर्षित करता है। यह अन्य राज्यों की तुलना में एक शांत प्रदेश है। इसकी राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था संभालती महिला पुलिसकर्मी हों, या अन्य कामकाजी महिलाएं, यह वर्ग झारखंड की छवि को और भी निखारता है। पर, क्या यहां की महिलाएं वास्तव में अपने को सुरक्षित महसूस करती हैं? यह प्रश्न सभी के मन में उठता है और इसका उत्तर पाने के लिए संवाददाता ने कुछ कामकाजी महिलाओं से बात की। राष्ट्रीय नवीन मेल ने कामकाजी महिलाओं से यह जानने की कोशिश की कि घर से निकलने के बाद उन्हें किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस प्रयास में सुरक्षा पर सवाल उठाने लायक कई तथ्य सामने आए। हमने अलग-अलग क्षेत्रों में नौकरी करने वाली महिलाओं से बात की, जैसे सेल्स, घर का काम करने वाली महिलाएं, पत्रकार, महिला पुलिस कर्मी, महिला ऑटो चालक, विद्यार्थी, दुकान चलाने वाली महिला आदि। जिनसे बात की गई, उन सभी महिलाओं ने सड़क से लेकर अपने घर तक, और घर से लेकर कार्यस्थल तक होने वाली परेशानियों को हमसे साझा किया। इसमें यह बात सामने आई कि सभी महिलाएं एक परेशानी का समान रूप से सामना करती हैं। और, यह परेशानी है सार्वजनिक परिवहन ऑटो रिक्शा में सफर के दौरान पुरुष के असभ्य और अशिष्ट व्यवहार का सामना करना। राजधानी रांची में लगभग सभी कामकाजी महिलाएं शेयर ऑटो से सफर कर अपने कार्यस्थल पर जाती हैं। शेयर ऑटो से अपने कार्यालय या कार्यस्थल तक जाने वाली महिलाओं ने कहा कि ऑटो से सफर करते वक्त पुरुष जान-बूझकर महिला के शरीर को स्पर्श करने की कोशिश करते हैं। अगर ऑटो में दो-चार लड़के बैठे हों, तो वे बैठी महिलाओं के प्रति आपस में गंदे कमेंट्स करते हैं। ऑटो चालक चार पैसे ज्यादा कमाने के चक्कर में महिलाओं की बगल वाली सीट पर भी पुरुष सवारी को बैठा देते हैं, इससे महिलाओं को मुश्किल का सामना करना पड़ता है। वैसे, कई बार महिलाएं इसका विरोध करती हैं, लेकिन बहस का कुछ खास असर नहीं होता। इस मुद्दे पर संवाददाता ने कई महिलाओं से बात की। शेयर ऑटो से कविता कुमारी कांके से कडरु तक सफर करती हैं। वहीं, प्रियंका कुमारी डोरंडा से कडरू तक सफर करती हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी के हर इलाके में 500-500 मीटर की दूरी पर महिला और पुरुष पुलिस कर्मी को तैनात किया जाना चाहिए।

### अपने गली-मुहल्लों में कितनी सुरक्षित?



**अकेली दुकान चलाने वाली महिलाएं शाम होते ही लौट जाती हैं घर**

कामकाजी महिलाएं, गृहणियां या स्कूल कॉलेज जाने वाली छात्राएं, अपने ही गली-मुहल्लों में कितनी सुरक्षित हैं, यह भी यक्ष प्रश्न की खड़ा है, जिसका उत्तर दिए बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। इस विषय पर भी कई महिलाओं से बात की गई। इनमें से एक मीनू हैं। वे कामकाजी महिला हैं। मीनू कडरू क्षेत्र की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि शाम में मुहल्ले में नशे में धुत युवकों की झुंड घूमते रहता है। कहीं युवक धुम्रपान कर रहे होते हैं, तो कहीं लड़कियों पर कमेंट कर रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण कडरू इलाके से गुजरने वाली महिलाओं के मन में काफी भय का माहौल रहता है।

एक बड़ा वर्ग अकेली दुकान चलाने वाली महिलाओं का भी है। जो महिलाएं किसी स्थान पर अकेली दुकान चलाती हैं, उन्हें भी अपने इलाके में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक सुष्मिता हैं, जो हरमू में रहती हैं। सुष्मिता का हरमू में ही एक ग्रोसरी शॉप (किराने की दुकान) है। वे दिन में 10:00 बजे दुकान खोलती हैं और रात में करीब 09:30 बजे दुकान बंद कर देती हैं। हालांकि, सुष्मिता अपनी दुकान में सिर्फ 07:00 बजे शाम तक ही रहती हैं। इस संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि शाम के बाद उस इलाके में शराब के नशे में धुत लोगों का आना-जाना शुरू हो जाता है। मुहल्ले के अन्य दुकानदारों से जब बात की गई, तो उन्होंने बताया कि शाम के वक्त इस इलाके में पुलिस की पेट्रोलिंग नहीं होती है। और, न ही इस इलाके में पुलिस जवानों की तैनाती ही होती है।

### हेल्पलाइन नंबर 112 से तुरंत मिलेगी सहायता

**संवाददाता ने महिला हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर यह भी जानने की कोशिश की कि कितने समय में किसी भी शिकायत पर एक्शन लिया जाता है। हेल्पलाइन नंबर द्वारा बताया गया कि अगर परेशानी में फंसी कोई भी महिला जगह और अपनी स्थिति की जानकारी देती हैं, तो तुरंत उस क्षेत्र के थाना में सूचना दी जाती है। इसके बाद थाना त्वरित कार्रवाई करते हुए उस महिला तक सहायता पहुंचाती है। बताया गया कि किसी भी परेशानी में फंसी महिला की समस्या का निराकरण हेल्पलाइन के जरिये किया जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में, कोई भी परेशानी में फंसी महिलाओं द्वारा यदि हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क किया जाएगा, तो हेल्पलाइन द्वारा जल्द से जल्द सुरक्षा और सुविधा पहुंचा दी जाएगी।**

## पीएम विश्वकर्मा : कारीगरों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने आचार्य चाणक्य कौशल विकास योजना और पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्ट-अप योजना की शुरूआत की। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और ऋण वितरित किए और पीएम विश्वकर्मा के तहत एक वर्ष की प्रगति को चिह्नित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेहल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन लाइव सुना गया। इस मौके पर कारीगरों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योजना से जुड़े शिल्पकारों को सम्मानित किया। उनकी गतिविधियों को देखा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी योजना है, जिसके माध्यम से प्राचीन शिल्पकारों के कौशल को फिर से नई पहचान दिलाने की दिशा में कार्य चल रहा है और उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# फूड एक्सपो में 'मिलेट्स ऑफ झारखंड : अनलॉकिंग द ग्रोथ पोटेंशियल' पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** देश का सबसे बड़ा फूड एक्सपो वर्ल्ड फूड इंडिया दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें झारखण्ड सहभागी राज्य है। उद्योग विभाग द्वारा झारखण्ड पवेलियन बनाया गया है जहां के स्टॉल में झारखण्ड में उत्पादित फूड प्रोडक्ट को प्रदर्शित सह बिक्री किया जा रहा है।

**मिल्लेट्स फूड उत्पादन में अग्रणी रहा है झारखंड :** झारखण्ड प्रदेश मिल्लेट्स फूड उत्पादन में अग्रणी प्रदेश रहा है। सेशन का केंद्र टैपिंग द अनटेप्ड फूड प्रोसेसिंग ऑपेरच्युनिटी और अंतः क्षेप मिल्लेट्स ऑफ झारखण्ड- अनलॉकिंग द ग्रोथ पोटेंशियल थो पैनेलिस्ट उद्योग सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह, सचिव एग्रीकल्चर, एनिमल हस्बेंडरी एंड कॉपरेटिव डॉ अबूबकर सिद्दीकी, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, अरुणा तिर्की फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर अजाम अम्बा प्राइवेट लिमिटेड और मनीष पियूष को-फाउंडर पुरेश डेरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड और मध्यस्थता हिमांशु रतन (पार्टनर फूड, अग्रि एंड अलाइड सर्विसेज के पि एम् जी इंडिया सर्विसेज ने मिल्लेट्स के उत्पादन, अर्थव्यवस्था में भागीदारी, नवीनीकरण, नए उद्यमियों के लिए संभावित स्थिति पर अपने अपने विचार साझा किये।

**झारखण्ड पवेलियन में प्रदर्शनी, बिक्री के साथ साथ कई निवेशक भी ले रहे है हिस्सा**

सेशन में कई कंपनी के सीईओ, कंपनी के प्रतिनिधि और अन्य लोगो ने भाग लियो सेशन में लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी बताये गए। झारखण्ड पवेलियन में प्रदर्शनी, बिक्री के साथ साथ कई निवेशक भी आ रहे हैं, जिसमें विस्टा फूड्स, अमूल, फूड चैन आईडी, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, गुजरात सरकार और कई अन्य कंपनी ने झारखण्ड में निवेश करने में रूचि जताई। झारखण्ड उद्योग विभाग ने हाल ही में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने के लिए झारखण्ड फूड एंड फीड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पॉलिसी 2024 लांच की है।

# कृषि के विकास के लिए किए जा रहे हैं कई कार्य : राष्ट्रपति मुर्मू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार राष्ट्रपति ने कहा कि जो सब्जी उत्पादन करते हैं लेकिन उसके बाद सब्जी खराब हो जाती है। इस लिए अधिकारियों से निवेदन है कि कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाए। आज का दौर विश्व रुपी का है परंतु दुष्परिणाम से बचना है। अभी भी कई क्षेत्र है, जहां हम आगे जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सप्लाई चेन, बाजार की व्यवस्था करने से किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है। कृषि के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण की व्यवस्था की है। पीएम किसान निधि से लाभ दिया जा रहा है।

**पशुपालन से होगा छोटे किसानों को लाभ :** उन्होंने कहा कि किसान आज भी गरीबी में जी रहे हैं। उन्होंने मधुमक्खी, पशुपालन से विकास, गांवों में छोटे उद्योगों से किसानों को लाभ होगा। कई वेस्ट चीजें फेंक देते हैं जिससे भी हम प्रसंस्करण कर लाभ ले सकते हैं। देश के साथ विदेशों में भी कृषि उत्पादन में पैंठ होनी चाहिए। संस्थान को अन्य संस्थानों से मिलकर काम करना चाहिए।

**अपने राज्यपाल के कार्यकाल को किया याद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने राज्यपाल के दिनों को याद करते हुए बोला कि जब मैं पलामू गई थी तो वहां मुझे बताया गया कि पलाश, लाख एवं महुवा के नाम पर पलामू का काम रखा गया है। लाख का 55 प्रतिशत उत्पादन होता है जो जनजातीय समुदाय के द्वारा जाता है। लाख आधारित विकास को बढ़ावा दिया जाता है। जीवन यापन को सुधारने में लाभकारी है। किसानों एवं उद्यमियों के समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि झारखंड से प्रस्थान के क्रम में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने द्रौपदी मुर्मु को स्मृति चिह्न भेंट किया।

## लखपति क्यों, करोड़पति बन सकती हैं दीदियां : हेमंत सोरेन



**रांची।** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज दीदियों को लखपति दीदी बनाने की बात हो रही है। लेकिन मेरा कहना है कि लखपति दीदी क्यों? वे करोड़पति दीदी क्यों नहीं बन सकती हैं। दीदियों में करोड़पति दीदी बनने की पूरी क्षमता और सामर्थ्य है। सिर्फ इसके लिए बेहतर नीति निर्धारण की जरूरत है।

**किसानों को बिचौलियों से बचाना है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों का खेती से बाजार तक का जो सफर है उसमें बिचौलियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। लेकिन, दुर्भाग्य से देश में बिचौलियों एक ऐसा शक्तिशाली जमात है जो किसानों की मेहनत और गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अपनी जेब में ले जाता है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें बिचौलियों से हर हाल में निजात दिलाना होगा।

**किसानों को वैकल्पिक खेती से जोड़ने की हो रही पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा आज पर्यावरण में बदलाव की वजह से मौसम में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी कम बारिश होती है तो कभी ज्यादा तो कभी सुखाड़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इसका सबसे ज्यादा प्रभावित किसान होते हैं। उनकी परंपरागत खेती पर इसका सीधा असर दिखाता है। ऐसे में किसानों को आज वैकल्पिक खेती के लिए राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में हमारी सरकार लगातार कार्य करती आ रही है, ताकि किसानों को हम आगे ले जा सकें। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### राजनाथ सिंह आज परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 21 सितंबर को करेंगे। श्री सिंह सुबह 9:30 बजे विशेष विमान से रांची आएंगे। वहां से ईटखोरी के लिए प्रस्थान करेंगे। वे भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वहां से ईटखोरी हाई स्कूल मैदान के लिए रवाना होंगे। श्री सिंह 11:00 बजे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह 2:00 बजे गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी स्थित बंशीधर मंदिर में पूजा करेंगे। इसके बाद नगर उंटारी के सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित सभा को संबोधित कर पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

### चैंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा आज

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 60वीं वार्षिक आमसभा शनिवार 21 सितंबर को चैंबर भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित है। आमसभा में माननीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी शामिल होंगी।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर की वार्षिक आमसभा हमारी गतिविधियों का केंद्रबिंदु है। इस अवसर पर हमें पूरे झारखण्ड के अग्रणी उद्योगपति, व्यवसायी व प्रोफेशनल्स के अलावा प्रमुख विशिष्टजनों की उपस्थिति का अवसर प्राप्त होगा। चैंबर की स्थापना से अब तक पिछले 64 वर्षों से फेडरेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने की दिशा में माननीय पूर्व अध्यक्षों ने तत्कालीन परिवेश के अनुसार बेहतरी के कई प्रयास किये हैं। वर्तमान सत्र में हमने भी इस प्रयास को आगे बढाया गया है।

### रीमिक्स जल प्रपात में डूबने से किशोर की मौत

**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत रीमिक्स जल प्रपात में गुरुवार को एक किशोर के डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हेहल रांची निवासी सुरेश कच्छप के 17 वर्षीय पुत्र लकी मनी कच्छप के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार लकीमनी कच्छप गुरुवार को अपने चार अन्य दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने आया था। बताया गया कि रीमिक्स फॉल में सभी दोस्त नहाने लगे। इसी दौरान लकी का पैर फिसल गया और वह फॉल के गहरे पानी में जाकर डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर मारंगहादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से देर शाम उसके शव को फॉल के गहरे पानी से ढूंढ कर बाहर निकाला गया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल खूंटी में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## सीएम हेमंत सोरेन ने झामुमो के कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले

# झारखंड में मंडरा रहे भाजपा के षड्यंत्रकारियों को देना है जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लेने का आह्वान कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कोल्हान और पलामू प्रमंडल से रांची आए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत के साथ जुट जाने का टास्क दिया। सीएम सोरेन ने सोहराई भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भाजपा के राजनीतिक षड्यंत्रकारी झारखंड में मंडरा रहे हैं, इनके षड्यंत्र का जवाब देना है। झामुमो कार्यकर्ता कमर की पेटी बांध लें। मुख्यमंत्री हेमंत ने राज्य की समृद्ध विरासत का हवाला देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड वीरों और क्रांतिकारियों की माटी है। हमें मिलकर भाजपा के दुष्प्रचार का जवाब देना है। भाजपा के झूठ और फरेब तथा समाज तोड़ने के षड्यंत्र का मिलकर मुंहतोड़ जवाब देना है। सीएम सोरेन ने कहा कि हमें इन्हें याद दिलाना है कि जब-जब झारखंड को झुकाने का प्रयास किया गया है, तब-तब अपने वीर पुरखों की शहादत एवं दिशोम गुरु और उनके असंख्य क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में अबुआ सरकार ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब दिया है। एजेंसियों से लड़ते हुए हर वर्ग को अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया है। कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके इस बेटे-भाई के नेतृत्व में अबुआ सरकार ने राज्य की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों को मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ हक-अधिकार देने का काम किया है। यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि भाजपा के इन षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए कमर की पेटी बांध लीजिए। इसका वक्त आ गया है।

### झामुमो शुरू करेगा मंईयां सम्मान यात्रा, कल्पना करेंगी नेतृत्व



झामुमो मंईयां सम्मान यात्रा आरंभ करेगा। कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में इसकी भी रणनीति बनाई गई। यात्रा पूरे राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेगी। यात्रा आरंभ होने की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। यात्रा की कमान विधायक कल्पना सोरेन समेत पार्टी की महिला नेत्रियों के हाथों में होगी। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि प्रस्तावित यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के सुझाव लिए गए हैं। इसका रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। पहले पलामू उसके बाद कोल्हान में झामुमो मंईयां सम्मान यात्रा निकलेगी।

### भाजपा बताए, उन्होंने कितनी जेपीएससी परीक्षाएं करवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा विरोधी भाजपा ने बाहरी लोगों के साथ मिलकर झारखंडी युवाओं के लिए बनाए गए नियोजन नीति को पीछे के दरवाजे से रद्द करवाने का घृणित काम किया था। उसके बावजूद जेपीएससी और जेएसएससी के तहत हजारों पदों पर झारखंडी युवाओं को नियुक्तियां उन्होंने दीं। कई पदों पर 75 फीसदी से 100 फीसदी झारखंडी युवाओं की नियुक्ति हुई। राज्य बनने के बाद कई पदों पर भी पहली बार नियुक्तियां उनकी सरकार ने दी और हजारों नियुक्तियां दे भी रहे हैं। षड्यंत्र, फरेब और झूठ में महारत झारखंडी विरोधी भाजपा बताए उन्होंने क्या किया था, कितनी जेपीएससी परीक्षाएं करवायी थी?



*सीएम हेमंत सोरेन ने रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की मजार पर चादरपोशी कर राज्य की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं अमन-चैन की कामना की।*

### सिल्ली विस स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन सिल्ली विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश साहु के आवास में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक को प्रकाश मुंडा, समसेर आलम, योगेंद्र कोइरी, सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता देवी, अनिल सिंह मुंडा, अजय साहु, सैयद कमर आलम, अक्षय मांझी, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक,रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव नागेश्वर महतो, सुखदेव मुंडा, सोनाहातू प्रमुख विक्टोरिया देवी सम्बोधित किया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक सुर से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी सिल्ली विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए पुरी तरह से तैयार है और कहा कि कांग्रेस पार्टी को इस बार मौका मिलना चाहिए। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने निर्देश दिया कि पूरे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को अत्यधिक मजबूत बनाने में सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस बैठक में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### यूनियन बैंक में पेंशनर मीट का हुआ आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा में शुक्रवार को शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार के नेतृत्व में पेंशनर मीट सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक ने बताया कि हमारे शाखा में हिंडाल्को, राज्य सरकार और रेलवे के पेंशनर हैं। यह गर्व की बात है कि रांची रीजन में सबसे ज्यादा पेंशनरों की संख्या यूनियन बैंक के मुरी शाखा में है। वहीं समीर लकड़ा एवं रवि राजधन ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वरिष्ठ नागरिकों को बैंक के द्वारा दी जाने वाली सारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा वर्तमान समय में साइबर वालों के द्वारा किस तरीके से फ्रॉड किया जा रहा है और उससे बचाव के तरीके भी बताए गए। 15जी और 15एच को भरना क्यों आवश्यक है इसकी भी व्याख्या आसान शब्दों में किया गया साथ ही साथ नवंबर महीने में लाइफ सर्टिफिकेट भरने की महत्व को भी समझाया गया।

#### करमा व इंद जतरा मिलन समारोह का आयोजन

### 'कुड़ूख व मुंडारी भाषा को भी 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाए'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बेड़ो डुमरटोली स्थित तेला टिकरा बेड़ो में इंद जतरा समिति डुमर टोली के तत्वावधान में 19 वां वार्षिक करम एवं इन्द जतरा मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर फगुआ भगत के नेतृत्व वाली देवगांव आदिवासी लोकनृत्य दल, करमचंद भगत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की टीम, कईली दई कुडुख विद्यालय मनखा मुंडा, करंज टोली बेड़ो, गढ़गांव, भरनो, चचगुरा महुगांव नावाटोली सहित अलग अलग खोड़हा नृत्य दलों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीडीसी सह मांडर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत एवं डोरंडा कॉलेज की इतिहास विभाग की डॉ. मंजू मिंज शामिल हुए। डॉ. परमेश्वर भगत ने कहा कि झारखंड में आदिवासी छले जा रहे हैं जल जंगल जमीन की सुरक्षा पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। जंगल दिन ब दिन माफियाओं के द्वारा उजाड़ा जा रहा है। जमीन पर बाहरियों का कब्जा बढ़ते जा रहा है। हमें अपनी नदी से आवास निर्माण हेतु बालू उठाने में भी भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### सीएम से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम, महासचिव राहुल कुमार तथा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य रिंकू कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त रूप से उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन तथा अन्य लंबित मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकार की ओर से पहल किए जाने का अनुरोध किया तथा मुख्यमंत्री को सदस्यों की भावनाओं से अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे संघ के साथ है। राज्य सरकार इस दिशा में बहुत तेजी से काम कर रही है। झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की लंबित मांगों पर राज्य सरकार की ओर से सहानुभूति पूर्वक यथोचित विचार किया जाएगा।

### रांची विवि माई भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टीट्यूशन हुआ ऑनबोर्ड

**रांची।** माई भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टिट्यूशन में राँची विश्वविद्यालय आज ऑनबोर्ड हो गया। राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि माई भारत पोर्टल के नॉलेज इंस्टिट्यूशन में आरयू के ऑनबोर्ड हो जाने से झारखण्ड के अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में पहला विश्वविद्यालय बन गया। उन्होंने कहा कि आरयू के अंतर्गत सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभाग भी बहुत जल्दी ऑनबोर्ड हो जाएंगे एवं अभी तक आरयू के लगभग 4500 से ज्यादा एनएसएस से जुड़े छात्र छात्राओं ने माई भारत में पंजीकृत करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आरयू के ऑनबोर्ड हो जाने से हमारा प्रयास होगा कि यहाँ के अधिकतर छात्र छात्राएं माई भारत में पंजीकृत हो जाए। आरयू के ऑनबोर्ड हो जाने पर आरयू के डीएस डब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलानुशासक डॉ मुकुन्द चंद्र मेहता, कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण, सीसीडीसी डॉ पी के झा, डीआर डॉ प्रीतम कुमार, डॉ बी के सिन्हा, वोकेशनल कोर्सेज की उप निदेशक डॉ स्मृति सिंह, एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार सहित कई पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

### 5 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**चान्हो।** प्रखंड के लुंडरी पंचायत सचिवालय मैदान में संगम क्लब लुंडरी के तत्वाधान में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन शुक्रवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव और चान्हो थाना के एसआई हरी राम ने किया। इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीमें भाग लिया है। उद्घाटन मैच हिमालय ब्रदर्स हिरनी फॉल बनाम एम टी बॉयज के बीच में खेला गया। हिमालय ब्रदर्स हिरनी फॉल ने पेनाल्टी में एक गोल की बढ़त बना कर जीत दर्ज की। मौके पर शिव उरांव कहा कि किसी भी प्रकार का खेल समाज को एक साथ जोड़ने तथा भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करता रहता है। मौके पर नीलम उरांव, सीटू उरांव, मेहरुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, हैदर अंसारी, भीम सिंह,मंसूर अंसारी समेत सैंकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

### कुएं की मुंडेर तोड़ लोहे का रेल ले गए चोर

**खलारी:** खलारी में लोहा चोरों का दुस्साहस बढ़ गया है। क्षेत्र में घूम घूमकर लोहा चोर रेकी करते रहते हैं और समय मिलते ही किसी भी तरह के लोहे को चुरा ले जाते हैं। श्री जानकीरमन मंदिर खलारी से डीएवी स्कूल की ओर जाने के रास्ते में काफी पुराना कुआं है। तत्कालीन एसीसी कंपनी कालोनी में रहने वाले कामगारों को पीने का पानी इसी कुएं से सप्लाई करती थी। कुएं के पानी को सुरक्षित रखने के लिए कुएं को जाली से ढका गया था। जाली रखने के लिए कुएं के उपर लोहे का रेल लगाया गया था। जाली तो काफी पहले ही चोरी हो चुकी थी। लोहे का रेल कुएं के मुंडेर के नीचे था इसलिए बचा हुआ था। परंतु चोरों ने कुएं के मुंडेर को ही तोड़ डाला और लोहे का रेल ले गए। मुंडेर टूट जाने से वहां लगे अन्य रेल भी असुरक्षित हो गए हैं।

### भारथी ग्रुप में फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इस्टीट्यूशन में शुक्रवार को फैकल्टी डेवेलप्मेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय नर्सिंग रिसर्च : मेथॉड्स ऑफ कॉम्युनिकेशन एन्ड फॉर्मेट ऑफ डीजर्टेशन राइटिंग था। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ सुधा देवी एमके द्वारा नर्सिंग रिसर्च के मुख्य विषय पर विभिन्न कॉलेजों के व्याख्याताओं को ज्ञानान्वित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, अंजेला गाड़ी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, पुनम मिंज, क्रिसटिना किस्कु, प्रीतम कुमार सिन्हा,अर्पणा कुमारी, शशिभूषण जायसवाल, मनीषा सोनी ,ज्योति आईंद, एम०डी० अफरोज, तुलसी दास समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे।

### स्वच्छता हमारी जीवन शैली का प्रमुख हिस्सा बने : डॉ ब्रजेश

*स्वच्छता अपनाकर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं : डॉ सीपी महतो*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में आर यू की एनएसएस इकाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के चौथे दिवस के अवसर पर स्वच्छता संगोष्ठी सह शपथ कार्यक्रम विश्वविद्यालय भूगर्भ शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में भूगर्भ शास्त्र विभाग के सभागार मे आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन शैली का प्रमुख हिस्सा बनानी चाहिए एवं स्वच्छता को सेवा भाव से कार्य कर समाज मे सकारात्मकता लानी चाहिए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रसाद महतो ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वयं से शुरूआत कर अन्य को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी को एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ किशोर सुरीन, डॉ तारकेश्वर सिंह मुंडा, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ शिल्पी आभा खलखो ने भी संबोधित किया।

# जनता नहीं चाहती है, तो नहीं बनेगी सेंट्रल लाइब्रेरी : कोचे मुंडा

*तोरपा के ऐतिहासिक श्रीजगन्नाथ मंदिर के सामने बन रहे केंद्रीय पुस्तकालय का विरोध*

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कोटेंगसेरा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर के सामने बनने वाले केंद्रीय पुस्तकालय को किसी भी हाल में बनने नहीं दिया जायेगा। यह कहना था स्थानीय नागरिकों का। उनका कहना था कि यह मंदिर पाच सौ साल से भी पुराना है और सदियों से वहां रथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। यदि सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण हो जाता है, तो मंदिर का अस्तित्व पर संकट आ जायेगा। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक कोचे मुंडा शुक्रवार की शाम को निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। ग्रामीणों की बात सुनकर विधायक ने कहा कि यदि जनता नहीं चाहती है, तो पुस्तकालय का निर्माण नहीं होगा। विधायक ने कहा कि जिस स्थान पर पुस्तकालय का निर्माण कराया जायेगा, वो किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। वहां पुस्तकालय का निर्माण हो जायेगा, तो रथ यात्रा कहां से निकलेगी और मेला कहां लगेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शुरू करने के पहले प्रशासन को सभी पहलुओं से अवगत होना चाहिए लेकिन किसी अधिकारी ने स्थल तक का निरीक्षण नहीं किया और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद ठेकेदार द्वारा काम शुरू कर दिया गया।

### विकास में पूरा योगदान देंगे खलारी प्रखंड के मुखिया

**खलारी।** खलारी प्रखंड मुखिया संघ स्थापना का दूसरा वर्षगांठ मनाया गया। बुकबुका पंचायत भवन में प्रखंड के सभी मुखिया ने संयुक्त रूप से केक काटकर दूसरा वर्षगांठ मनाया। कहा गया कि मुखिया संघ के माध्यम से सभी पंचायत के मुखिया एक प्लेटफार्म पर एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर खलारी प्रखंड के सभी पंचायत में विकास को गति देने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी तरह आगे भी सभी मुखिया पंचायत के विकास के लिए एवं प्रखंड के विकास में अपनी पूरी सहभागिता निभाएंगे।

# भाजपा की सरकार आई, तो स्थापित होंगे रोजगार के साधन : अजमेरा

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग/कटकमसांडी।** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने कटकमसांडी क्षेत्र का सघन दौरा किया। इसमें कंडसार की हरिजन बस्ती, बरगद्दा पंचायत, सरूगुरु कला माली टोला, डांड पंचायत के पिचरी सहित प्रखंड के कई अन्य इलाके शामिल हैं। इस दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेता राकेश कुमार की निवास स्थान पर चाय पर विशेष चर्चा किया। साथ ही स्थानीय लोगों से शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर विभिन्न विषयों पर वार्तालाप किया। हर पंचायत के स्थानीय लोगों ने श्री अजमेरा का आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। युवा साथियों से संवाद करते हुए अजमेरा ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि भाजपा की सरकार आई, तो युवाओं के लिए रोजगार का साधन अवश्य स्थापित किया जाएगा जिससे युवाओं को अपने शहर से बाहर नहीं जाना होगा। हर्ष अजमेरा ने महिलाओं के समक्ष आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया, साथ ही उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिनसे वे लाभान्वित हो सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने का वादा भी किया। इसके अलावा भाजपा के कार्यकर्ताओं के घर पर चाय पर चर्चा की। इस दौरान स्थानीय मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। हर्ष अजमेरा ने क्षेत्र की महिलाओं के लिए दारी देने का भी वादा किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की क्षेत्र की महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।




भाजपा का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे अपने परिवार की आय में सहयोग कर सकें। हमने क्षेत्र की महिलाओं को दारी देने का वादा किया है, जिससे महिला समूह के माध्यम से कार्य पूरी रूप से किया जा सकें। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के घर पर हुई चर्चा का भी उल्लेख किया, जिसमें स्थानीय समस्याओं पर चर्चा किया गया है। हर्ष अजमेरा ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि कटकमसांडी की महिलाएं इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर अपने परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगी।



# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता

▸ अभ्यर्थी अपने साथ वैध पहचान पत्र अवश्य रखें तथा आयोग के सभी दिशानिर्देशों का पालन करें : उपायुक्त

**हजारीबाग।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21 एवं 22 सितंबर को आयोजित होने वाले जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफ़ल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए श्रीमती नैंसी सहाय ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निदेशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हज़ारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केन्द्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पु0अ0नि0/स0अ0नि0 के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल/गृहरक्षक की तैनाती की गईं है। वही गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पु0अ0नि0/स0अ0नि0 स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी एवं 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 के तहत् निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

# न्यूज बॉक्स

## इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने मोचियों के बीच छाते का वितरण किया




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा मोचियों के बीच छाता का वितरण किया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा शहर के सुभाष चौक,बिजुलिया,बस स्टैंड में मोचियों के बीच छाता का वितरण किया गया ताकि वे धूप और बारिश से बच सकें और उनको काम करने मे सहुलियत हो। मौके पर क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार,जसप्रीत सोनी,रंजू अरोड़ा, नवलजीत कौर, श्वेता जैन,ममता अग्रवाल,नीरू साहनी जसविंदर कौर मौजूद थीं।

## दस्त-पेट दर्द के लक्षण के साथ बरही के एक परिवार के पांच लोग अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी

▸ बरही के पूर्व विधायक की पहल पर सांसद मनीष जायसवाल ने की त्वरित कार्रवाई
▸ तत्काल अपने प्रतिनिधि को अस्पताल भेजकर जाना कुशलक्षेम

**हजारीबाग।** पिछले कुछ दिनों के लागातार बारिश होने के बाद से डायरिया/ दस्त और वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बरही प्रखंड के ग्राम सिंहपुर में एक ही परिवार के पांच जन डायरिया के प्रकोप के कारण हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाजरत हैं। जिसमें 39 साल के प्रकाश यादव, उनके भाई 31 साल के विनोद कुमार यादव, महिला कलावती देवी और मासूम बच्चे आयुष कुमार और आनवी कुमारी शामिल हैं। सभी के पेट में दर्द के साथ दस्त की शिकायत के बाद यहां इलाजरत हैं। बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के सूचना पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संज्ञान लेते हुए तत्काल अपने मिडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजकर पीड़ित बीमार परिवार के सभी सदस्यों को सहयोग का निर्देश दिया था। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल में इलाजरत लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और ज़रूरी सामग्री उपलब्ध कराया साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रीटेंडेट से इनके बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। रंजन चौधरी ने हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ।एस।पी।सिंह से इस इलाके में मेडिकल टीम भेजने के साथ ही डीडीटी और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव कराने का भी आग्रह किया था।

## अनुप्रिया फाउंडेशन के सौजन्य से 100 केवी ट्रांसफार्मर का अनुप्रिया साव ने किया उद्घाटन

**हजारीबाग।** अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापक अनुप्रिया साव ने कटकमदाग प्रखंड के ग्राम कुंडीलबागी के ग्रामवासियों को 100 केवी ट्रांसफार्मर की सौगात देकर उनकी बिजली संबंधित समस्या को दूर किया। ट्रांसफार्मर के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अनुप्रिया साव ने कहा कि आजकल की तकनीकी दुनिया में हर गांव को बुनियादी सुविधाओं को लाभ मिलना चाहिए, जिसमें बिजली तो अति महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में आता है। जब भी मैं हजारीबाग जिले के किसी भी गांव, गली या मोहल्ले में लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित देखती हूं फिर मेरा अंतर्मन तब तक शांति की अनुभूति नहीं करता जब तक वो समस्या सुविधाओं में ना बदल जाए। मुझे लोक सेवा की प्रेरणा अपने पिताजी से प्राप्त हुआ है और जीवन पर्यंत मैं लोगों की सेवा करते रहना चाहती हूं। कुंडीलबागी के ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनुप्रिया साव व अनुप्रिया फाउंडेशन के सभी सदस्यों को साधुवाद व आभार प्रकट किया। लोगों का मानना अनुप्रिया फाउंडेशन अपने नायाब इरादे और नेक कोशिशें के लिए जाना जाता है।

## मेधावी फाउंडेशन में विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाई गई वर्षगांठ

**हजारीबाग।** पीएम विश्वकर्मा योजना का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर शहर के हुरहुरू स्थित मेधावी फाउंडेशन मे दिन शुक्रवार को वर्षांगाठ मनाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुंबई से ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यहां उपस्थित गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने विश्वकर्मा योजना से संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को सघनता पूर्वक सुना। जिसका मुख्य कार्यक्रम वर्धा (महाराष्ट्र) में अयोजित की गई। 1 लाख लाभार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके साथ 75 हजार लॉन स्वकृत मिला। पुरे देश भर से 550 संस्थान ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने विश्वकर्मा योजना से लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर हौसला बढाया।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत जन शिक्षण संस्थान, हजारीबाग के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत केरेडारी प्रखण्ड के तहत नवाखाप पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुखिया कौलेश्वर महतो, प्रधानाचार्य बिनोद कुमार, निदेशक जन शिक्षण संस्थान, हजारीबाग रवीश कुमार एवं विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के तहत सबों ने विद्यालय परिषर में एक एक पेड़ लगाया तथा उपस्थित क्षात्र - क्षात्राओं को पेड़ से होने वाले फायदों से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रकृति में संतुलन बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे मदद करते हैं, पेड़ वायु को शुध्द बनाये रखने में मदद करता है। मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करता है, पेड़ से हमें फल, लकड़ी, छाँव, औषधि, कागज जैसी अनेक चीजे मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सबों ने स्वच्छ रहने एवं गंदगी न फैलाने की प्रतिज्ञा ली।

# अटल विचार मंच के संगठन विस्तार के लिए यशवंत से मिले संजीव आचार्य



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व वित्त विदेश मंत्री सह पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा अटल भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जमशेदपुर से चलकर संजीव आचार्या केंद्रीय महामंत्री सह भा। ज। मो। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र संघ के साथ जमशेदपुर की प्रसिद्ध समाजसेवी आयशा खान, समाजसेवी तिलेश्वर प्रजापति, समाज सेवी अभिषेक शर्मा एवं लकी खान के साथ दर्जनों लोग ने मुलाकात किया। इस क्रम में संजीव आचार्या ने यशवंत सिन्हा को जमशेदपुर में आकर अटल विचार मंच के संगठन का विस्तार करने का निमंत्रण दिया जिसे यशवंत सिन्हा ने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही जमशेदपुर आकर संगठन के विस्तार का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संजीव आचार्या ने कहा कि अटल जी के विचारों से प्रेरित होकर यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में जमशेदपुर क्षेत्र के हजारों नौजवान अटल विचार मंच से जुड़ने को तैयार हैं।उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## सीएचसी में किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में शुक्रवार को किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज की अध्यक्षता में की गई।वहीं कार्यक्रम का संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया।इस दौरान बीटीटी ने उपस्थित किशोरी एवं किशोर को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया ।उन्होंने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, उद्देश्य एवं सात कंपोनेंट के बारे में लोगों को जानकारी दी।वहीं चिकित्सा प्रभारी द्वारा सभी 40 किशोरी को सेनेटरी नैपकिन पैड दिया गया। मौके पर 70 किशोर एवं किशोरी उपस्थित हुए।कार्यक्रम में बीपीएम रंजीत कुमार, भावेश सिंह, लिपिक सोनी रविदास, फैमिली वर्कर विशाल कुमार ,हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार ,बीटीटी नरोत्तम कुमार खुशबू कुमारी, लक्ष्मी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# विस चुनाव में हजारीबाग से कांग्रेस का मजबूत चेहरा बने मुन्ना सिंह

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, हजारीबाग के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस की लोकसभा पर्यवेक्षक छाया वर्मा से कांग्रेस कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने हजारीबाग विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश की और संगठन की मजबूती के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। मुन्ना सिंह ने पार्टी की नीतियों और संगठनात्मक ढांचे पर बात करते हुए कहा, हजारीबाग में कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति और पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता हमें इस चुनाव में एक मजबूत स्थिति में खड़ा करती है। मैं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभारी हूं, जिनके सहयोग से हम आगामी चुनाव में मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं। मुन्ना सिंह के साथ उनके कई समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे, जो पूरे उत्साह और जोश के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने मुन्ना सिंह के प्रति अपना समर्थन जताया और चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संकल्प लिया। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, कांग्रेस प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक राज़, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, उपाध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, सचिव मनिशा टोप्पो, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पप्पू यादव, रितेश तिवारी, शारदा रंजन दुबे, रेणु देवी , अनुप्रिया साव , विनोद कुशवाहा, बाबर ख़ान, सिडी सिंह , विनोद कुशवाहा, कटकमसाड़ी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्राजापति, सदर प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, दारू प्रखंड , बबलू सिंह, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, शाशी मोहन सिंह , विरेन्द्र सिंह, दरोगा भाई , अर्जुन सिंह, राजु यादव, लाल बिहारी, इत्यादि वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## बड़कीटोला जंगल में जमीन जेहाद, बना दिया कर्बला और कब्रिस्तान

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गयपहाड़ी और उससे सटे बड़कीटोला जंगल में लैंड जिहाद का मामला सामने आया है। यहां एक विशेष समुदाय के द्वारा करीब चार एकड़ वन भूमि पर कर्बला और कब्रिस्तान बना दिया गया है। इस बाबत सलैया निवासी विजय प्रसाद ने सीओ बरकट्ठा को आवेदन देते हुए कारवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक पिछले एक साल से इस क्षेत्र में निर्माण कराए जाने की बात कहीं जा रही है। ग्रामीणों की मानें तो रात के अंधेरे में जंगल में निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरे मामले में वन विभाग ने संज्ञान लिया है और जांच में ग्रामीणों द्वारा बताये गये आरोप को सही पाए जाने की बात सामने आयी है। संभावना जताया जा रहा है कि इस मामले में वन विभाग भी प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। जंगल में कर्बला और कब्रिस्तान बनाए जाने की खबर फैलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे है।

# मेला की जमीन पर भूमाफिया की नजर, न्याय पर अड़े ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बैहरी सखिया शिव मंदिर मेला का जमीन डीसी कोर्ट में तारीख था और इसमें बैहरी, सखिया गुड़वा,ओरिया, सितागड़ा कानी मुंडावर, बिरबीर,चानो ,बेला मुंडावर अमृत नगर, सिंघानी जुलजुल एवं विभिन्न गांव से लगभग 300 महिला पुरुष शामिल हुए। बता दे की बैहरी सखिया शिव मंदिर रामनवमी मेला दुर्गा पूजा मेला व अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम हेतु जमींदार स्वर्गीय गोपाल लाल एवं उनके वंशजो द्वारा दो एकड़ मंदिर दान में दी गई थी। 100 वर्षों के अधिक से इसमें 13 गांव का रामनवमी मेला लगता आ रहा है ,यहां से हजारीबाग में रामनवमी मेला की शुरुआत सर्वप्रथम हुई। रामनवमी इंटरनेशनल है यहां 13 गांव के अलावा हजारीबाग और पूरे झारखंड के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था है ।मंदिर मेला जमीन को पूर्व में मुंशी कोर्ट एसडीओ कोर्ट जिला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट के द्वारा भी दो एकड़ मंदिर जमीन को सही पाया और मजिस्ट्रेट जांच में भी मंदिर जमीन को धर्मीक और सार्वजनिक को सही पाया गया। परंतु 2019 से मंदिर मेला जमीन पर भूमाफियाओं का नजर गया । दो एकड़ मंदिर मेला जमीन का खरीद बिक्री भू माफिया करने लगे ,और मंदिर मेला जमीन को खरीद बिक्री अवैध कब्जा और हड़पने के उद्देश्य से निर्देश ग्रामीण पर एक ही जमीन पर अलग-अलग भूमाफियाओं के द्वारा झूठा वाद चलाया जा रहा है। खरीद बिक्री के खेल में बहुत से भूमिया शामिल है, और सभी वह भूमाफिया के मिली भगत और षडयंत्र कर झूठ वाद चलाया जा रहा है ।

## बरही में 24 सितंबर को यूपी के सीएम करेंगे जनसभा को संबोधित

**बरही ।** भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक का आयोजन बरही ब्लॉक मैदान में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 24 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बरही विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा करना था। बैठक के दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा, झारखंड में बदलाव की लहर चल रही है। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन रैली को लेकर पूरे प्रदेश में जोश और उत्साह है। इसी क्रम में बरही विधानसभा में 24 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आगमन होगा, जो यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करेंगे। इस रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना हमारा संकल्प है।

# कांग्रेस पार्टी किसान मजदूर गरीब मूलवासियों की पार्टी है : डॉ आरसी



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के उपविजेता कांग्रेस नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने सदर विधानसभा के दौरा किए। सालगांव के सभा में डॉ आरसी मेहता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब गुरबो असहाय मजदूर आदिवासी सर्वजाती सर्व धर्म की पार्टी है । पार्टी में सभी का एक सामान अधिकार है, किसानों के हितकारी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है ,की सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज तालाब डैम सिंचाई का साधन दिया जाना लक्ष्य में रखा गया है। किसान का पर्यायवाची शब्द गरीब होता है, जिसे मिटाना मेरा कर्तव्य है । मैं भी एक किसान का बेटा हूं ।सिंघानी मुखिया नारायण कुशवाहा ने कहा की सलगांवा एक कृषि प्रधान पंचायत है । डॉक्टर आरसी मेहता पद में आते हैं तो सोलगावा पकरार लूटा गांव पर इनका विशेष ध्यान रहेगा। डॉ अर्जुन कुशवाहा ने कहा की डॉक्टर मेहता कोरोना काल में हमारे गांव में आए थे, और सहयोग किए थे ।प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष डॉ भुनेश्वर महतो कहा कि झारखंड सरकार की जो सुविधा माताएं वाहनों के दी जा रही है ,उसका लाभ उठाएं एवं पुणः इंडिया गठबंधन को वोट करें। एडवोकेट संजय दास ने कहा निम्न योजनाएं जैसे नौजवान वकीलों को 5000 रुपए प्रति का प्रतिमा देना, सीनियरी वकीलों को 7000 प्रतिमा पेंशन देना, मैंईया सम्मान योजना, अबुवा आवास, सखी सहायता, इत्यादि सैकड़ो योजनाएं हैं । झारखंड वासियों के लिए लाभप्रद है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया शिवनारायण प्रसाद कुशवाहा ,पूर्व मुखिया चारों देवी, इत्यादि लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

# दिल्ली में इंडिया थल सेना कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में गुरुवार को 22 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स जयवीर टुडू और सोनू करमाली के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी , विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा संस्था के संस्थापक स्व राधा देवी एवं स्व गोविंद साह के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम संस्था के सचिव प्रियंका कुमारी ने दोनो कैडेट्स को सीनियर अंडर ऑफिसर रैंक से सम्मानित की साथ ही एमडी आफताब आलम अभिषेक मुंडा और नेहा कुमारी को अंडर ऑफिसर रैंक, काजल कुमारी ,झमन और नेहा रानी को सर्जेंट रैंक तथा निशु कुमारी को लेंस कोरपरल रैंक से सम्मानित किया गया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी। एन। साह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में दोनो कैडेट्स को उनकी सफलता पर हृदय से बधाई दी और कहा की आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण का यह परिणाम है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने अपने स्वागत भाषण में कहा की आपकी सफलता न केवल आपके लिए गर्व की बात है बल्कि विश्वविद्यालय एवम पूरे देश के लिए गर्व की बात है आपकी यह उपलब्धि आपके भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी। एनसीसी के एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा ने बताया की एनसीसी हजारीबाग के सीएटीसी कैंप के अंतर्गत जयवीर टुडू और सोनू करमाली ओटि टेंट पिचिंग में भाग लिए थे इसमें दोनो कैंडेंट का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें दोनो कैंडेट्ट को 22 झारखंड बी एन एनसीसी हजारीबाग के कर्नल हरमीत सिंह और लेफिनेंट कर्नल अंटोनी हेनरी सेलवन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया इसके बाद दोनो कैडेट थल सेना कैंप में शामिल हुए। टीएससी-1, 2,3 और 12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में भी अच्छा प्रदर्शन करने पर कर्नल रविन्द्र रावत ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया । 12 बिहार एनसीसी समस्तीपुर में कर्नल रविन्द्र रावत ने 2 सितंबर से 13 सितंबर 2024 को बिहार झारखंड के 91 कैडेट्स को किट दिया और हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किए और हार्दिक बधाई दी।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज़, जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

**बरही।** प्रिंस क्लब गौरियाकरमा धोबियाटांड़ के सौजन्य से गौरियाकरमा खेल मैदान में शुक्रवार से फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज़ हुआ। जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा, पंचायत समिति सदस्य गिरधारी लाल यादव व उप मुखिया प्रीति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और फुटबॉल कीक लगाकर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन से ग्रामीण युवाओं को एक प्लेटफार्म मिलेगा। पंसस श्री यादव ने आयोजको को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों से मैत्रीपूर्ण भाव से मैच खेलने की अपील किया। उपमुखिया ने भी क्लब के सभी अधिकारियों और आयोजको को मैच आयोजन के लिए बधाई दिया। आयोजको से मिली जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच बरही और कलौंजिया टीम के बीच खेला गया। रोमांचक भरे इस मैच में दोनो टीमों का एक दूसरे पर दबदबा रहा और खेल समाप्ति तक ड्रॉ पर रहे। अंत में पेनाल्टी शूट के माध्यम से बरही की टीम 1-0 से मुकाबला जीतने में सफल रहा। मैच आयोजन में अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, सचिव मनोज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, उपसचिव दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, विजय वर्मा आदि सहित कई लोग मैजूद थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाएं : सुधा चौधरी




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में आज 20 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य उमेश प्रसाद,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी,डॉ। अतिकुर रहमान,कामेश्वर महतो, संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की ।इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी ने विद्यालय के भैया बहनों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजॉल खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सुधा चौधरी ने बच्चों को बताया कि हमारे शरीर में अनेक कीड़े,जीवाणु मौजूद रहते हैं। इस दवा के सेवन से पेट के सभी कीड़े मर जाते हैं। इससे शरीर को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है।इस अवसर पर सदर अस्पताल के डॉक्टर अतिकुर रहमान ने कृमि रोग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य 1-19 वर्ष की आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों को अभियान के द्वारा कृमि मुक्त करना है, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा रांची मार्ग खूंटी टोली के पास देर शाम हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में खूंटी टोली के कुमार टोली गांव निवासी रोहित महतो नामक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुमार टोली निवासी रोहित अपने घर में दवा लाने की बात का तामड़ा गया और उसके बाद घर वापस न जाकर सिमडेगा शहर की ओर आ रहा था, इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल को तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए परिजनों ने निजी एंबुलेंस के माध्यम से उसे बेहतर इलाज के लिए राउरकेला ले गए। इधर राउरकेला पहुंचते ही अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ,जिसके बाद परिजनों ने रोहित के शव को अपने घर ले गए।

### ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनमेंजरा पंचायत के चारमुंडा गांव में बीते कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था, जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने विधायक नमन बिकसल कोनगाड़ी को दी । ग्रामीणों की समस्या को सुन माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने तुरंत विभाग से बात करते हुए एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफार्मर को मरम्मत करवा कर कोनमेंजरा ,चारमुंडा में लगवा दिया, जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल है प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम वहां जाकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता घटकर किया गया एवं ग्रामीणों में लड्डू बांटा गया मौके पर प्रखंड सचिव सफीक अंसारी, रेने टेटे,सरिफ, जाहिद, जावेद खान, साजिद आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

#### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा : गेस्ट हाउस एवं होटल संचालकों संग एसडीओ ने की बैठक

# पूरी कागजात देखने के बाद ही ठहरने के लिए कमरा दें : एसडीओ



सिमडेगा जिला प्रशासन ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को पूरी पारदर्शी तरीके से संपर्क करने के लिए कमर कस लिया है। ऐसे

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राज्य कर्मचारी आयोग के सीजीएल परीक्षा सिमडेगा में 21 सितंबर एवं 22 सितंबर को होना सुनिश्चित हुआ है ।जिसको लेकर शुक्रवार को सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की के कार्यालय कक्ष में जिले के सभी होटल एवं गेस्ट हाउस के संचालकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कई बिंदुओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस मौके पर एसडीओ सुमन्त तिर्की ने कहा कि में सभी होटल एवं गेस्ट हाउस के संचालकों से भी सहयोग की उम्मीद करते हैं ,उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा के लिए यहां पर आता है तो उसकी पूरी कागजात लेने के बाद ही उन्हें ठहरने के लिए कमरा दे किसी भी प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति अगर उन्हें लगे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे ताकि किसी प्रकार के परीक्षा में गड़बड़ी संबंधित आशंका ना। उन्होंने कहा कि शहर के सभी होटल एवं गेस्ट हाउस में लगातार परीक्षार्थियों का आवागमन शुरू है ऐसे में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें किसी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो प्रशासन को सूचित करें ताकि प्रशासन समय रहते उन समस्याओं को दूर कर सके मौके पर सभी होटल एवं गेस्ट हाउस के संचालक कौन है प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। मौके पर अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद एवं नगर परिषद के प्रशासक समीर बोदरा उपस्थित रहे।



## उतएल नदी में बनने वाले पुल का विधायक ने किया शिलान्यास

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत कैरबेड़ा पंचायत के कोलबहार एवं कदमटोली गांव के बीच उतएल नदी में बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर अगस्टिन तिर्की, फादर अजीत केरकेट्टा की अगुवाई में विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक ने कहा कि गांव में विकास का कार्य तेज रफ्तार के साथ दौड़ रही है। लोगों के जरूरत के अनुसार अनगिनत विकास के कार्य किये जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चलाई जा रही है। जबकि पूर्व की सभी सरकारें हेडक्वार्टर से चलाई जाती थी। हमारी सरकार योजना लेकर ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंचाने का काम किया है। विधायक ने कहा कि आज सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव तक सड़के बनाने का काम किया जा रहा है। नदियों में पुल निर्माण का कार्य जारी है। बहुत सारी सड़कों एवं पुल का अनुसंशा कर विभाग को भेजा गया है। आने वाले दिनों में जंगल पहाड़ में बसे ग्रामीणों के घर तक कालीकरण पथ का निर्माण होगा। इसके लिए हमने सरकार को अनुसंशा कर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्याओं को दूर किया जा रहा है। सभी लोगों के चेहरे में खुशियां लाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम मे पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, कनीय अभियंता सुनील उरांव, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,20 सूत्री अध्यक्ष सह उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन,मंडल अध्यक्ष भूषण राम,पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का,उप प्रमुख फ्लोरा मिंज, मुखिया बिनीता खाखा, पूर्व मुखिया तेज कुमार लकड़ा,पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा,विश्राम, अशाप किस्पोट्टा,जेवियर बिलुंग, अजय केरकेट्टा,तन्नू डुंगडुंग, अनूप मिंज,नीला नाग, ज्योति लुगुन, उर्मिला केरकेट्टा, सोभेन तिग्गा,उप मुखिया रविन्द्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर सेंट मेरिज स्कूल में हुआ कार्यक्रम

# कृमि संक्रमण से अवरुद्ध होता है विकास : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर सिमडेगा संत मेंरिज हाई स्कूल के सभागार में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित करते हुए कृमि मुक्ति अभियान की शुरूआत की कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ,उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दौराईबुरु एवं सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान के द्वारा दीप प्रचलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ आनंद खाखा ने सभी बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खाने की अपील की। उप विकास आयुक्त ने कहा, परजीवी कीड़े लोगों और जानवरों दोनों के समाज के लिए एक खतरा हैं। बच्चों के बाहर खेलते समय मिट्टी के संपर्क में आने से कृमि के संक्रमण को रोकना असंभव है। कृमि संक्रमण बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकता है, उनके शारीरिक विकास और मानसिक विकास को अवरुद्ध कर सकता है। इस मौके पर एसपी सौरव ने कहा कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य है कि सभी बच्चों को समय पर







कृमि मुक्ति की दवा खिलाए जिससे कि पेट में होने वाली कीड़े से संबंधित मुक्ति मिल सके उन्होंने कहा कि इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास रुक जाती है और इस दवा का सेवन करने से हमेशा स्वस्थ रहते हैं उन्होंने सभी बच्चों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कहि। इस मौक पर सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सिमडेगा जिले में कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए सभी लोगों का सहयोग की आवश्यकता है और इसी सहयोग के साथ सिमडेगा जिले में 149000 से अधिक बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य के साथ एक वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को दवा खिलाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए सभी स्कूलों में विशेष रूप से अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को प्राथमिकता के तौर पर दवा खिलाने का कार्य किया जा रहा है । कार्यक्रम में अंत में धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया इस मौके पर स्कूली बच्चे स्कूल के शिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी में उपस्थित थे।

### एक-एक मतदाता से संपर्क स्थापित कर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही कराएंगे सत्ता परिवर्तन : रंजन पटेल



**कुरडेग।** भारतीय जनता पार्टी कुरडेग मंडल के कुटमाकच्छार एवं केरसई मंडल के बासेन गुलझरिया मे बूथ स्तरीय बैठक कुरडेग में मंडल अध्यक्ष सकलराम बड़ाईक एवं केरसई में मंडल अध्यक्ष मानकीलाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरूआत मंडल अध्यक्ष द्वारा स्वागत संबोधन के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री सह सिमडेगा विधानसभा प्रवासी रंजन पटेल एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव शामिल हुए। बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि सिमडेगा जिला के दोनो विधानसभा में परिवर्तन रथयात्रा ऐतिहासिक होगी इसकी तैयारी के निमित्त सभी मंडलो में बैठक कर ली गयी है, कार्यकर्ता उत्साहित हैं एवं झारखंड में सत्ता परिवर्तन के लिए कृत संकल्प है। रंजन पटेल ने कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा सरकार एवं सिमडेगा में भाजपा का विधायक होगा वहीं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की परिवर्तन यात्रा के निमित आप सब तैयारी में जुट जाएं परिवर्तन यात्रा के दौरान पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का आगमन कुरडेग में होने वाला है जहाँ वे एक सभा को संबोधित करेंगे एवं सभी को सत्ता परिवर्तन का संकल्प भी दिलाएंगे ।बैठक में मुख्य रूप से राम चंद्र साय, कामेश्वर साय, अनुज श्रीवास्तव रामविलास राणा कैलाश मेहर सुधीर मांझी छबिन्द् साय,बसंत गुप्ता, गणेश राम यादव,सीताराम पासी, लालू यादव, नितेश सिंह, लक्ष्मी देवी ,नंदकुमार यादव, सभी बूथ अध्यक्ष , बी एल ए एवं बहुत अधिक संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा सिमडेगा परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए तैयार



**सिमडेगा।** भाजपा जिला कार्यालय में परिवर्तन यात्रा के मद्देनजर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शम्भू भगत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी, मुकेश श्रीवास्तव तथा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष लिबनुस टेटे भी बैठक में शामिल हुए। परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकताओं संग विचार विमर्श किया गया। क्योंकि इस परिवर्तन यात्रा, जनसभा के माध्यम से वर्तमान जेएमएम एवं कांग्रेस गठबंधन सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उनके झूठे वादों की पोल खोली जाएगी। कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में परिवर्तन यात्रा में प्रतिभाग करने की अपील की गई। जिला महामंत्री दीपक पूरी ने परिवर्तन यात्रा की रूप रेखा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, वंही जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने हेमन्त सरकार को जनहित से दूर बताया और कहा कि यह केवल सत्ता पुनः हासिल करने के लिए लोगों को बरगला रहें है। ओबीसी जिलाध्यक्ष शम्भू भगत ने कहा कि ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में कोई कोर कसर न छोड़ें।

## केंद्र व राज्य सरकार निकम्मी, अब झारखंड को लूट का चारागाह नहीं बनने देंगे : विजय सिंह

**सिमडेगा।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले झारखंड बचाओ अभियान के तहत सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में दल के केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक व जिला सचिव शिवचंद मांझी की अध्यक्षता में झारखंड बचाओ रैली निकाल कर महापंचायत का आयोजन की गई । रैली के मुख्य वक्ता पार्टी नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार निकम्मी है इसलिए अब झारखंड को लूट का चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा । श्री सिंह ने मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार को सर्वाधिक झूठ बोलने वाली जुमलेबाज सरकार करार देते हुए भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी वाली सरकार बताया । उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सरकार केंद्र पर दबाव बना कर ननबैंकिंग में जमा पैसे जल्द भुगतान करना सुनिश्चित करे नहीं तो आंदोलन को और तेज किए जाने की बात श्री सिंह ने कही है । सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति नहीं बन पाने को राज्य के लिए दुर्भाग्य भी बताया । भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, ननबैंकिंग में जमा पैसे की भुगतान की मांग जैसी मुद्दों को लेकर श्री सिंह ने 27 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित झारखंड बचाओ रैली में मोरहाबादी मैदान आने की अपील भी की । दल के केंद्रीय नेता नील जस्टिन बेक ने कहा कि सहारा इंडिया सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा । श्री बेक ने सड़क, पुल व भवन इत्यादि निर्माण में की जा रही जमीन अधिग्रहण की मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा





कि रैयतों को मुआवजा नहीं दिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा । महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन जल्द माफ हो और सरकार महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लुट पर रोक लगाने, महिलाओं को सुरक्षा, रोजगार, अनुदान व व्यवसाय के लिए पूंजी देने की व्यवस्था की मांग सरकार से करते हुए 5 अक्टूबर 2024 को महिला मंडल सहयोग संचालन समिति सिमडेगा की बैठक में कोर्ट ग्राउंड आने की अपील की । महापंचायत में प्रस्ताव भी पारित किए । मुख्य प्रस्ताव में सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति बनाने, सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, रोजबेली, वेलफेयर, इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में लोगों के जमा पैसे शुद समेत केंद्र व राज्य सरकार भुगतान करना सुनिश्चित करे, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ हो और महिलाओं को सुरक्षा, किसानों के खेत में सिंचाई का साधन बने, किसानों का लोन माफी का प्रमाण पत्र देने, दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भी प्रस्ताव पारित किए गए ।

### सेतासोया गांव में धारदार हथियार से महिला की हत्या

**बानो।** बानो थाना के सेतासोया मे धारदार हथियार से वार कर महिला की हत्या कर दी गयी।घटना गुरूवार रात की है। मृतक की पहचान सेतासोया निवासी प्रेमवती देवी के रूप किया गया। घटना के संबंध मे पुलिस ने बताया कि सेतासोया निवासी प्रेमवती देवी उम्र 45 वर्ष की हत्या धारदार हधियार से माथे व गर्दन पर वार कर दिया। घटना की जानकारी शुक्रवार होने पर पुलिस को सुचना दिया गया।पुलिस घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी लिया।तथा शव को कब्जे में लेकर बानो थाना ले आया है। बताया जाता कि जमीन विवाद का मामला बताया जा रहा है।घटना के समय महिला घर अकेली थी।थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि महिला के हत्या मे शामिल लोगो के बारे पता लगाया जा रहा है। जल्द मामला का खुलासा किया जायेगा।

#### फाइनल मैच में उपस्थित रहे पूर्व मंत्री एनोस एक्का और संदेश एक्का

## सर्पमुंडा गिरजाटोली ने जीता हॉकी प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बलियाजोर लेटाबेड़ा गांव में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का और युवा नेता संदेश एक्का ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच साधुमुंडा गिरजाटोली बनाम डीपाटोली के बीच खेला गया। जिसमे पेनाल्टी में साधुमुंडा गिरजाटोली की टीम ने जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार के रुप मे खस्सी देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शशि टोप्पो, अशोक लकड़ा, अमूस मिंज,पवन डुंगडुंग,कलेफ टोपनो,मनीष तिर्की,जगदीश तिर्की,सुमन तिर्की,जितेन तिर्की, प्रमोद तिर्की,लखन तिर्की, प्रदीप लड़का, फुलजेम्स डुंगडुंग, संजय डुंगडुंग,रसाल डुंगडुंग सहित कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा शरीर को स्वस्थ और निरोध रखने के लिए खेल एक सशक्त माध्यम है खेल से हमें प्रेम और समझ में बनाने की सीख मिलती है गांव समाज और क्षेत्र का विकास संभव है। एनोस एक्का ने लेटाबेड़ा के पथरीले खेल मैदान को सुविधायुक्त बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों दोनों के विकास के लिए झापा प्रतिबद्ध हैं। वही युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने अपने संबोधन में दोनो टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि हॉकी से ही जिले की पहचान है। लेकिन आज खिलाड़ियों को वह सम्मान नहीं मिल रहा है, जिनके वे हकदार है।

### वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए एसपी को दिया निमंत्रण

**सिमडेगा।** वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति डे- नाईट फुटबाल टूनार्मेंट के आयोजन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरभ से मुलाकात की। मौके पर आयोजन समिति के पदधारियों ने पुलिस अधीक्षक को निमंत्रण देकर फुटबॉल प्रतियोगिता में आने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि 21 सितम्बर से तीन दिनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता का समापन 23 सितम्बर को किया जाएगा। बताया गया कि प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेगें। मौके पर झामुमो नेता सफीक खान, सह संरक्षक वारिस रजा, अध्यक्ष रिजवान सोनू, सचिव मो रुस्तम खान, कोषाध्यक्ष मो साबिर,उपसचिव मो नौशाद, मो सैफी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### पुलिस ने किया शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**कुरडेग।** प्रखंड के कुरडेग पंचायत में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया है । विश्वास की डोर आपकी ओर यह कार्यक्रम सिमडेगा पुलिस की एक पहल है जिसका उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समाधान करना और उन्हें पुलिस के कार्यों में भागीदार बनाना है। यह कार्यक्रम लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज करने और पुलिस के साथ सीधे संवाद करने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के तहत सिमडेगा पुलिस लोगों की शिकायतों को सुनने और उनका समाधान करने के लिए विशेष कैंप लगाती है। इसमें लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं और पुलिस के अधिकारी उनकी शिकायतों का समाधान करने का प्रयास करते हैं। यह कार्यक्रम लोगों को पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने में मदद करता है और उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान करने में सहायक होता है। कार्यक्रम में एक जमीन विवाद, एक आचरण प्रमाण पत्र, और अपने गांव में सड़क खराब को लेकर कागजात जमा किया गया है। और भी कई लोग अपनी समस्याओं को शिविर में रख रहे हैं जिसका समाधान भी किया गया। मौके पर कुरडेग थाना प्रभारी नवीन कुमार के आलावे कार्यक्रम में आए अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम दिन 2479 लोगों के आवेदन जमा



**जलडेगा।** प्रखंड में राज्य सरकार की 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम 30 अगस्त से शुरू हुआ था जिसका समापन शुक्रवार को जलडेगा पंचायत में किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 2479 लोगों ने अलग अलग योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया। कार्यक्रम में लमडेगा के ग्रामीणों ने राशन डीलर की मनमानी और कम अनाज देने का मामला भी उठाया और लिखित आवेदन देकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से अपने हक का राशन संबंधित डीलर से दिलाने का गुहार लगाया। शिविर में अधिकांश आवेदन सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं 15वे ऋ्छ, जनजातीय कल्याण और मनरेगा हेतु कुल 402 आवेदन प्राप्त किए गए। मइया सम्मान योजना के तहत 214, आबुआ स्वाथ्य योजना के लिए 210, अबुआ आवास के लिए 115, मुख्यमंत्री पशुधन के लिए 112, सिंचाई कूप के लिए 43, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 115, प्रमाण पत्र के लिए 275, आयुष्मान कार्ड के लिए 92 आवेदन प्राप्त किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि शिविर में कुल अलग अलग योजनाओं के 2479 आवेदन प्राप्त किए गए हैं, कल्याण विभाग के माध्यम से अमित आशीष डुंगडुंग द्वारा 99 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया है। प्राप्त आवेदनों पर कारवाई की जा रही है।

### जनप्रतिनिधि विभिन्न गांवों का भ्रमण कर क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के विभिन्न गांवों का शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों ने भ्रमण कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक कर इसका लाभ उठाने की अपील की गई। इस दौरान कांग्रेस नेता सह प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मो कारू आदि ने खरवागढ़ा, डूमरटोली गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री मइयां योजना, किसान ऋ्ण माफी, बकाया बिजली बिल माफी और प्रत्येक उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में झारखंड के महागठबंधन की सरकार द्वारा दिए जाने की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी सामुदायिक के लोगो को साथ लेकर चलने वाला पार्टी है वही मो कारू ने ग्रामीणों को साईबर अपराध से बचने की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### दुर्गा पूजा समिति केरसई का हुआ पुनर्गठन, गौतम सोनू पुनः बने अध्यक्ष



**केरसई।** दुर्गा पूजा समिति केरसई की बैठक अध्यक्ष गौतम कुमार की अध्यक्षता में हुई।बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमे पुनः गौतम कुमार सोनू को अध्यक्ष चुना गया। गौतम कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केरसई में धूमधाम से नवरात्र एवं दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। सफलतापूर्वक पूजा संपन्न कराने हेतु समिति का भी पुनर्गठन किया गया जिसमें संस्थापक स्वर्गीय मदन गोपाल मिश्रा ,मंत्री प्रणव कुमार ,उपाध्यक्ष राजेश कुमार , रवि गुप्ता , कामेश प्रसाद , सुरेश प्रसाद ,जयंत प्रसाद ,त्रिवेणी, मुकेश प्रसाद, प्रसाद बुलेश्वर प्रसाद, विकास प्रसाद ,अयोध्या प्रसाद ,अजय कुमार रोहित रामेश्वर प्रसाद ,सचिव अवधेश प्रसाद कोषाध्यक्ष पंकज कुमार ,उप सचिव विष्णु कुमार अनुज कुमार अमित कुमार , रोहित प्रसाद सनी प्रसाद सुशांत कुमार ,उपकोषाध्यक्ष ओमप्रसाद ,पप्पू प्रसाद मनीष कुमार विजय शंकर प्रसाद जगदीश प्रसाद को बनाया गया इसके अलावा संरक्षक कार्यकारिणी सदस्य एवं मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं वही प्रधान आचार्य संजय पाठक ,प्रधान पुजारी सुभाष प्रसाद ,सहायक पुजारी कृष्ण प्रसाद सहायक आचार्य अजय कुमार झा बद्रीनाथ पांडे हैं।

### भाजपा-झापा आदिवासी समाज को बांटने का काम कर रही है : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के बम्बलकेरा सिरिंगबेडा में शुक्रवार को समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी अतिथि के रूप में शामिल हुए।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधायक ने कहा कि आज हम सभी को राजनैतिक रूप से जागरूक होना जरूरी है।संविधान द्वारा प्रदत्त अपने हक और अधिकार को समझना होगा।आज के हालात में हमारे समाज पर विरोधियों ने अपनी गिद्धदृष्टि लगा रखी है।समाज को तोड़ने के लिए नित नए नए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।इस मामले में भाजपा पुरी तरीके से संलिप्त है।इस काम में झापा एनोस एक्का भाजपा के इस षड्यंत्र को सफल बनाने के लिए नित नए नए ढ़ोंग रच कर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं।भाजपा आदिवासी एकता को तोड़ने के लिए ईसाई धर्म को मानने वाले आदिवासियों के खिलाफ झूठी एवं भ्रमित बातों को फैला कर इनके खिलाफ नफरत फैला कर आदिवासी एकता को तोड़ कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

## एक नजर

### संघ ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीएसई से की मुलाकात



**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के वरीयता निर्धन से हुई गतिरोध के निराकरण हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता की। संघ के जिला अध्यक्ष ने डीएसई सिमडेगा से मांग किया कि वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों का वरीयता सूची में नाम जोड़ा जाए इस संबंध में उन्होंने कहा कि वरीय शिक्षको को ग्रेड 4 में प्रोन्नति देने के बाद अगली बार निश्चित रूप से जोड़ दिया जाएगा। जिस पर शिक्षकों ने अपनी सहमति प्रदान की।

### डेंडराइट के नशे में युवक ने की हत्या

**गिरिडीह।** डेंडराईट के नशे में करण सिंह राजपूत ने शुक्रवार की सुबह कांटी फैक्ट्री कर्मी बच्चू रजक (40) की मारपीट कर हत्या कर दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आरोपित करण सिंह राजपूत को पकड़ा और मामले की जानकारी नगर थाना प्रभारी को दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर उसे पकड़ कर थाना ले गई और मामले की जांच में जुट गई है। जानाकारी के अनुसार आरोपित करण सिंह राजपूत और मृतक के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी, युवक करण सिंह राजपूत नशे का शिकार था। इसी नशे के कारण उसने बच्चू रजक पर जानलेवा हमला किया। बच्चू की मौत सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई।

### सेंट्रो कार से की जा रही थी गाय की चोरी



**गांडेय।** ग्रामीणों ने चोरों को खदेड़ा चोर वाहन छोड़ हुवे फरार। मामला गिरिडीह जामताडा मुख्य मार्ग के बुधुडीह बजरंग चौक की है। शुक्रवार अहले सुबह करीब 3 बजे बुधुडीह बजरंग चौक के निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को अपनी गाय बोलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुन राजेंद्र प्रसाद वर्मा अपने घर से निकले तो देखा की उनकी गाय की रस्सी खुट्टे से कट्टा हुआ था उसने देखा कि एक व्यक्ति घर के बगल खड़ी थी हो हल्ला किया तो युक्त व्यक्ति भागने लगे आगे देखें तो मुख्य मार्ग में सेंट्रो कार से दो व्यक्ति निकाला और सभी भागने लगे अंधेरा का लाभ उठाकर तीनो चोर फरार हो गया। इधर ग्रामीणों ने देखा की सेंट्रो कार संख्या जेएच05एल4108 में वाहन में लदी एक गाय सहित एक मोबाइल पाई गई। ग्रामीणों ने सूचना अहिल्यापुर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर अहिल्यापुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और वाहन को आपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रामगढ़ में अनाज घोटाला, आठ करोड़ रुपये के चावल-गेहूं गोदाम से गायब

## डीसी ने डीएसओ को सहायक गोदाम प्रबंधक पर कार्रवाई का दिया आदेश

- *5 वर्षों से अपडेट नहीं हुए दस्तावेज, खाद्यान्न का नहीं मिला स्टॉक*
- *पंजी देने से गोदाम प्रबंधक ने किया इनकार*
- *24 घंटे के अंदर दें जवाब, नहीं तो होगी प्राथमिकी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में डीसी चंदन कुमार की सक्रियता से अनाज घोटाला उजागर हुआ है। रामगढ़ शहर के मरार स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से लगभग 8 करोड रुपये के अनाज गायब हो गए हैं। यह घोटाला प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने किया है। उसने 14699.35 क्विंटल चावल और गेहूं गायब कर दिया है।

इस गोदाम में वर्ष 2019 के बाद से अब तक के कोई दस्तावेज अपडेट नहीं पाए गए हैं। पिछले 5 वर्षों में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने काफी गुल खिलाया है। डीसी चंदन कुमार ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है। डीसी ने बताया कि अभी इसकी पूरी रिपोर्ट बनाई जा रही है। इसकी और गंभीरता से जांच होगी, ताकि किसी भी स्तर पर घोटालेबाजों को राहत न मिल सके।

औचक निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने यह पाया कि फरवरी 2019 से अक्टूबर 2024 तक जितने भी खाद्यान्न विभिन्न योजनाओं के तहत इस गोदाम को आवंटित किए गए थे, उसका कोई रिकॉर्ड अपडेट नहीं है। उन्होंने बताया कि कल 14699.35 क्विंटल खाद्यान्न जिसमें चावल और गेहूं शामिल है वह नहीं पाए गए हैं। चीनी, नमक, दाल की मात्रा में भी आंशिक अंतर पाया गया है।

जांच के दौरान गोदाम से संबंधित आगत, निर्गत एवं भंडारण पंजी की मांग की गई, परंतु प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली ने देने से साफ इनकार किया। साथ ही गोदाम प्रबंधक ने सारे दस्तावेज घर पर रहने की बात भी कही। इसके अलावा कुछ बोरों में भरे खाद्यान्न को जानबूझकर सड़ाने का प्रयास किया गया। आवंटित खाद्यान्न के विरुद्ध वितरण के पश्चात अवशेष मात्रा अनुसार खाद्यान्न गोदाम में नहीं पाया जाना खाद्यान्न कालाबाजारी की संभावना को प्रबल करता है, जो अत्यंत गंभीर मामला है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने को कहा है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2019 से अब तक आगत, निर्गत एवं भंडार पंजी के साथ उपस्थित होकर जवाब दें। अन्यथा यह माना जाएगा की आप दोष को स्वीकार करते हैं और आपके विरुद्ध निलाम पत्र वाद दायर करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत खाद्यान्न कालाबाजारी, सरकारी दस्तावेज को छुपाने आदि के आरोप में प्राथमिक की दर्ज एवं प्रपत्र क गठित कर निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।



### फर्श पर बिखरे थे चावल-गेहूं, सड़ गया 300 बोरी अनाज

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि 18 सितंबर को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रिना कुजूर के द्वारा झारखंड राज्य खाद्य निगम गोदाम का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां भंडारित खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इस दौरान वहां फर्श पर 167 क्विंटल अनाज बिखरे हुए और सड़े हुए हालात में पाए गए, जिसे लगभग 300 बोरियों में भरा गया है। जांच के दौरान गोदाम के फर्श पर बिखरे हुए गेहूं को 33 बोरियों में भरा गया। वजन करने पर वह 16.69 क्विंटल हुआ। चावल भी 277 बोरियों में भरा गया, जिसका कुल वजन 141.08 क्विंटल है। इसके अलावा चना, नमक और चीनी की बोरियों की जांच भी की गई।

### एक दर्जन से अधिक बार मांगी गई रिपोर्ट

जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली से दर्जनों बार स्पष्टीकरण मांगा गया है। वर्ष 2024 में ही दर्जनों पत्र उन्हें लिखे गए हैं। संजीव करमाली को बार-बार गोदाम से संबंधित पंजी उपलब्ध कराने, मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, कार्य प्रणाली में सुधार लाने, गोदाम से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा स्पष्टीकरण किया गया। परंतु उनके द्वारा किसी भी पत्र का ना तो जवाब समर्पित किया गया और नहीं अनुपालन किया गया।

### किन-किन योजनाओं में आवंटित हुए थे खाद्यान्न

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि डब्ल्यूबीएनपी योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना को छोड़कर एनएफएसए योजना के तहत माह फरवरी 2019 से अक्टूबर 2024, कोविड-19 हेतु उपलब्ध कराए गए चावल, प्रभार में प्राप्त खाद्यान्न, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भंडारित सीएमआर चावल, जेएसएफएसएस योजना के तहत माह फरवरी 2021 से जुलाई 2022, पीएमजीकेएवाई योजना के तहत अप्रैल 2020 से नवंबर 2020, मई 2021 से दिसंबर 2022 तक, अन्नपूर्णा योजना के तहत आगत, निर्गत खाद्यान्न का मिलान किया गया।

# पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द निवासी समीर अंसारी, पिता जुबेर अंसारी के घर पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। पुलिस के मुताबिक बरकट्ठा थाना कांड संख्या 139/24 दिनांक 02/02/24 पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त के घर पर न्यायालय के आदेश पर इस्तेहार चिपकाया गया।

# बाल अधिकार को सुनिश्चित करने को मीडिया और एनजीओ का नेटवर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** कोडरमा के वसुंधरा गार्डन में लीड्स और डॉ. ए वी बालिगा मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कोडरमा और गिरिडीह जिले के मीडिया बंधुओं और गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) के बीच समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि शिक्षा का अधिकार 2009 और बाल अधिकार जैसे कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन हो सके। इसके तहत यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बच्चे स्कूल जाएं, बच्चों का पलायन कम हो, वे स्वस्थ रहें, और उनके माता-




पिता सरकारी योजनाओं से जुड़ें ताकि उन्हें आजीविका के साधन मिल सकें। लीड्स और डॉ. ए वी बालिगा मेमोरियल ट्रस्ट ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने कार्यों को मीडिया कर्मियों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लीड्स के दीपक कुमार, समर्पण के शंकर लाल राणा, हैंड इन हैंड के राजेश कुमार, अभिव्यक्ति के प्रकाश कुमार, राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान की संगीता, होली फैमिली के जय मंगल, सवेरा फाउंडेशन के शंकर, लेक गार्डन से नवनीत कुमार और सामाजिक परिवर्तन संस्थान के मनोहर ने अपने-अपने संगठन के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन लीड्स के कार्यक्रम समन्वयक संतोष कुमार ने सभी का शुक्रिया अदा करते किया।

# गाड़ी की टंकी में डीजल के साथ भर गया पानी चार गाड़ियों ने रोकी रैलीकर्त्ताओं की यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली में जा रही गाड़ियां अचानक से तिसरी के गम्हारियाटांड में रुक गई। जिसके कारण गाड़ी में बैठे भाजपा समर्थक परेशान हो गए। लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा था कि आखिरकार गाड़ियां क्यों रुक गई? दरअसल शुक्रवार को झारखंड धाम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर जिले भर से भाजपा समर्थक झारखंड धाम पहुंच रहे थे। इसी को लेकर तिसरी से भी विभिन्न गाड़ियों से भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में भाग लेने निकले। इस दौरान तिसरी के कृष्णा फ्यूल पंप पर डीजल भरवाने के बाद जैसे ही गाड़ियां आगे बढ़ी वैसे ही एक-एक कर 4 गाड़ियों का इंजन धुक-धुक कर बंद हो गया। इंजन बंद होने का कारण जानने पर वाहन चालकों की भी बुद्धि चकरा गई। वाहन चालकों द्वारा जांच पड़ताल किए जाने पर पता चला कि गाड़ी की टंकी में डीजल के साथ-साथ पानी भी भरा गया है। अब वाहन चालक और खल्लासी सिर पर हाथ रखे वहीं पर बैठ गए।

### कई दिनों से बह रहा पानी, सड़क भी खराब

कृष्णा फ्यूल पंप के पास स्थित खेत में भारी मात्रा में बरसाती पानी का जमाव है। पम्प कर्मियों का कहना है कि वही पानी फ्यूल टैंक में घुस गया है जिसे मोटर लगाकर निकाला भी जा रहा है। बताते चलें कि यह पानी कई दिनों से लगातार सड़क पर बह रहा है। जिसके कारण सड़क भी खराब होती जा रही है। वहीं इस संबंध में फ्यूल पंप मालिक महेश राउत ने बताया कि पंप के बगल स्थित खेत में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है जो रिसकर कर फ्यूल टैंक में चला गया।

## हजारीबाग सांसद ने रामगढ़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग की बैठक, कहा

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास व जनसुविधा बढ़ाना है हमारी प्राथमिकता : जायसवाल

- *सीसीएल, नगर परिषद और जिला परिषद के अधिकारियों संग की कार्यों की समीक्षा, विकास योजनाओं में तेजी लाने का दिया दिशा-निर्देश*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को दिनभर रामगढ़ स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन सेंटर सभागार में सीसीएल सहित रामगढ़ नगर परिषद और रामगढ़ जिला परिषद के पदाधिकारी संघ समीक्षा बैठक आयोजित किया और विकास योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की एवं क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कई दिशा- निर्देश दिए। सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ में अपने बैठकों के दौर की शुरूआत में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न सीसीएल परियोजनाओं के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर मौजूदा हालात की विस्तृत जानकारी ली और सीसीएल के बंद पड़े विभिन्न परियोजनाओं को जल्द चालू कराने सहित सीसीएल परियोजना क्षेत्र में सीएसआर के तहत विकास कार्य, नागरिक सुविधा और बेरोजगारों के बीच रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण पर जोर देने पर विचार- विमर्श किया। जिसके बाद रामगढ़ नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार सहित नगर परिषद क्षेत्र के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और विकास योजनाओं में तेजी लाने एवं जन समस्या के त्वरित निराकरण हेतु कई सुझाव भी दिए। तत्पश्चात रामगढ़ जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता बलि उरांव सहित सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक कर जिला परिषद द्वारा क्षेत्र में चल रहें विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और विकास योजनाओं में तेजी लाने एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता सुधार हेतु कई दिशा- निर्देश भी दिए।

बैठक के पश्चात सांसद ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का क्सर्वांगीण विकास और जनसुविधा बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता है और इसी निमित्त रामगढ़ जिले के विकास योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग बैठक हुई जिसमें समाजहित और जनहित में सकारात्मक परिचर्चा हुआ। आने वाले कुछ समय में इसका प्रभाव भी देखने को जरूर मिलेगा।



### बैठक में ये लोग उपस्थित रहे

मौके कर मुख्य रूप से सांसद मनीष जायसवाल के साथ बैठक के दौरान रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय, राजू चतुर्वेदी, छोटन सिंह, बलराम महतो, दिनदयाल कुमार, मनोज गिरी, अंकित सिंह, राहुल पासवान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### 23 को कपका में भाजपा परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम का होगा आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपका में 23 सितम्बर को भाजपा परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। इस निमित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल शिरकत करेंगे। वहीं कार्यक्रम की तैयारी को लेकर स्थल का निरीक्षण विधायक अमित कुमार यादव, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह व जिप सदस्य कुमकुम देवी ने किया। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बरकट्ठा के कपका बाजार मैदान में विशाल परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम आयोजित की गई है। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने का अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, बेड़ोकला कला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद एवं पार्टी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।


## शपथ पत्र



मैं, राजु करमाली पिता-हरिपद करमाली, ग्राम+पो.-कुम्हारदगा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़, झारखंड, पिन-829110 का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम अधारकार्ड में राव्या करमाली दर्ज। मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड में नाम राव्या करमाली को सुधार कर इशिका करमाली करवाने हेतू यह शपथ कर रहा हूं। आज से मेरी पुत्री इशिका करमाली के नाम से जानी एवं पहचानी जायेगी।

**शपथ पत्र संख्या : 1368/ दिनांक : 18/09/2024**

## शपथ पत्र



मैं, राजु करमाली पिता-हरिपद करमाली, ग्राम+पो.-कुम्हारदगा, थाना-गोला, जिला-रामगढ़, झारखंड, पिन-829110 का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र का नाम अधारकार्ड में रियांश करमाली दर्ज। मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में नाम रियांश करमाली को सुधार कर शिवांश करमाली करवाने हेतू यह शपथ कर रहा हूं। आज से मेरा पुत्र शिवांश करमाली के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा।

**शपथ पत्र संख्या : 1369/ दिनांक : 18/09/2024**

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/27/24-25 Dated 19.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Deer-Park (on Ranchi-Muri road ), ramdera to Jharkhand More road upto Muri including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 08.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 23.09.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 01.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 04.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhawan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

**PR 336274 (Road)24-25*D**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

**सूचना**

डालसा, रामगढ़ विज्ञापन सं0 02/2024 के पारा लिगल वोलेण्टियर के अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा पारा लिगल वोलेण्टियर का साक्षात्कार **दिनांक 23.09.2024** को **प्रातः 08:00 बजे से रौल नं0– 01 से 200 तक** तथा **दोपहर 12:00 बजे से रौल नं0– 201 से 382 तक** कॉन्फ्रेंस हॉल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जाएगा।

अतः सभी **अभ्यर्थी अपने रौल नं0 की जानकारी के लिए इस लिंक (https://ramgarh.dcourts.gov.in/document-category/dlsa/) पर जाएं।** सभी प्रवेश–पत्र डाक के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। डाक द्वारा समय पर प्रवेश–पत्र नहीं मिलने पर अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र की प्रति प्राप्त करने के लिए अपना व्हाट्सअप अथवा इ–मेल से प्रवेश–पत्र प्रिंट करवा सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र किसी भी माध्यम से नहीं मिलता है तो वे दिनांक 23.09.2024 को प्रातः 08:00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के कार्यालय में आकर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी अपने रौल नं0 के अनुसार उपर दिए गए समय के अनुसार दिनांक 23.09.2024 को अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ कॉन्फ्रेंस हॉल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ पहुँचे।

ह0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

**PR 336243 District(24-25)#D**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**R.C.D., ROAD DIVISION, LATEHAR**

**Short-Time Notice Inviting Tender, (1st Call)**

e-Tender Reference No. – **RCD/LATEHAR / 610/ 2024-25** **Date :** 20-09-2024

The undersigned, on behalf of the Governor of Jharkhand, invites percentage rate bids for the work mentioned in the table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered in appropriate class as mentioned in column 6 of the table with Road Construction Department, Government of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Name of the Work | Estimated Cost( in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Tender paper (in Rs.) | Class of Contractor eligibility | Time of Completion | Name of the concerned office |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of R.C.C. Slab Culvert (6m x 4m) with approach road in 48th km of Kutmu - Garu - Mahuadanr (SH-09) Road for the year of 2024-25 | 79,93,500.00 | 1,60,000.00 | 10000.00 | I & II | 04 (Four) Months | Executive Engineer, R.C.D. Road Division, Latehar. |

2. Period of availability of tenders online/date & time of bidding on-line/last date of seeking clarification / date of opening of tender papers are as given below-

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of opening | Availability of tender on-line for bidding | | Date & Time of opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Executive Engineer, R.C.D., Road Division,Latehar | Chief Engineer(Comm.)-cum-Nodel Officer, e- ProcurementCell, RCD, Jharkhand,1stFloor, Engineer'sHostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 | 24-09-2024 10:30 AM | 30-09-2024 Up to 12.00 Noon | 01-10-2024 At 12:30 PM |

श्री प्रभार कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता,
पथनिर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

**PR 336326 Road(24-25)#D**

मौन की गहराइयों से परमानंद का झरना निरंतर फूटता है और मनुष्य के अस्तित्व पर प्रवाहित होता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद (परमहंस योगानंद के वचनामृत)

## संपादकीय

# 'एक देश, एक चुनाव' और राजनीतिक समीकरण

मोदी सरकार एक देश एक चुनाव की घोषणा के संकल्प को कैबिनेट से पास कराकर अपने घोषणा पत्र को लागू करने पर दृढ़ है पर पिछले 40 वर्षों में चुनाव आयोग, विधि आयोग, नीति आयोग, संविधान समीक्षा आयोग और संसदीय समितियां विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुकी हैं, लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हुआ। इसलिए कोविंद समिति की रिपोर्ट पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे सफल बनाने के लिए विधायी और सियासी, दोनों मोर्चों पर प्रयास करने होंगे। एक साथ चुनाव का विरोध करने वालों को इस पर विचार करना चाहिए कि 1952 से 1967 के बीच हुए विधानसभा और लोकसभा के चार चुनावों से संविधान और लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ था। कुछ लोग इसे संघीय ढांचे के खिलाफ मान रहे हैं, जबकि इससे अनेक क्षेत्रीय दलों की विधानसभा के साथ लोकसभा में ताकत बढ़ सकती है। इससे अमेरिका की तर्ज पर केंद्रीय स्तर पर द्विदलीय व्यवस्था का विकास होगा, जिससे चुनावों में सतही आरोपों के बजाय सार्थक बहस के नए दौर की शुरूआत हो सकती है। कोविंद समिति की रिपोर्ट को लागू करने के लिए कार्यबल बनाने की बात हो रही है। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद अब विधि मंत्रालय को बिल का मसौदा बनाना होगा। राज्यों और विपक्ष के साथ सही संवाद नहीं हुआ, तो संसद में पेश होने पर बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मांग हो सकती है। संसद में दो-तिहाई बहुमत से संविधान में संशोधन हो भी जाए, तो फिर राज्य विधानसभाओं की मंजूरी चाहिए। एक साथ चुनाव से जुड़े आर्थिक लाभों का ठोस वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध नहीं है, पर कुछ उत्साही समर्थकों ने जीडीपी में 1.5 फीसदी बढ़ोतरी का दावा किया है। लेकिन एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू होने के बावजूद इस्तीफे, मृत्यु और अयोग्यता के आधार पर खाली हुई सीटों पर उपचुनावों की समस्या बनी रहेगी। कुछ अर्थशास्त्रियों के अनुसार, लगातार होते रहने वाले चुनावों से लोकतंत्र में जीवंतता और खर्चों से गरीबों की रसोई का जुगाड़ होता है। पहले आम चुनाव में लगभग 10.5 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा के चुनाव कराने में वर्ष 2009 में 1,195 करोड़ और 2014 में लगभग 3,900 करोड़ रुपये खर्च हुए। पर असली खर्च तो नेता और पार्टी करते हैं, जिसका सही हिसाब ही नहीं मिलता। वर्ष 2024 के आम चुनाव में लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यानी नेताओं ने हर वोटर पर लगभग एक हजार रुपये खर्च किए महंगे होते चुनावों से सत्ता के गलियारों की चकाचौंध का जो दरवाजा खुलता है, उसे ठीक करने के लिए ठोस सुधारों की जरूरत है। पिछले कई दशकों में चुनाव आयोग ने चुनावी सुधार से जुड़े कानूनों में बदलाव के लिए यूपीए और एनडीए सरकार के पास अनेक सुझाव भेजे हैं। उसके लिए संविधान संशोधनों के बजाय सिर्फ कानूनों में परिवर्तन से बड़े बदलाव आ सकते हैं। ऐसे बदलावों से सही मायने में लोकतंत्र में बेहतरी और गवर्नेंस का मार्ग प्रशस्त होगा। पिछले 40 वर्षों में चुनाव आयोग, विधि आयोग, नीति आयोग, संविधान समीक्षा आयोग और संसदीय समितियां विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुकी हैं, लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हुआ है।

> एक साथ चुनाव का विरोध करने वालों को इस पर विचार करना चाहिए कि 1952 से 1967 के बीच हुए विस और लोस के चार चुनावों से संविधान और लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ था। कुछ लोग इसे संघीय ढांचे के खिलाफ मान रहे हैं, जबकि इससे अनेक क्षेत्रीय दलों की विधानसभा के साथ लोकसभा में ताकत बढ़ सकती है।

# वर्ल्ड फूड इंडिया : भव्यता की पृष्ठभूमि

भारत में खाद्य प्रसंस्करण की यात्रा, देश की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता और प्रगति को अपनाने की क्षमता को दशार्ती है। अचार बनाने और खाद्य पदार्थ सुखाने की प्राचीन परंपराओं से लेकर आज की परिष्कृत तकनीकों तक, भारत ने अपनी समृद्ध पाक-कला विरासत को आधुनिक प्रगति के साथ सहजता से मिश्रित किया है। यह यात्रासिर्फ लोगों को खाना खिलाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत की पाक-कला पहचान को परिभाषित करने वाले विविध और जटिल स्वादों का उत्सव मनाने से भी गहराई से जुड़ी हुई है। भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है।


चिराग पासवान
मानतीय मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस क्षेत्र की क्षमता को पहचाना है, जिससे देश आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने समय-समय पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है तथा मूल्य संवर्धन और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक बाजारों की खोज करने के उनके आह्वान की प्रतिध्वनि मंत्रालय द्वारा की गई पहलों में परिलक्षित होती है। किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि-खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने का मिशन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सफलता से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की कृषि संपदा को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ जोड़ने का माध्यम है।

2047 तक विकसित भारत के आह्वान में, एक ऐसे भारत की परिकल्पना की गई है, जो समृद्धि, नवाचार और सतत विकास के प्रकाश-पुंज के रूप में उभरने के लिए अपनी चुनौतियों से पार पा चुका है। इस विजन के केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, जो खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।




चूंकि हम एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के कालखंड में प्रवेश करेगा, इसलिए भारत के कृषि कौशल को वैश्विक महाशक्ति बनाने से संबंधित हमारे प्रधानमंत्री का विजन, आगामी वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में स्पष्ट रूप से व्यक्त होगा, जिसे मेरा मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक वास्तविक संगम है, जो एक पुनरुत्थानशील और समृद्ध भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग को रोशन करने वाले एक प्रकाश-पुंज के रूप में कार्य करता है और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरी तरह से साकार करता है। वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 की शानदार सफलता वैश्विक खाद्य परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। यह एक ऐसा आयोजन था, जिसमें वैश्विक विचारक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निमार्ता एक मंच पर आये। यह आयोजन नवाचार का वास्तविक भंडार था, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग समाधान और सतत विकास से जुड़े तौर-तरीकों की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत की पूरी क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसने निवेश आकर्षित किया और साझेदारी बनाई। इसने 2024 में और भी भव्य आयोजन के लिए मंच तैयार किया।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम के सभी घटकों को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार करने के साथ, इस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करता है। बीज से लेकर दुकानों तक, उद्योग के हर पहलू को सावधानीपूर्वक तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, सहयोग बनाने और नए बाजारों को तलाशने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। यह आयोजन भारत के लिए गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्यवसायों, उद्यमियों और हितधारकों के लिए, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भागीदारी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। यह आयोजन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों से जुड़ने, नवीनतम तकनीकी प्रगति का पता लगाने और खाद्य उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली उपभोक्ता की उभरती प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसरों का एक अनूठा संगम प्रदान करता है।

इसके अलावा, वर्ल्डफूड इंडिया 2024 नेटवर्किंग और साझेदारी-निर्माण का अवसर प्रदान करेगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संगम-स्थल के रूप में काम करेगा, जिससे कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रदर्शनी स्थल, विषयगत सत्र और आपसी-संवाद मंच प्रतिभागियों को जटिल वैश्विक खाद्य परिदृश्य को समझने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करता है, साथ ही प्रतिभागियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को सम्मानित वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है।

स्टार्ट-अप्स के उत्साह और सरलता से प्रेरित होकर, मेरे मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण का अनावरण किया है। यह शानदार पहल भारत के कृषि-खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में आमूल-चूल बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कचरे के मूल्य निर्धारण, पौष्टिक और अमृतमय खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं जल उपयोग दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करके, यह चैलेंज नवाचार की क्रांति को शुरू करने का लक्ष्य रखता है, जिससे इस क्षेत्र को परिवर्तनकारी क्षमता से भरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने में गति मिलेगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। दूरदर्शी दिग्गजों का यह समागम एक सुरक्षित, सुदृढ़ खाद्य प्रणाली बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प के लिए एक अदम्य प्रमाण के रूप में कार्य करेगा, जहां प्रत्येक हिस्सा सतर्कता से अटूट समर्पण के साथ संरक्षित होगा। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों पर विजय पाने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां भोजन न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सभी के लिए विश्वास और पोषण का आदर्श हो। यह वैश्विक सहयोग और प्रगति के सार को दशार्ता है, जो हमारे सबसे गहन मूल्यों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 के भव्य ताने-बाने में, विशेष ध्यान के केंद्र-बिंदु परिवर्तनकारी बदलाव के वास्तविक प्रकाश-पुंज के रूप में खड़े हैं, जो देश के खाद्य क्षेत्र को एक शानदार भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। खाद्य विकिरण, खाद्य-उत्पादों की सुरक्षा और शेल्फ लाइफ की दोहरी पवित्रता सुनिश्चित करता है और हमारे भोजन को दूषित होने से बचाता है।

## अलग बात

# भीड़ को न्यौता देती टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें

भारत का टोल रोड नेटवर्क वर्ष 2023 में 45,428 किलोमीटर तक विस्तारित हो गया, जो वर्ष 2019 के 25,996 किलोमीटर से 75% विस्तारित है। इस विस्तार के बावजूद चुनौतियाँ बनी हुई हैं, क्योंकि हालिया डेटा टोल संग्रह में विलम्ब को दर्शाता है, जो यातायात भीड़ में योगदान देता है। सड़क यात्रा दक्षता और राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान आवश्यक है, जिसके लिए वर्तमान उपायों के विश्लेषण और अतिरिक्त समाधानों की आवश्यकता है। आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी बड़ी समस्या बनी हुई है। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम। उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। टोल डेटा में विसंगतियों (जैसे डेटा में हेरफेर और रिपोर्ट किए गए और वास्तविक ट्रैफिक के बीच भारी अंतर) का खुलासा किया गया है, जैसे कि पुणे एक्सप्रेस-वे पर। टोल दरों में असमानता, अलग-अलग क्षेत्रों और राजमार्गों के हिस्सों में टोल दरों में भिन्नता और वाहन के प्रकारों के आधार पर असंगत मूल्य निर्धारण, यात्रियों के बीच भ्रम और असंतोष उत्पन्न करते हैं। टोल मूल्य निर्धारण के लिए पारदर्शिता और स्पष्ट तर्क की कमी जनता के असंतोष को बढ़ाती है। बुनियादी ढाँचे के एकीकरण का अभाव होने से कई टोल सड़कें, राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क या शहरी परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकृत नहीं हैं, जिसके कारण अकुशलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत की टोल प्रणाली की चुनौतियों से निपटने के लिए शुरू की गई सरकारी पहलें फास्टैग कार्यान्वयन के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली, कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देती हैं और स्वचालित टोल शुल्क कटौती के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके टोल प्लाजा पर भीड़ को कम करती हैं और अब यह सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है। एक राष्ट्र, एक फास्टैग पहल ने देशभर में टोल संग्रह को मानकीकृत किया, जिससे राजमार्ग संचालक या राज्य की परवाह किए बिना सभी टोल प्लाजाओं पर फास्टैग की अंतर-संचालन क्षमता सुनिश्चित हुई, जिससे यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला और टोल शुल्क पर भ्रम कम हुआ। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


डॉ. सत्यवान सौरभ

## देश की बात

# दुनिया में अमनचैन, अयुद्ध व शांति का उजाला हो

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, अहिंसा, सह-जीवन, शांति और खुशी का एक आदर्श संकल्प माना जाता है। यह दिवस मुख्य रूप से पूरी पृथ्वी पर शांति और अहिंसा स्थापित करने के लिए मनाया जाता है। किंतु यह काफी निराशाजनक है कि आज इंसान दिन-प्रतिदिन इस शांति से दूर होता जा रहा है। आज चारों तरफ फैली राष्ट्रों की महत्वाकांक्षाएं एवं बाजारवाद ने शांति को व्यक्ति से और भी दूर कर दिया है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो विश्व शांति का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन इसको अमल में लाने वालों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना होगा है। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस-2024 की थीम है शांति की संस्कृति का विकास। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा शांति की संस्कृति पर घोषणा और कार्यक्रम को अपनाए जाने की 25वीं वर्षगांठ है। आज दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से शांति खतरे में हैं। रूस-युक्रेन और इस्राइल-गाजा का लम्बे दौर से चल रहा युद्ध शांति की बड़ी बाधा है। युद्धों का मानव जीवन, पर्यावरण एवं विकास पर सबसे घातक असर पड़ रहा है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बन रहा हैं जो शांतिपूर्ण जीवन को संभव नहीं होने देता। दुनिया में अनेक ऐसे विध्वंसक देश हैं, जो आतंकवाद, युद्ध एवं पडोसी देशों में अशांति फैलाने की राहों को चुनते हुए अपनी बबार्दी के साथ अन्य देशों में अशांति की कहानी लिख रहे हैं। पाकिस्तानी नेतृत्व ने भारत में आतंकवाद फैला कर लिखी अपनी बबार्दी की दास्तां, जिसे अब उसकी खुद की जनता झेल रही है। भारत शांतिप्रिय देश है, वह खुद शांति चाहता है और दुनिया में शांति की स्थापना के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस- 21 सितंबर, 2024


# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



## बोधि वृक्ष

जब कभी संसार में अच्छाई एवं बुराई का स्पन्दनिक सन्तुलन, मनुष्य के गलत विचारों और कार्यों से हुए हानिकारक स्पन्दनों के संचय होने से बिगड़ जाता है, तो आप विनाश लीलाएँ देखेंगे।

प्रकृति में जो विध्वंस करने वाले और जन-समूहों को क्षति पहुँचाने वाले आकस्मिक विनाश होते हैं, 'वे ईश्वर के कार्य' नहीं हैं। ऐसे विनाश मनुष्य के विचारों एवं कार्यों का परिणाम हैं। जब कभी संसार में अच्छाई एवं बुराई का स्पन्दनिक सन्तुलन, मनुष्य के गलत विचारों और कार्यों से हुए हानिकारक स्पन्दनों के संचय होने से बिगड़ जाता है, तो आप विनाश लीलाएँ देखेंगे। युद्ध भाग्यवश किसी दैवी कार्य द्वारा नहीं होते बल्कि व्यापक भौतिक स्वार्थ द्वारा होते हैं। अपने व्यक्तिगत, औद्योगिक, राजनीतिक एवं राष्ट्रीय स्वार्थों को समाप्त कर दें तो भविष्य में आपको और युद्धों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सम्पूर्ण संसार में विद्यमान आधुनिक अराजक स्थितियाँ नास्तिकतापूर्ण आदर्शों के अनुसार जीवन बिताने का परिणाम हैं। व्यक्तियों एवं राष्ट्रों को पूर्ण विनाश से सुरक्षित किया जा सकता है, यदि वे भाईचारे, औद्योगिक सहयोग और सांसारिक पदार्थों एवं अनुभवों के अन्तर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के दिव्य आदर्शों पर आधारित जीवन जीयें। मेरा विश्वास है कि एक समय आएगा जब और भी अधिक आपसी समझ से हमारी सभी विभाजक रेखाएँ मिट जाएँगी। हम सारी पृथ्वी को अपना देश कहेंगे; और हम न्याय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सभा की प्रक्रिया द्वारा स्वार्थरहित होकर, लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार संसार की वस्तुओं का वितरण कर सकेंगे।**(क्रमशः)**


श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से

**Avinash Das** is at Tieten Medicity - Ghodbunder Road.
18m ·
रवि प्रकाश नहीं रहे। ज़िंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है। आप हमारी ज़िंदगी में हमेशा शामिल रहेंगे दोस्त। अलविदा मेरे प्यारे भाई!




62 · 32 comments 1 share
Like · Comment · Send · Share

**Syed Shahroz Quamar**
क्या बोल रहे हो भाई 😭😭😭😭
Like Reply

**Vinod Kumar**
ओह, नमन
Like Reply

**Vinay Bharat**
जितना जिया, पूरा जिया. लाखों जीवन को आपने राह दिखाई.... See More

## X से

**Riniti Chatterjee Pandey** @mai... · 8h
ममता बनर्जी के विरोध के स्वर बढ़ते जा रहे है । RG KAR अस्पताल की घटना के विरोध में कल डाक्टरों ने फिर प्रदर्शन किया । माँ काली के संहार करने वाले रूप में ये नृत्य एक डाक्टर कर रही है । ममता बनर्जी का सिंहासन जल्द उखड़ेगा




From Ratan Sharda 🇮🇳 रतन शारदा
66 · 1.4K · 5K · 84K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

पहरेदारी कर रहे, चारों पहरेदार।
फिर भी देखो लुट रहा, सरेआम बाजार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# सत्ता का अहंकार व आम आदमी का हाल?

हमारे साथ दिक्कत यह है कि जो सत्ता के शीर्ष पर होते हैं, वह ऑटोमेटिकली जीनियस हो जाते हैं, उन्हें लगता है कि वह जो कुछ भी कर रहे हैं। सिर्फ वही श्रेष्ठतम है, उसके अलावा कुछ भी होता तो वो गलत होता और तब यह शीर्षस्थ लोग अपने मत से अलग कुछ भी कहने वालों को घटिया मानसिकता का या देशद्रोही का या यथास्थितिवादी का तमगा दे देते हैं। एक बात और है कि यूँ तो बहुत सारे लोग अध्ययनशील होते होंगे। लेकिन अध्ययनशीलता और जिंदगी की प्रैक्टिकलिता, इन दोनों चीजों में तालमेल बिठा पाने वाले, इन दोनों चीजों के जोड़ को युक्तिसंगत बनाने वाले विचारों का उनमें प्रादुर्भाव हो ही, यह कतई जरुरी नहीं होता। हम लोग भी कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपनी सारी जिंदगी विभिन्न विषयों का सिलसिलेवार अध्ययन किया है। सही गलत का अर्थ भी समझते हैं, बहुत कठिनाइयों से विभिन्न व्यापारों द्वारा अथोर्पार्जन करते हुए उन समस्त क्षेत्रों की दुरुहताओं को व्यापक रूप से समझते हुए बहुत सारी प्रैक्टिकिलिटी को जाना व समझा है और कहीं न कहीं देश के लिए एक सुस्पष्ट विजन भी रखते हैं। लेकिन सवाल यह है कि वास्तव में विजन रखने वाले लोगों के लिए क्या कोई प्लेटफार्म उपलब्ध है? किन्ही मंचों द्वारा हम अपनी आवाज रखने का प्रयास भी करते हैं तो चुँकि हम दुनियावी तौर पर कुछ भी नहीं है। इसलिए हमारी आवाज का हमारे विजन का कोई प्रभाव या महत्व लोगों पर परिलक्षित नहीं होता और सत्ताधिकारियों तक तो हमारी आवाज पहुँचती ही नहीं। तीसरी बात, सत्ता का तौर तरीका अब कुछ ऐसा हो गया है कि वह मनमाफिक तरीके से काम ही नहीं करती, बल्कि अपने समर्थकों द्वारा और विभिन्न संचार के माध्यमों द्वारा जनमाध्यम पर छा जाना चाहती है। जनमानस को अपने अनुकूल कर लेना चाहती है और जो कोई उसके अनुकूल नहीं दिखाई देता, उसे उसकी 'असली' जगह पहुंचा देने में भी सत्ता को कोई गुरेज नहीं होता। तो समस्या दरअसल यही है कि दुनिया की हर एक सत्ता को अपने जीनियस होने का अहंकार बहुत बुरी हद तक होता है और उसे अपने अलावा हर तरह के मतभिन्नता वाले लोग निहायत ही दोयम मालूम पड़ते हैं। उसी प्रकार हम समझते हैं कि वास्तव में नोट-बंदी एक ऐसा कदम साबित हुआ है। जिसमें खोदा तो पहाड़ गया है, मगर निकली चुहिया भी नहीं। उसी प्रकार अर्थव्यवस्था का डिजिटाइजेशन एक बहुत बुरा कदम साबित होने जा रहा है जीडीपी के लिए, बेहतर हकीकत तो यह है कि पुरानी व्यवस्था में भी ऐसी कोई कमी नहीं थी ,बल्कि उसमें भी यही बदलाव करते हुए सिर्फ उसे कड़ाई से लागू कर दिया जाता, तो सरकार को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता। क्योंकि शायद ही सरकारों को यह मालूम हो कि इस जीएसटीएन के चक्कर में पूरे देश के समस्त व्यापारियों की करोड़ों रुपए की स्टेशनरी जो वैट नंबर के नाम से छपी हुई थी, एकदम से एक पल में बर्बाद हो गई और अब इस सारी स्टेशनरी के लिए नए सिरे से करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं डिजिटाइजेशन के लिए कंप्यूटर-लैपटॉप-प्रिंटर इन सबों का खर्चा अलग से हो रहा है, क्योंकि जिस प्रकार की अंदरूनी व्यवस्था जीएसटीएन के अंदर है। उसमें बगैर कंप्यूटराइजेशन काम के हिसाब-किताब निकालना ही असंभव हो जाएगा और अब व्यापारी के व्यापार का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ हिसाब-किताब करने पर ही खर्च होगा, निश्चित तौर पर इस से व्यापार में कुछ हानि होगी और यह हानि भी तो दरअसल राजस्व की हानि ही हुई। सबसे बढ़कर बात यह है कि कंप्यूटर लैपटॉप इत्यादि में कुल खर्चा कम से कम 50000 का है और उसके अलावा वकील को दिया जाने वाला खर्च वगैरह मिलाकर हर व्यापारी की अर्थव्यवस्था पर जो बोझ पड़ रहा है, वह मंझोले स्तर के करोड़ों व्यापारियों के लिए कमर तोड़ देने वाला सिद्ध हो रहा है। इन सब से बेहद आसानी से बचा जा सकता था केवल पुरानी व्यवस्था में विभिन्न सुधार करके, लेकिन होता यह है कि सरकार के ही कारिंदे/अधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी फरमान या कानूनों को लागू ना होने देने की एवज में संबंधित क्षेत्रों से मनमाना 'निजी-शुल्क' हासिल करते हैं। निजी शुल्क देने के बाद (जिसे एक शब्द में रिश्वत कहा जाता है) व्यापारी हों या कोई और ,वो सब के सब अपना मनमाना सब कुछ करने के लिए मुक्त हो जाते हैं। तो जब किस क्षेत्र में कभी कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होती उसमें एक व्यापक झोल, एक व्यापक व्यतिक्रम, एक व्यापक ढीला-ढालापन पैदा हो जाता है, जो किसी भी क्षेत्र में हो। **(ये इनके निजी विचार हैं)**


राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तिरुपति प्रसादम मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में पशु चर्बी की मिलावट को लेकर आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट तलब की है। जेपी नड्डा के शुक्रवार को मीडिया के एक सवाल पर कहा कि डिजिटल मीडिया से जानकारी मिली कि प्रसादम में पशु की चर्बी सहित अन्य तामसिक पदार्थ की मिलावट पाई गई है। इस संबंध में हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से जानकारी मांगी है। साथ ही प्रसादम में मिलावट की पुष्टि करने वाली लैब जांच रिपोर्ट भी मांगी है। इसके अलावा स्थानीय फूड रेगुलेटर से भी प्रसादम मामले की रिपोर्ट तलब की है। नड्डा ने कहा कि मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## किस प्रसाद में क्या मिला है, इसकी जांच भाजपा शासित राज्यों से हो : प्रियांक

**कर्नाटक।** तिरूपति प्रसादम विवाद के बाद भाजपा ने कर्नाटक के सभी मंदिरों के प्रसाद की जांच की मांग की है। इस पर कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा कि उन्हें सभी भाजपा शासित राज्यों से शुरूआत करनी चाहिए और देखना चाहिए की किस प्रसाद में क्या मिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि तिरूपति प्रसादम मामले में जांच होनी चाहिए और सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए। इन सभी विषयों के लिए खाद्य नियंत्रण विभाग और संबंधित विभाग के प्रमाणीकरण की क्या प्रक्रिया है, इसकी जांच करनी चाहिए और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसे दंडित किया जाना चाहिए।



## मिलावट सुनियोजित साजिश का हिस्सा : नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट को आस्था पर आक्रमण और विश्वासघात का मामला बताया है। उन्होंने दावा किया कि इसे सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दिया गया। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि, यह शुद्ध रूप से आस्था पर आक्रमण और विश्वास के साथ विश्वासघात का मामला है। जिस तरह से जानबूझकर के एक बहुत सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत या किसी व्यापारी हितों के ध्यान में रखकर आस्था पर आक्रमण हुआ है। उसके जो गुनहगार हैं, उनको सजा मिलनी चाहिए।

## जानबूझ कर लंबे समय से हो रहा हिंदू भावनाओं से खिलवाड़ : बजरंग बगड़ा

**नई दिल्ली।** विहिप के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग बागड़ा ने कहा कि, हिंदुओं की भावनाओं के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ जानबूझ कर और लंबे समय से किया जा रहा है। इससे पूरे हिंदू समाज में आक्रोश की लहर है। हिंदुओं की आस्था पर बार-बार हो रहे इस प्रकार के हमलों को हिंदू समाज अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। भगवान तिरुपति मंदिर के प्रसाद में जिस प्रकार विभिन्न पशुओं का मांस मिलाया गया, यह अत्यंत घृणित एवं असहनीय कृत्य है।

# लालू परिवार की बढ़ी मुश्किल सीबीआई को मिली जांच की मंजूरी

एजेंसी। पटना




राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को उनके खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी है। जांच एजेंसी ने मंजूरी की कॉपी राउज एवेन्यू कोर्ट में जमा करा दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा, सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें यह मंजूरी मिल जाएगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट की ओर से इन सभी को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा गया है। तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में समन मिला है। इस मामले में 30 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ जांच की मंजूरी का इंतजार सीबीआई को है। सीबीआई ने अन्य आरोपियों की मंजूरी के लिए 15 दिन का और समय मांगा है।

# मार्च 26 से पहले समाप्त कर देंगे नक्सलवाद : अमित शाह

- बस्तर शांति समिति ने नक्सल पीड़ितों की व्यथा दर्शाने वाली डॉक्यूमेंटरी दिखाई

एजेंसी। नई दिल्ली




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर देगी। शाह ने वामपंथी उग्रवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की और कहा कि अन्यथा उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। इनमें बस्तर शांति समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के नक्सली हिंसा से प्रभावित 55 लोग शामिल थे। बस्तर शांति समिति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से पीड़ित लोगों की व्यथा को दशार्ने वाली एक डॉक्यूमेन्टरी भी दिखाई। नक्सली हिंसा से पीड़ित कुछ लोगों ने गृह मंत्री को अपनी व्यथा भी बताई। नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से संवाद के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की हिंसा के शिकार ये लोग अपने मानव अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इनकी पीड़ा देख मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा, मानवता के दुश्मन नक्सलवाद ने कैसे इन लोगों के जीवन को उजाड़ दिया। इनका यह दुख ह्यूमन राइट्स का एक तरफा शोर मचाने वाले लोगों के दोगलेपन को भी दशार्ता है।

## ह्यूमन राइट्स वालों को नक्सल पीड़ितों का मानवाधिकार नहीं दिखता

गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों के मानवाधिकार का पक्ष लेने वालों को इससे पीड़ित होने वालों का मानवाधिकार देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए उग्रवादियों के ह्यूमन राइट्स की बात करने वाले लोगों को बिना आंख, बिना हाथ, बिना पैर के जीवन जीने के लिए मजबूर इन लोगों के ह्यूमन राइट्स नजर नहीं आते। उन्होंने नक्सलियों से अपील किया कि वे कानून के सामने आत्मसमर्पण करें और अपने हथियार छोड़ दें। पूर्वोत्तर और कश्मीर में कई जगहों पर कई लोगों ने अपने हथियार छोड़ दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आपका भी स्वागत है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हम इसके खिलाफ अभियान शुरू करेंगे और इसमें सफलता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण, वामपंथी उग्रवाद अब छत्तीसगढ़ में बस्तर के कुछ जिलों तक सीमित होकर रह गया है।

## मानवता व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है नक्सलवाद

शाह ने कहा कि नक्सलवाद, मानवता और देश की आंतरिक सुरक्षा, दोनों के लिए खतरा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार वामपंथी उग्रवाद से पीड़ित लोगों के समग्र विकास के लिए अगले तीन महीनों में योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को चिकित्सा, रोजगार और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिल सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार ने नक्सलियों को संदेश दिया है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट जज की विवादास्पद टिप्पणियों

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने लिया, जिसमें भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट में जस्टिस वेदव्यासाचार स्त्रीशानंद ने एक मामले की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी और बेंगलुरू के एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र को 'पाकिस्तान' कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट से स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही, कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को भी इस मामले में सहायता के लिए बुलाया है।

# पूर्व एमएलसी के घर से चार करोड़ और दस हथियार मिले

- बरामद रकम बैंक लोन है, उसका पूरा हिसाब हमारे सीए देंगे

एजेंसी। पटना/गया




एनआई की टीम ने बिहार में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर चार करोड़ तीन लाख रुपये की नकदी बरामद की है। एजेंसी ने गुरुवार सुबह 6:00 बजे उनकी घर पर छापा मारा था। यह कार्रवाई लगभग 20 घंटे तक चली। एनआईए की विज्ञप्ति में कहा गया है कि घर से चार करोड़ तीन लाख रुपये बरामद हुए हैं। इसके अलावा विभिन्न बोर के 10 हथियार भी मिले हैं। विज्ञप्ति में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद होने की भी जानकारी दी गई। एनआईए ने बताया गया कि अगस्त, 2023 में औरंगाबाद जिले से दो नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई थी। उनसे मिले इनपुट के आधार पर उस समय छह लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। तब से तहकीकात चल रही थी। इसी क्रम में मनोरमा देवी के गया स्थित तीन ठिकानों पर छापा मारा गया। शहर के एपी कॉलोनी स्थित उनके आवासे से यह सब बरामदगी हुई है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। छापा खत्म होने के बाद मनोरमा देवी मीडिया के सामने आईं। उन्होंने बताया कि अचानक सुबह 6:00 बजे एनआईए की टीम पहुंची और तलाशी लेने लगी। हमने पूरा सहयोग किया। जो रकम बरामद हुई है, वह बैंक लोन की है। उसका पूरा हिसाब किताब है। डिटेल हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट देंगे। हथियार हमारे गार्डों के हैं। उनके दस्तावेज हमारे पास हैं।

# बजरंग दल ने किया बीजेपी दफ्तर का घेराव

एजेंसी। पटना



बजरंग दल के सह संयोजक अभिषेक राजा की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया। पटना के पास फुलवारी शरीफ इलाके में गौरक्षा के लिए काम करने वाले अभिषेक राजा समेत बजरंग दल के कुछ कार्यकतार्ओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभिषेक राजा की रिहाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता धरना दे रहे और नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमारे कुछ साथियों को गौरक्षा के आरोप में जेल में डाल दिया गया है। भाजपा सरकार गौरक्षा की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ जब हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता गौरक्षा के लिए काम करते हैं, तो उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। इसलिए हम उनकी नीति जानना चाहते हैं। हमारा उनसे सवाल है कि यह सरकार स्पष्ट करे कि गौरक्षा करनी है या नहीं। अगर हमें जवाब नहीं मिला, तो हम सड़कों पर उतरेंगे। हम इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि अभिषेक राजा ने फुलवारी शरीफ में सौ से ज्यादा गायों को बचाया है। तीन सितंबर को फुलवारी शरीफ में गौ तस्कर एक ट्रक में 46 गायों और उनके बछड़ों को भरकर ले जा रहे थे। इसमें कई गायों की मौत हो गई और कई घायल हो गईं। बजरंग दल के कार्यकतार्ओं ने ट्रक को पकड़ लिया और घायल गायों का संगत आश्रम में इलाज करवाया। चार सितंबर को पुलिस ने 38 गायों को जब्त किया, लेकिन 8 गायों की मौत हो गई । इसको लेकर बजरंग दल के कार्यकतार्ओं और गौ तस्करों के बीच झड़प भी हुई। इसमें 31 लोगों को हिरासत में लिया गया।

## नाबालिग से दुराचार का प्रयास करने वाला मौलाना गिरफ्तार

**बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से दुराचार का प्रयास करने वाले मौलाना को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि यह पूरा मामला 18 सितम्बर का है। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग लड़की अपने भाई की तबीयत खराब होने पर पानी फुंकवाने के लिए मोहल्ले में रहने वाले मौलाना हबीब अहमद के घर आयी थी। आरोप है कि हबीब अहमद ने अकेला पाकर लड़की से छेड़छाड़ व दुराचार की हरकत किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

## मणिपुर में बड़ी तबाही टली, भारतीय सेना ने सात आईईडी किया बरामद

**कोलकाता।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजंग और इथम गांवों के पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने एक व्यापक अभियान में सात इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए हैं। इससे बड़ी आपदा टल गई और कई निर्दोष लोगों की जान बच गई। कोलकाता स्थित पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम से बताया गया है खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की टुकड़ियों ने तेजी से कार्रवाई की और सेना के विस्फोटक खोजी कुत्तों के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान लगभग 28.5 किलोग्राम वजन के सात आईईडी बरामद किए गए। भारतीय सेना के इंजीनियर्स की टीम ने इन आईईडी को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया। इस सफलता से संभावित बड़े हादसे को रोका गया और निर्दोष नागरिकों की जान बचाई गई। इससे पहले, 20 जुलाई 2024 को इंफाल पूर्वी जिले के सैचांग इथम के पहाड़ी क्षेत्रों से 33 किलोग्राम वजन के आठ आईईडी बरामद किए गए थे। वहीं सुरक्षा बलों ने छापेमारी के दौरान पश्चिमी इंफाल जिले से प्रतिबंधित गुट केवाईकेएल के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

## 82 साल के नेता का निरादर करने की क्या जरूरत : प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयानों के बाद मचा सियासी घमासान जारी है। एक तरफ जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चिट्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। वहीं, अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खरगे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि एक वरिष्ठ जननेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी?

# महादलितों के घर जलने के मामले में तेजस्वी और मांझी आमने-सामने

एजेंसी। पटना



बिहार के नवादा में दलित के घरों में आग लगाए जाने की घटना को लेकर सियासत जारी है। हिंदुस्तान आवामी मोर्चा के जीतन राम मांझी ने कहा था कि दलितों के घर जलाए जाने की घटना में यादवों का हाथ है। इसके बाद तेजस्वी यादव ने कहा था कि जीतन राम मांझी और उनका बेटा आरएसएस और भाजपा से पढ़ रहे हैं। जो लिखकर दिया जाता है, वही वे पढ़ते हैं। इसपर शुक्रवार को जीतन राम मांझी ने पलटवार किया। उन्होंने तेजस्वी यादव की शिक्षा पर सवाल उठाते हुए चूंकि वे खुद पढ़े नहीं हैं, इसलिए पढ़ाई का मर्म क्या जानें। हम लोग शेड्यूल कास्ट के सबसे नीचे तबके के लोग हैं। हम लोगों को पढ़ने जाने में दिक्कत होती थी, भूखे-प्यासे पढ़ते थे। अपने मेरिट से मैट्रिक पास किया, ग्रेजुएशन किया। उसी प्रकार से मेरा बेटा भी पढ़ा है। आज कॉलेज में प्रोफेसर है तो आरएसएस से इनका क्या सवाल है? इधर, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और मंत्री जनक राम का कहना है कि नवादा की घटना मानवता और सामाजिक सद्भाव पर गंभीर हमला है। मंत्री जनक राम ने कहा कि दलित समुदाय के साथ इस प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस मामले में 25 से ज्यादा लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# कार्यस्थल पर थकान और अनिद्रा बर्नआउट के शुरुआती संकेत : विशेषज्ञ

एजेंसी। नई दिल्ली



पुणे में काम के दबाव के कारण एक युवा सीए की मौत की खबरों के बीच गुरुवार को विशेषज्ञों ने कहा कि थकान, नींद न आना और बार-बार बीमार पड़ना कार्यस्थल पर तनाव के कारण बर्नआउट और थकावट के शुरुआती संकेत हैं। इन पर नजर रखनी चाहिए तथा मदद लेनी चाहिए। एना सेबेस्टियन पेरायिल (26) की मौत काम के बहुत ज्यादा दबाव के कारण हुई। मृतक की मां अनीता ऑगस्टीन ने चेयरमैन राजीव मेमानी को लिखे पत्र में यह दावा किया है। पत्र में कहा गया कि पेरायिल ने अकाउंटिंग फर्म में चार महीने तक काम किया। लेकिन, उसके अंतिम संस्कार दौरान भी ऑफिस से कोई मौजूद नहीं था। इस साल की शुरुआत में हिंदुस्तान टाइम्स के लिए काम करने वाले मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार सतीश नंदगांवकर का दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। दिल का दौर पड़ने से पहले उन्हें ऑफिस में अपमानित किया गया था। एक अन्य मामले में, मैकिन्से एंड कंपनी में काम करने वाले 25 वर्षीय सौरभ कुमार लड्ढा ने कथित तौर पर काम के दबाव को झेलने में असमर्थ होने के कारण मुंबई में अपनी इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। इस सूची में और भी कई नाम शामिल हो सकते हैं। बेंगलुरु स्थित एस्टर व्हाइटफील्ड अस्पताल में लीड कंसल्टेंट और एचओडी, इंटरनल मेडिसिन, डॉ. सुचिस्मिता राजमन्या ने आईएएनएस को बताया कि लगभग हर हफ्ते, "लगभग 6 से 10 मरीज तनाव और थकावट की शिकायत करते हैं। राजमन्या ने कहा, "बर्नआउट और थकावट के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकते हैं, और शारीरिक रूप से ये लक्षण क्रोनिक थकान, अनिद्रा के साथ-साथ बार-बार बीमार पड़ने के भी हो सकते हैं। विशेषज्ञ ने बताया कि तनाव, झुंझलाहट, भावनात्मक थकावट, खुद की उपस्थिति को बनाए रखने में प्रेरणा में कमी, काम के प्रदर्शन में कमी अनिच्छा के रूप में भी प्रकट हो सकता है। व्यक्ति एकाग्रता और स्मृति समस्याओं से भी जूझ सकते हैं। राजमन्या ने कहा, "यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद को 'उस बिंदु तक पहुंचने' से रोकें और इसलिए जब कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो मदद की आवश्यकता को पहचानें। कार्यस्थल मूल्यांकन और मान्यता संगठन ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की हाल ही में आई रिपोर्ट से पता चला है कि हर चार में से एक कर्मचारी को कार्यस्थल पर तनाव, बर्नआउट, चिंता या अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में बात करने में कठिनाई होती है। बर्नआउट एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गया है। 56 प्रतिशत कर्मचारी इससे प्रभावित हैं। अध्ययनों ने कार्यस्थल पर तनाव के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को भी दिखाया है। जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि नौकरी का तनाव असंतुलन एट्रियल फाइब्रिलेशन (एएफआईबी) विकसित होने के जोखिम को काफी बढ़ा सकता है। परामर्श मनोवैज्ञानिक और संस्थापक दिव्या मोहिंद्रू ने आईएएनएस को बताया कि भावनात्मक रूप से सोचने के बजाय अधिक व्यावहारिक रूप से सोचना और अपनी भावनाओं और व्यावहारिक जीवन के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कुछ उपाय सुझाए, जो कोई व्यक्ति अपने जीवन में तनाव के प्रभाव को कम करने के लिए उठा सकता है। मोहिंद्रू ने कहा, पूरे दिन खुद को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखें, पौष्टिक भोजन खाएं और 45 मिनट का व्यायाम करें। इससे आप खुश और अच्छा महसूस करेंगे।

# शादी के दवाब से बचने के लिए लड़की ने रची अपहरण की साजिश

एजेंसी। नोएडा



नोएडा में उस समय सनसनी मच गई जब दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण होने की सूचना पुलिस को मिली। उसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में कई टीमों का गठन किया और लड़की के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसके बाद पुलिस ने लड़की को सकुशल निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है। दरअसल, नोएडा के थाना-113 में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक लड़की के अपहरण करने की सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया। युवती के भाई ने जिस जगह घटनास्थल बताया था, उस जगह के फुटेज में पुलिस को कुछ नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पुलिस ने लड़की के फोन को सर्विलांस पर लगाया और उसकी तलाश शुरू की। युवती के भाई ने बताया था कि अपहरण के बाद उसकी बहन से उसकी बात हुई है। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि जैसे ही पुलिस को लड़की के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई तुरंत कई टीमों का गठन किया गया और लड़की को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ढूंढ निकाला गया। लड़की से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि उस पर घरवालों ने शादी करने का प्रेशर बनाया हुआ था। जिसके कारण उसने अपहरण की पूरी योजना बनाई और वो घर से भाग जाना चाहती थी। वो बस से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन भी पहुंच गई थी। वह अपना भविष्य बनाना चाहती है। इसलिए उसने अपने अपहरण की साजिश रची थी।

## ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया पुरुष फुटबॉल कोच के पद से इस्तीफा दिया



एजेंसी

**मेलबर्न।** ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की निराशाजनक शुरुआत के बाद उनके छह साल के दूसरे कार्यकाल का अंत हो गया है। बहरीन से 1-0 की घरेलू हार और उसके बाद इंडोनेशिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ ने टीम की दिशा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं। आर्नोल्ड ने फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन के समर्थन के बावजूद एक सप्ताह पहले ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। जॉनसन ने 61 वर्षीय कोच का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था, उनका मानना था कि वह अभी भी टीम को वापस पटरी पर ला सकते हैं। हालांकि, आर्नोल्ड को लगा कि बदलाव का समय आ गया है। "मैंने इंडोनेशिया के खिलाफ़ हमारे मैच के बाद कहा था कि मुझे कुछ फ़ैसले लेने हैं, और गहन चिंतन के बाद, मेरे अंतर्मन ने मुझे बताया कि बदलाव का समय आ गया है। आर्नोल्ड ने ईएफए द्वारा जारी एक बयान में कहा, ''मैंने देश, खिलाड़ियों और फ़ुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के लिए जो सबसे अच्छा है, उसके आधार पर इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है। मैंने अपनी भूमिका के लिए पूरी तरह से अपना सब कुछ दिया है, और मुझे अपने कार्यकाल के दौरान जो हासिल हुआ है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। आर्नोल्ड का इस्तीफ़ा कई लोगों के लिए एक झटका था, ख़ास तौर पर कतर में 2022 विश्व कप के अंतिम 16 में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने में उनकी सफलता के बाद। उनके नेतृत्व में, सॉकरोस ने उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया, टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार दो ग्रुप-स्टेज मैच जीते।



**400 विकेट पूरे**

बुमराह ने अंतर्राष्ट्रीय 400 विकेट का आंकड़ा पूरा कर लिया है

# चेन्नई टेस्ट : दूसरे दिन का खेल खत्म भारत की कुल बढ़त 308 रन की हुई

एजेंसी

**चेन्नई।** भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। भारतीय टीम ने शुक्रवार को खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 64 गेंदों में 33 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 13 गेंदों में 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इसके बाद बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमट गई थी। भारतीय टीम को 227 रन की बढ़त मिली थी। अब दूसरी पारी में 81 रन मिलाकर भारत की कुल बढ़त 308 रन की हो चुकी है। इस तरह भारतीय टीम मैच में मजबूत स्थिति दिख रही है। दूसरी पारी में भी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर नहीं चला। रोहित मात्र पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी 17 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरी पारी में 28 रन पर भारतीय टीम ने दो विकेट गंवा दिए। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और शुभमन गिल ने पारी को संभाला और स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने से कुछ समय पहले कोहली के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा।

कोहली 37 गेंद में 17 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। हालांकि बाद में रिव्यू में दिखा कि गेंद बल्ले से लगकर पैड पर लगी थी। कोहली ने रिव्यू नहीं लिया था। इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने और कोई विकेट नहीं गंवाया। दूसरी पारी में भारतीय टीम ने 3 विकेट पर 81 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल 33 रन और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर नाबाद हैं।

## 149 रनों पर सिमटी बांग्लादेश की पहली पारी

**जसप्रीत बुमराह- 04 | आकाश दीप -02 | मो. सिराज -2 | रवींद्र जडेजा -2**

इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया।भारतीय टीम की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 376 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे। स्टार ऑलराउंडर रविंचद्रन अश्विन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 133 गेंदों पर 113 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 2 छक्के और 11 चौके लगाए। वहीं रवींद जडेजा ने भी अच्छी पारी खेली और बेहतरीन 86 रन बनाए। जडेजा ने अपनी पारी में 2 छक्के और 10 चौके लगाए। इनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन, केएल राहुल 16 रन, रोहित शर्मा 6, विराट कोहली 6, जसप्रीत बुमराह 7, आकाश दीप ने 17 रन का योगदान दिया।

श्रीजेश ने एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर के नामांकन पर कहा

## यह हमारी मजबूत टीम की सामूहिक भावना का प्रतिबिंब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है, को पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए नामित किया गया है। अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में, श्रीजेश ने असाधारण कौशल और लचीलापन दिखाया, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान महत्वपूर्ण बचाव किए, जिसके कारण भारत ने कांस्य पदक हासिल किया और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से पांच दशकों में पहली बार बैक-टू-बैक ओलंपिक पदक जीतने का ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया। नामांकन पर विचार करते हुए, श्रीजेश ने अपनी खुशी और गर्व साझा करते हुए कहा, "मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए एक विशेष पहचान है, खासकर तब जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं। पेरिस ओलंपिक एक भावनात्मक और अविस्मरणीय अनुभव था, और यह नामांकन हर मैच में की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून की याद दिलाता है। श्रीजेश का नामांकन पेरिस ओलंपिक में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहां वे गोलपोस्ट के सामने मजबूती से खड़े रहे, खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारत के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान। अमित रोहिदास के रेड कार्ड के बाद टीम के 10 खिलाड़ियों तक सिमट जाने के बावजूद, श्रीजेश के महत्वपूर्ण बचाव और पेनल्टी शूटआउट में शांत व्यवहार ने भारत को 4-2 से जीत दिलाने और सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद की। उनके प्रदर्शन ने न केवल उनके साथियों को प्रेरित किया बल्कि दुनिया के सबसे बेहतरीन गोलकीपरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को भी मजबूत किया।



## राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच



विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, "रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की। आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, "कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं।

### रणनीति भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित है: हेजलवुड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उनकी टीम की रणनीति भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित होगी, जिनके खिलाफ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा नहीं खेला है। हेज़लवुड ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "रणनीति शायद उन नए खिलाड़ियों पर ज़्यादा केंद्रित है जिनके खिलाफ़ हमने ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, जैसे कि जायसवाल और शुभमन गिल, जिनका हमने सिर्फ़ कुछ बार सामना किया है। हम विराट, रोहित और अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ़ वर्षों से खेल रहे हैं, इसलिए हम जानते हैं कि क्या करना है।

## मालविका क्वार्टर फाइनल में अकाने यामागुची से हारी

एजेंसी

**चांगझोउ।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार मालविका बंसोड़ का बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को खत्म हो गया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से हार गईं। यामागुची ने बंसोड़ को केवल 35 मिनट में 21-10, 21-16 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। हार के बावजूद, 22 वर्षीय बंसोड़ ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज, वह दिग्गज पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला बन गईं। बंसोड़ ने



स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-16 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले टूर्नामेंट में उन्होंने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को हराया था।

## डेविस कप: इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

**लंदन।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर



फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे। अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे।



# यूएस फेड के फैसले और बैंकिंग सेक्टर में खरीदारी से शेयर बाजार ने रचा इतिहास

## 84 हजार को पार करके सेंसेक्स पहली बार 84,600 अंक के ऊपर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को मजबूती का नया इतिहास रच दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के स्तर को पार करके 84,600 अंक के ऊपर पहुंचा और निफ्टी पहली बार 25,800 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। इस तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी पहली बार 471.9 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। आज की तेजी के पीछे अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) से ब्याज दरों में की गई कटौती और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी मुख्य वजह रही। मार्केट एनालिस्ट शुभेंदु भट्टाचार्य के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करने के बाद ग्लोबल मार्केट में भी तेजी का रुख बना है। यूएस फेड ने ब्याज दरों में आगे भी कटौती करने के संकेत दिए हैं। इस वजह से निवेशकों का सेंटीमेंट भी हाई बना हुआ है। सबसे



विशेषज्ञों ने छोटे निवेशकों को संभल कर निवेश करने की दी सलाह

बड़ी बात ये है कि विदेशी निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद खुल कर खरीदारी शुरू कर दी है, जिससे ग्लोबल सेंटीमेंट्स भी मजबूत हुए हैं। इसका असर आज भारतीय शेयर बाजार के साथ ही एशियाई बाजारों में भी साफ नजर आ रहा है।

शुभेंदु भट्टाचार्य का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती करने के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक पर भी दरों में कमी लाने का दबाव बढ़ सकता है। माना जा रहा है कि दिसंबर में होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक से ब्याज दरों में कटौती करने की उम्मीद की वजह से भी घरेलू शेयर बाजार के सेंटीमेंट्स आज पॉजिटिव बने रहे, जिसकी वजह से मुनाफा वसूली के दबाव का सामना करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नई ऊंचाई को छूने में सफल रहा। इसी तरह धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार के सेंटीमेंट्स पहले से ही पॉजिटिव बने हुए हैं। खासकर बैंकिंग सेक्टर में पिछले सप्ताह से ही जोरदार खरीदारी हो रही है। निफ्टी का बैंक इंडेक्स लगातार सातवें दिन मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आया। पॉजिटिव सेंटीमेंट्स के कारण ही आज दिन के कारोबार में निफ्टी का बैंक इंडेक्स 53,357 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गया। सितंबर के महीने में बैंक इंडेक्स में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी आ चुकी है। आज भी एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा जैसे बड़े बैंकों के शेयरों में 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई, जिसने पूरे मार्केट सेंटीमेंट को तेज करने में बड़ी भूमिका निभाई।

प्रशांत धामी के अनुसार मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों में भी आज जोरदार खरीदारी हुई। पिछले कुछ दिनों से मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में लगातार मुनाफा वसूली हो रही थी, लेकिन आज निवेशकों ने छोटे और मझोले शेयरों में भी जम कर पैसा लगाया। इसी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 1.16 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर पिछले लगातार 3 दिन से बिकवाली के दबाव में कारोबार कर रहे थे, लेकिन इन शेयरों में आज आई तेजी ने भी मार्केट सेंटीमेंट्स को पॉजिटिव बनाने में अहम भूमिका निभाई। धामी का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरो में कटौती करने से ग्लोबल मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ना तय हो गया है।

### आईफोन-16 की बिक्री शुरू, दिल्ली और मुंबई के स्टोर पर लगी लाइन



**नई दिल्ली।** भारत में आईफोन-16 सीरीज के मोबाइल फोन की बिक्री आज से शुरू हो गई। एप्पल के नई दिल्ली और मुंबई दोनों के आधिकारिक स्टोर सुबह 8 बजे खुल गए। आईफोन-16 खरीदने के लिए लोग नई दिल्ली के साकेत स्थित सेलेक्ट सिटी वॉक में लंबी कतार में खड़े दिखे। एप्पल के स्टोर 11 बजे सुबह खुलते हैं। लेकिन, एप्पल के नए फोन खरीदने के लिए दोनों स्टोर के बाहर लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। कंपनी ने 9 सितंबर को अपने इस साल के सबसे बड़े इवेंट 'इट्स ग्लोटाइम' में एआई फीचर्स के साथ आईफोन-16 सीरीज लॉन्च किया था। इसमें आईफोन-16, आईफोन-16 प्लस, आईफोन-16 प्रो और आईफोन-16 प्रो मैक्स शामिल हैं। एप्पल ने 13 सितंबर को इनकी बुकिंग की शुरुआत कर चुकी की है। इसके कस्टमर्स फोन को ऑफिशियल वेबसाइट और ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट और अमेजन से बुक कर सकते हैं।

## एईएम-भारत बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की हुई समीक्षा: गोयल

### 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक में हुए शामिल

एजेंसी

**लाओस/नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को लाओस के वियनतियाने में 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों (एईएम-भारत) की बैठक में भाग लिया। गोयल ने इस बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा हुई। वह लाओस के वियनतियाने के दो दिवसीय दौरे पर हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि (एईएम-भारत) की बैठक में आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा हुई और इसकी प्रगति पर ध्यान दिया गया, जिससे व्यापार और



आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। इससे दोनों पक्षों के व्यवसायों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में दोतरफा व्यापार के महत्व पर जोर दिया गया, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच मजबूत आपूर्ति श्रृंखला संबंधों और जीवीसी एकीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे पूरे क्षेत्र के व्यवसायों और लोगों को लाभ होगा। वाणिज्य मंत्रालय कार्यालय ने दी जानकारी में बताया कि पीयूष गोयल ने 21वीं आसियान-भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक से पहले भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने फिक्की के नेतृत्व में भारतीय उद्योगों से आग्रह किया कि वे आसियान व्यवसायों के साथ संबंधों को गहरा करें और आपसी विकास और समृद्धि के लिए इस क्षेत्र में भारत के निर्यात को बढ़ाने के अवसरों की तलाश करें। इससे पहले पीयूष गोयल ने 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक के दौरान स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की राज्य सचिव हेलेन बुडलिगर आर्टिडा के साथ मुलाकात की।

## विवाद से विश्वास 2.0 योजना अब एक अक्टूबर से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 1 अक्टूबर से प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान योजना 'विवाद से विश्वास 2.0' की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा जुलाई में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2024-25 में लंबित कुछ आयकर विवादों के समाधान के लिए की गई थी। वित्त मंत्रालय ने जारी अधिसूचना में कहा, ''केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 को लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर, 2024 तय करती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार करों को सरल बनाने, करदाता सेवाओं में सुधार करने, कर निश्चितता प्रदान करने और राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ मुकदमेबाजी को कम करने के अपने प्रयास को जारी रखेगी। उल्लेखनीय है क करीब 35 लाख करोड़ रुपये की 2.7 करोड़ प्रत्यक्ष कर मांगों पर विभिन्न कानूनी मंचों पर विवाद जारी है। केंद्र सरकार प्रत्यक्ष करों के तहत लंबित मामलों के लिए 'विवाद से विश्वास' योजना का पहला चरण 2020 में लेकर आई थी।

# समूह के माध्यम से स्वावलंबन की दिशा में महिलाओं का सराहनीय कदम : बीडीओ

### जल्द ही दाल मिल चलाएंगी महिलाएं, लिया गया प्रस्ताव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय इतवार बाजार के पास स्थित पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस संचालित संकूल स्तरीय आजीविका महिला संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा की दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन के बाद बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि घर के कामकाज से इतर भी महिलाएं जेएसएलपीएस के समूह से जुड़कर स्वालंबन की दिशा आगे बढ़ रही हैं। इससे परिवार की परवरिश में उनका बड़ा योगदान मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं को इस दिशा में और भी कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। बीपीएम भूपेश कुमार और अन्य ने वार्षिक लेखा-जोखा पेश करते हुए कहा कि इस संगठन से जुड़ने के बाद मेहनत और लगन से समूह की दीदियों की जिंदगी बदली है। इससे परिवार और समाज में भी बड़ा बदलाव आया है। इस मौके पर समूह की महिलाओं ने नाटक के माध्यम से इसे प्रदर्शित भी किया।

### 500 समूह की दीदियों ने लिया हिस्सा

जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि आमसभा में लगभग 500 समूह की दीदियों ने हिस्सा लिया था। आमसभा में समूह के माध्यम से दाल मिल चलाने का प्रस्ताव लिया गया है। इसे जल्द ही कार्य रूप दिया जा सकता है। इसके लिए अबतक बेहतर काम करने वाली महिला समूह का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में सीसी राजकुमार राम, भरत राम, आईपीआर मीना कुमारी और वीरेंद्र कुमार सिंह सहित सभी सक्रिय महिला दीदी एवं समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## मिलन समारोह को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक अयोजित

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सह बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने पंडवा अपने आवास परिसर मे आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति और 2 अक्टूबर को होने वाली कार्यकर्ता महासम्मेलन सह मिलन समारोह को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार एक बैठक अयोजित की। वहीं बैठक में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी राजन मेहता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ विरोधियों की गतिविधियों पर भी नजर रखते हुए दिशा निर्देश दिया।

### लंगुराहा में डायरिया से दर्जन भर लोग आक्रांत

# स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है : डॉ. गोपाल प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के लंगुराहा गांव में डायरिया से करीब दर्जनभर लोग आक्रांत हैं। पीड़ितों में सतेन्द्र यादव, महेंद्र प्रजापति, अलख यादव, रविन्द्र यादव सहित अन्य घरों के महिला पुरुष सदस्य शामिल हैं। सूचना के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को गांव में पहुंचकर मुआयना किया। साथ ही ओआरएस के पैकेट, ब्लीचिंग पाउडर प्रभावित परिवार को दिया गया। इसके अलावे लोगों को पानी उबालकर पीने, ताजा भोजन करने और घरों के आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी । वहीं, विशेष परिस्थिति में एम्बुलेंस के लिए 108 पर कॉल कर सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराने की बात कही गयी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट है। उन्होंने बताया कि गिद्दी परसडीह गांव से भी डायरिया के तीन मामले आए थे। सीएचसी में इलाज के बाद ठीक हो जाने पर उन्हें घर भेज दिया गया। मौके पर फार्मासिस्ट अविनाश कुमार, विकास कुमार सिंह स्वास्थ्य सहिया लालो देवी आदि मौजूद थे।

## आखिर कब खुलेगी बिजली विभाग के नींदः रणजीत मिश्रा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन रोड में पेट्रोल पंप के समीप लगभग एक सप्ताह से मुख्य मार्ग पर बिजली का खंभा इस कदर झुक गया है कि बड़ी गाड़ी आते-जाते कभी भी संपर्क में आ सकता है। कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि खंबे की स्थिति को देखकर विद्युत विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, एसडीओ, जूनियर इंजीनियर को लगातार फोन करता रहें लेकिन किसी ने कभी फोन रिसीव कर पाना भी मुनासिब नहीं समझा। कार्यालय में जाने पर किसी से मुलाकात नहीं हो पाई। इस परिस्थिति में व्हाट्सएप फिर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को इसकी जानकारी दी, लेकिन ना तो कोई उस पर पहल हुआ और न हीं कोई जवाब आया।

## श्रीमद्भागवत कथाः श्री कृष्ण की रासलीला आत्मिक आनंद का प्रतीक

**मेदिनीनगर।** सिंगरा अमानत तट पर आयोजित चातुर्मास व्रत कथा के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने श्री कृष्ण के अवतार की व्याख्या करते हुए कहा कि श्रीमन नारायण ने कृष्ण रूप में अवतार लेकर जीवों को आत्मिक अनुभव का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण केवल नंदनंदन, यशोदानंदन या देवकीनंदन नहीं, परमात्मा और नारायण हैं।

# स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन की थाली से अंडा गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जामदीह में पढ़ रहे बच्चों की मध्याह्न भोजन की थाली से अंडे गायब हैं। यहां बच्चों को मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा है। यह कोई एक दिन की बात नहीं है। मीनू के मुताबिक मध्याह्न भोजन नहीं मिल रहा है। अंडा की जगह मौसमी फल देना है। वह भी बच्चों की थाली में नहीं दिखा। विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण ऐसा हो रहा है। सरकार की यह योजना महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है। बच्चों की थाली में खिचड़ी देखा गया वह भी बिना दाल का। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्यालय संचालन में किस कदर अनियमितता बरती जा रही है। विद्यालय में सही ढंग से पढ़ाई भी नहीं होती है इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी शिक्षक द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिला।

**शुक्रवार को अंडा या फल देने का है प्रावधान :** सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मध्याह्न भोजन देने का प्रावधान है। इसके लिए बाकायदा सरकार राशि देती है। मध्याह्न भोजन के लिए चावल सरकार सीधे स्कूलों को उपलब्ध कराती है। इसके लिए स्कूल स्तर से डिमांड देनी होती है। दाल, तेल और सब्जी बाजार से खरीदी जाती है।

# माओवादियों ने चिपकाया पोस्टर, दहशत

### पुलिस ने कहा शरारती तत्वों का है काम, छापेमारी अभियान जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के द्वारी गांव स्थित रानी मैदान के समीप कब्रिस्तान की चहारदीवारी पर गुरुवार की देर रात माओवादी ने पोस्टर चिपका कर क्षेत्र में दहशत पैदा कर दिया। पुलिस का मुखबिरी करने वाले होश में आओ आदि नारे लिखा था। माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपका कर करीब दस से 12 वर्ष बाद एक बार फिर से क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई है। इधर पोस्टर चिपकाए जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पोस्टर चिपकाए जाने की सूचना मिलते ही गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पोस्टर को हटाया। थाना प्रभारी ने कहा कि माओवादियों के नाम से अशरारती तत्वों द्वारा पोस्टर चिपकाई गई है। उन्होंने कहा कि द्वारी में रेलवे सहित अन्य कंस्ट्रक्शन का काम किया जा रहा है। यही वजह है कि कुछ शरारती तत्व के लोग क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश में है। किसी भी स्थिति में उनके मनसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है। जबकि क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चल रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा। बरहाल माओवादियों के नाम से पोस्टर चिपकाए जाने पर क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

### माओवादी के नाम से चिपकाया पोस्टर

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** शहीद सप्ताह से पहले ही माओवादियों के नाम पर चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन में गुरुवार की देर रात पोस्टर चिपकाया गया। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पोस्टर जब्त करते हुए जांच में जुट गई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है पोस्टरबाजी किसके द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि 21 अगस्त से माओवादी शहीद सप्ताह मनाने की तैयारी में है। हालांकी लंबे समय के बाद क्षेत्र में माओवादी के नाम पर पोस्टरबाजी से क्षेत्र में दहस्त व्याप्त है। पोस्टर चिपकाए जाने की सूचाना पर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोकर रंजन चौधरी दल-बल के साथ पहुंचकर पोस्टर को जप्त करने के साथ छापेमारी प्रारंभ कर दी है। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि कोई शरारती, असामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा पोस्टर चिपकाया है। पोस्टर चिपकाने वाले असामाजिक तत्वों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।


### झारखण्ड सरकार
### वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### न्यायालयः- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खूँटी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन के विरूद्ध भिन्न-भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थों पर प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के तहत राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 27.09.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जाएगा। भिन्न-भिन्न वन अपराध के क्रम में जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्रं0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 34/2024 | मिश्रित प्रजाति का चिरान लकड़ी-35 अद्द | अज्ञात |
| 2 | 48/2024 | साल चौखट-25 अद्द एवं जलावन-20 बंडल | अज्ञात |
| 3 | 31/2024 | साल बोटा-15 अद्द | अज्ञात |
| 4 | 25/2024 | साईकिल-2 अद्द एवं साल चिरान-12 अद्द | अज्ञात |
| 5 | 70/2024 | साल बोटा-12 अद्द | अज्ञात |
| 6 | 52/2024 | साल बोटा-46 अद्द | अज्ञात |
| 7 | 53/2024 | 1. साल चौखट-15 अद्द, 2. पटरा-26 अद्द एवं 3. अर्धनिर्मित टेबल-1 अद्द | अज्ञात |
| 8 | 59/2024 | साल बल्ली-20 अद्द | अज्ञात |
| 9 | 62/2024 | साल बोटा-08 अद्द | अज्ञात |
| 10 | 63/2024 | साल बोटा-32 अद्द | अज्ञात |
| 11 | 71/2024 | 1. सिल्वर रंग की ओमनी भान संख्या-BR-14J-0693 एवं 2. साल चिरान-10 अद्द | अज्ञात |
| 12 | 72/2024 | साल बोटा-50 अद्द | अज्ञात |
| 13 | 22/2024 | साल बल्ली-02 अद्द एवं टांगी-01 अद्द | अज्ञात |
| 14 | 19/2024 | साल बोटा-54 अद्द | अज्ञात |
| 15 | 06/2023 | साल चौखट-42 अद्द | अज्ञात |
| 16 | 09/2023 | साल बोटा-16 अद्द | अज्ञात |
| 17 | 12/2023 | जलावन-45 बंडल | अज्ञात |

ह0/-
प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी

PR 336031 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D


## 'खेलो झारखंड प्रतियोगिता' के तहत कबड्डी खेल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** शुक्रवार को पांडू प्रखंड के खेल स्टेडियम में खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पांडू जिला परिषद सदस्य मीना देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक अनुपम तिवारी, शकील हैदर, और निरंजन कुमार द्वारा किया गया, जबकि संदीप सिंह और ब्रजेश कुमार यादव ने आयोजन का समन्वय संभाला। प्रतियोगिता में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों की कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों ने दिखाया हुनर




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जपला, पलामू के छात्रों ने कला उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जामताड़ा, झारखंड में आयोजित की गई, जिसमें बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। इस संकुल स्तरीय कला उत्सव का आयोजन पटना संभाग द्वारा किया गया, और इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के छात्रों का हर कला क्षेत्र में दबदबा रहा। कला शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि यह कला उत्सव भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित होता है। प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया जाता हैः संकुल स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर। सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला के बच्चों को इस प्रतियोगिता का सालभर इंतजार रहता है। इस वर्ष, इस विद्यालय के स्वेता कुमारी ने खेल-खिलौने में, सूरज कुमार ने मूर्तिकला में, और अभय ठाकुर ने चित्रकला में भाग लिया। स्थानीय क्राफ्ट में भी विद्यालय के छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 03/2024-25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि :- दिनांक 27.09.2024 कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- दिनांक 28.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 28.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :- 1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं. 2, धुर्वा, राँची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3 **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- 1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं. 2, धुर्वा, राँची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3 **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
7. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पुरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हजारीबाग | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद् अन्तर्गत सुल्ताना (NH-100) पथ से छड़वा (MDR-070 पर) पथ एवं रामनगर- कस्तुरीखाप, पेलावल, विष्णुपुरी, सलगामा, कस्तुरीखाप, गदोखर लिंक पथ में साधारण मरम्मति। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 2. | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 गैर योजना मद अन्तर्गत कोनार पुल (NH-33) पथ से हवाई अड्डा पथ का मरम्मति कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | दो माह |
| 3. | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद् अन्तर्गत सर्किट हाउस से S.P. कोठी तक पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | दो माह |
| 4 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद् अन्तर्गत NH-33 कुलपति आवास के सामने से डीपूगढ़ा आवासीय कॉलोनी होते हुए कनहरी हील तक पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 8,00,000.00 | 16,000.00 | 1,250.00 | दो माह |
| 5 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत हीराबाग चौक से मटवारी होते हुए एन0एच0 100 पार करके पी0डब्लू0डी0 रोड देवांगना चौक तक पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | दो माह |
| 6 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत NH-33 के 11वें कि.मी. में मुख्य द्वार (थाना चौक) से हवा महल प्रखण्ड कार्यालय, रेलवे स्टेषन पदमा बाजार तक पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 7 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत कृष्णापुरी NH-100 से कृष्णापुरी तालाब पेरीफेरियल पथ का साधारण मरम्मति कार्य। | 8,00,000.00 | 16,000.00 | 1250.00 | दो माह |
| 8 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत सुल्ताना (NH-100) पथ से छड़वा (MDR-070 पर) पथ एवं रामनगर- कस्तुरीखाप, पेलावल, विष्णुपुरी, सलगामा, कस्तुरीखाप, गदोखर लिंक पथ तक 3rd कि.मी. में RCC Retaining wall का गार्ड वॉल निर्माण कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 9 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत इचाक-बरकट्ठा पथ के 12वें कि.मी. में नाली निर्माण कार्य। | 41,00,000.00 | 82,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 10 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत करियातपुर-झुमरा पथ के कि0मी0 6.15 में अवस्थित Old existing narrow bridge के Foundation का मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2500.00 | दो माह |
| 11 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत हजारीबाग स्थित निरीक्षण भवन मे साधारण मरम्मति एवं साजसज्जा कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2500.00 | दो माह |
| 12 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता कक्ष का सुसज्जीकरण एवं परिसर के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 13 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, आवास में Guard Room-cum-Driver's Room, मरम्मति एवं विद्युतीकरण कार्य। | 40,00,000.00 | 80,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 14 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत निरीक्षण भवन परिसर में अवस्थित कुल तीन अदद चतुर्थवर्गीय कर्मचारी आवास की साधारण मरम्मति कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2500.00 | दो माह |
| 15 | | | वित्तीय वर्ष 2024-25 में गैर योजना मद अन्तर्गत निरीक्षण भवन एवं कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग के आवासीय कार्यालय में Day to Day Maintenance एवं रखरखाव कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1250.00 | बारह माह |

निविदा की शर्ते :- www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
E-mail ID – eercdhazari-jhr@nic.in, Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता
प. नि. वि., पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 336447 Road(24-25)#D


## पेज एक का शेष

**सेकेंडरी एग्रीकल्चर से...**
राज्यपाल के तौर पर मैंने यहां कई वर्षों तक काम किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 2017 में इस संस्थान के साथ मिलकर कृषि मेले का उद्घाटन किया था। उस समय मुझे बताया गया कि किसान कैसे लाह से लाभान्वित होते थे। आज इस संस्थान के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।

**किसानों को खेतिहर...**
अब बड़े पैमाने पर किसान खेतिहर मजदूर बनते चले गए। किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाने की आज आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है, ताकि किसानों के हित में बेहतर नीति निर्धारण के साथ कार्य हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के प्रति संवेदनाएं हमारे लिए शुरू से ही सर्वोपरि रहा है। वैसे तो किसानों के लिए कई बड़ी-बड़ी बातें होती है। कागजों में भी आंकड़े अच्छे दिखाए जाते हैं। लेकिन किसानों के हालात कैसे बदलें, इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**
पथ प्रमंडल चाईबासा अंतर्गत हाट गम्हरिया बेनी सागर रोड 44 किलोमीटर की राइडिंग क्वालिटी सुधारने के लिए 31.69 करोड़ योजना की स्वीकृति दी गई।
-मयुराक्षी नदी पर पूल निर्माण के लिए करीब 241 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति।
-झारखंड पशुपालन सेवा नियमावली में संशोधन की स्वीकृति।
-झारखंड जन्म एवं मृत्यु निबंधन में संशोधन की स्वीकृति।
-किसानों से धान खरीद अधिप्राप्ति के लिए राज्य सरकार की ओर से दी जानेवाली 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की राशि के लिए 60 करोड़ की स्वीकृति।
-भवन एवं कर्मकार निबंधन नियमावली 2006 में संशोधन की स्वीकृति।
-शहरी स्थानीय निकाय में संविदा के आधार पर 107 इंजीनियरों की बहाली होगी।
-केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर के 17.37 केएम सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति।

**सपने संवारने की...**
आने व विपक्षी दल भाजपा द्वारा इसे मुद्दा बनाने के बाद राज्य सरकार ने पांच सितंबर को दौड़ स्थगित कर इसे फिर से 10 सितंबर से शुरू करने की घोषणा की थी। बहाली दौड़ के दूसरे चरण में भी दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के मौत का सिलसिला नहीं रुका।

**बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने...**
जिलों यथा देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में अवैध घुसपैठियों की पहचान करना तथा ऐसे अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की व्यवस्था करना होगा। हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

**दादा ने पोते...**
उसकी मां, खुशबू देवी के अनुसार, शुभम घर से थोड़ी दूर जाने के बाद लापता हो गया था। जब काफी देर तक वह नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिवार वालों ने शुभम का शव आहार के किनारे पानी के नीचे मिट्टी में दबा हुआ पाया। फिलहाल इस जघन्य हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में मामले की जांच जारी है।

**सरकार बनते ही...**
उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके। आज झारखंड के पाकुड़ जिले में हिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि ये भूमि हमारे आदिवासियों की है या बांग्लादेशी-रोहिंग्या की? हमें इस धरती को बचाना है और यह काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार कभी नहीं कर सकती क्योंकि घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं।

**घुसपैठ की जांच के लिए झारखंड सरकार के साथ कमेटी बनाएंगे :** अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार के साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी बनाएगी। झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया था। इसके पीछे का उद्देश्य जनकल्याण था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जनकल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया।

राज्य की विधवा बहनों को भी ठगा : इसी तरह राज्य की विधवा बहनों को इन्होंने हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन यह राशि किसी को नहीं मिली। झारखंड की सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यहां एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं। एकेडमिक काउंसिल, जूनियर इंजीनियर, लैब असिस्टेंट, नगरपालिका, ग्रेजुएट लेवल की नौकरी और जेपीएससी के पेपर लीक हुए। सच तो यह है कि यहां पैसा लेकर पेपर बांटे जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पेपर लीक के तमाम मामलों में सख्त कार्रवाई होगी।

**पत्रकार रवि प्रकाश...**
रवि प्रकाश यह पुरस्कार पाने वाले भारत के इकलौते व्यक्ति थे। रवि प्रकाश करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित थे और कैंसर का लास्ट स्टेज चल रहा था। पिछले डेढ़ महीने से मुंबई में उनकी कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। अमेरिका से लौटने के बाद उन्हें गामा-डेल्टा सेल का चौथा इन्फ्यूजन भी दिया गया था।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## नेपाल के पीएम अमेरिका रवाना न्यूयॉर्क में मोदी से वार्ता के प्रयास

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली शुक्रवार को अमेरिका की 10 दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने के साथ ही अपने अमेरिका भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ओली का भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ साइडलाइन वार्ता करना एक प्रमुख एजेंडा है। उनके साथ विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा सहित विदेश मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी गए हैं। दस दिनों तक अपने अमेरिका भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ओली कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद ओली की यह पहली विदेश यात्रा है। तीन दिनों के लिए अमेरिका जा रहे मोदी 22 सितम्बर को न्यूयॉर्क में रहने वाले हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक दिखा अमेरिकी क्रिप्टोकरेंसी ऐड




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का यू-ट्यूब चैनल हैक हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का विज्ञापन चल रहा है। अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स ने क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी को डेवलप किया है। इस यूट्यूब चैनल पर सुप्रीम कोर्ट के संविधान बेंच की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाता है। हाल ही में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या के मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया था।

### पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर बोले

# कांग्रेस को अर्बन नक्सल और टुकड़े-टुकड़े गैंग चला रहे : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल चला रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये वह कांग्रेस नहीं जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि आज जिस कांग्रेस हम देख रहे हैं, उस कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। वह महाराष्ट्र के अमरावती के वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। पीएम ने कहा आज कांग्रेस के लोगों की भाषा और बोली बदल गई है। विदेशी धरती पर जाकर देश विरोधी एजेंडा चलाना, समाज और देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना इनकी भाषा हो गई है। आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है, देश का कोई सबसे भ्रष्ट परिवार है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है।



### कांग्रेस ने पारंपरिक कौशल को बल नहीं दिया

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि हमारे पारंपरिक कौशल में सबसे ज्यादा भागीदारी एससी/एसटी और ओबीसी समाज के लोगों की रही है। अगर पिछली सरकारों ने विश्वकर्मा बंधुओं की चिंता की होती, तो इस समाज की कितनी बड़ी सेवा होती। लेकिन, कांग्रेस और उसके दोस्तों ने एससी/एसटी/ओबीसी को जानबूझकर आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी सिस्टम से कांग्रेस की इस दलित और पिछड़ा विरोधी सोच को खत्म किया है। पिछले 1 साल के आंकड़े बताते हैं कि विश्वकर्मा योजना का सबसे ज्यादा लाभ

**कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे। पुलिस वैन में कैद करवा दिया। मैं हैरान हूं कि इस पर कांग्रेस के सहयोगी के मुंह पर भी ताला लग गया है। उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि उनमें गणपति के अपमान का विरोध करने की हिम्मत नहीं बची है।

### कांग्रेस को गणपति पूजा से नफरत

लगे हाथ प्रधानमंत्री ने सीजेआई डीबी चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर कांग्रेस के सवाल का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। महाराष्ट्र की धरती गवाह है कि आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपित उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर एक समाज और हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसलिए कांग्रेस को गणपति पूजा से भी चिढ़ है।

## क्यों लोग 60 लाख रू. तक खर्च कर डंकी रूट से जा रहे अमेरिका?

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** करनाल का अमित कुमार डंकी रूट के जरिए अमेरिका गया था। रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। अमित की मां का कहना है कि अमित घर की जमीन व जरूरी चीजें गिरवी रखकर विदेश गया था। उसने डंकी रूट के रास्ते विदेश जाने के लिए उसने 42 लाख रुपए खर्च किए थे। डंकी रूट का मतलब होता है किसी देश में अवैध तरीके से पहुंचने की कोशिश करना। यह देश अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, मैक्सिको सहित कोई भी हो सकता है। लोग लाखों रुपये लगाकर अपने पसंदीदा मुल्क जाना चाहते हैं जबकि वे जानते हैं कि डंकी रूट से जाने में उनकी जान भी जा सकती है। इतना पैसा लगाकर विदेश में अपने चहेते मुल्क पहुंचने की ख्वाहिश रखने वाले लोग इस बात को जानते हुए भी कि उनके अपनी मंजिल तक पहुंचने की कोई गारंटी नहीं है, फिर भी वह वहां पहुंचना चाहते हैं । हरियाणा, पंजाब, गुजरात व अन्य कई राज्यों के कई गांवों से अमित कुमार जैसी कहानियां सामने आ चुकी हैं। इनके बारे में भी आपको बताते हैं। हरियाणा के करनाल जिले के घोलपुरा गांव में कई युवक डंकी रूट से विदेश पहुंचकर अपना नुकसान करा चुके हैं। गांव के रहने वाले उदय सिंह घोलिया 6 महीने तक पनामा के जंगलों से होते हुए मैक्सिको तक पैदल गए। नाव के जरिए उन्होंने अवैध रूप से मैक्सिको जाने की कोशिश की लेकिन सुरक्षा अफसरों ने उन्हें और उनके साथ 300 से ज्यादा लोगों को वापस भारत भेज दिया। अब वह हरियाणा में अपने गांव में गायों की देखभाल सहित घर के काम कर रहे हैं। ऐसी ही कहानी मुकेश कुमार की है। वह ऑस्ट्रिया के एक कैंप में 3 महीने तक रुके और फिर 3 महीने जेल में भी रहे। दिसंबर 2022 में वह वापस आ गए। इस सबके बाद भी इस गांव के बहुत सारे लड़के विदेश जाना चाहते हैं। इस गांव की जनसंख्या लगभग डेढ़ हजार है और यहां के 150 युवा विदेश जा चुके हैं। इनमें से लगभग 80% लोग डंकी रूट से गए हैं और इसके लिए उन्होंने स्थानीय एजेंट को 15 से 60 लाख रुपए तक दिए हैं। गांव का जब कोई युवा अमेरिका पहुंच जाता है तो गांव के लोग पटाखे फोड़ कर उसका स्वागत करते हैं। पंजाब और हरियाणा में ऐसे कई युवाओं की कहानी सामने आ चुकी है जो डंकी रूट के जरिए अपने पसंदीदा देश पहुंचने के चक्कर में लाखों रुपए गंवाने के साथ ही कीमती वक्त का भी नुकसान कर चुके हैं। भारत में सबसे पॉपुलर डंकी रूट के जरिए लोग लैटिन अमेरिका के किसी देश तक पहुंचना चाहते हैं। इक्वाडोर, बोलीविया और गुयाना जैसे देश भारतीयों को वीजा देते हैं और कुछ और देश जैसे- ब्राजील और वेनेजुएला टूरिस्ट वीजा देते हैं। लेकिन लैटिन अमेरिका के देशों तक पहुंचने के लिए लोग एजेंट से संपर्क करते हैं और पहुंचने का रास्ता इस पर निर्भर करता है कि एजेंट के उन देशों में मानव तस्करी नेटवर्क से कैसे लिंक हैं। कुछ एजेंट दुबई से सीधे मैक्सिको का वीजा दिला देते हैं लेकिन मैक्सिको पहुंचने पर सबसे ज्यादा खतरा गिरफ्तार होने का रहता है इसलिए ज्यादातर एजेंट अपने क्लाइंट्स को किसी लैटिन अमेरिका देश में उतारते हैं। फिर उन्हें कोलंबिया ले जाते हैं। कोलंबिया से उन्हें पनामा के जंगलों में ले जाया जाता है और इस दौरान उन्हें डारियन गैप नाम का एक खतरनाक जंगल पार करना होता है। इस जंगल में पानी की कमी तो है ही, जंगली जानवरों और क्रिमिनल गैंग्स का भी खतरा है। विदेश पहुंचने का सपना रखने वाले लोग इस रास्ते पर लूटपाट का शिकार होते हैं और यहां रेप की भी घटनाएं होती हैं। लेकिन इन घटनाओं की कोई रिपोर्ट नहीं होती है और अपराध करने वालों को सजा भी नहीं मिलती है। सब कुछ ठीक रहा तो 8 से 10 दिन में यह पूरा रास्ता पूरा हो जाता है लेकिन अगर किसी शख्स की मौत हो गई तो उसका शव अंतिम संस्कार के लिए उसके घर तक नहीं भेजा जा सकता। ग्वाटेमाला पहुंचने पर लोगों को तस्करों के हवाले कर दिया जाता है और इसके बाद वे उन्हें मैक्सिको और फिर अमेरिका की ओर ले जाते हैं। अमेरिका और मैक्सिको के बीच 3,140 किलोमीटर लंबी सीमा है और इस पर तारबाड़ होती है। लोगों को इसे पार करना होता है। कई लोग रियो ग्रांडे नदी पार करने की कोशिश करते हैं। अवैध रूप से घुसने की कोशिश करने वाले ऐसे लोगों को अमेरिकी अधिकारी हिरासत में ले लेते हैं और फिर उन्हें शरणार्थी कैंपों में रखा जाता है। जिस तरह लोग डंकी रूट के जरिए अमेरिका और मैक्सिको पहुंचते हैं, इसी तरह वे यूरोप के देशों में भी जाने लगे हैं।

## अब तक 35.57 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने की चारधाम यात्रा

एजेंसी

**बदरीनाथ/केदारनाथ।** चारधाम यात्रा में फिर से एक बार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। अब तक चारधाम यात्रा में 35 लाख 57 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। सितंबर माह के दूसरे सप्ताह से बदरीनाथ-केदारनाथ धाम जाने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। दोनों धामों में प्रतिदिन तीन से चार हजार तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। शासन-प्रशासन यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। केदारनाथ मंदिर के कपाट दस मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए थे। यात्रा के शुरूआत से भक्तों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया था। केदारनाथ में सबसे अधिक अभी तक रिकार्ड 11 लाख 45 हजार 897 से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई है। बदरीनाथ में 09 लाख 89 हजार 282 श्रद्धालु पहुंचे हैं। दोनों धामों में 21 लाख 35 हजार से अधिक तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री धाम में 06 लाख 65 हजार 911 और यमुनोत्री धाम में 05 लाख 83 हजार 455 व हेमकुंड में 01 लाख 66 हजार 503 से अधिक भक्त पहुंचे हैं। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि सरकार, मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से धाम पहुंच रहे यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## अमेरिका में कोर्ट रूम में जिला जज की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका में स्कूलों के बाद अब तो कानून के मंदिर में भी खून बहने लगा है। पूर्वी केंटकी काउंटी के जिला जज की हत्या से लोग सकते और दहशत में हैं। एक ग्रामीण इलाके के शेरिफ ने गुरुवार दोपहर कोर्ट रूम में घुसकर जिला जज की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपित शेरिफ ने आत्मसमर्पण कर दिया। केंटकी स्टेट पुलिस के ट्रूपर मैट ने बताया कि लेचर काउंटी के शेरिफ 43 वर्षीय मिकी स्टाइन्स ने 54 वर्षीय जिला जज केविन मुलिंस को गोली मारने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। यह वारदात दोपहर करीब 2:55 बजे दक्षिण-पूर्वी केंटकी के व्हाइट्सबर्ग शहर में लेचर काउंटी कोर्ट रूम के अंदर हुई।

## पाकिस्तान की अदालत ने ईशनिंदा केस में ईसाई महिला को मौत की सजा सुनाई

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने ईशनिंदा केस में एक ईसाई महिला शौगाता करन को मौत की सजा सुनाई है। साल 2020 के सितंबर माह में एक व्हाट्स ऐप ग्रुप में पैगंबर के बारे में अपमानजनक कंटेंट साझा करने के आरोप में शौगाता के खिलाफ ईशनिंदा कानून के तहत 29 जुलाई, 2021 को मामला दर्ज किया गया था। शिराज अहमद ने इस महिला के खिलाफ साइबर अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस्लामाबाद की विशेष अदालत के न्यायाधीश अफजल माजुका ने कल (गुरुवार) सुनवाई के बाद शौगाता करन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी ठहराया। इसमें मौत की सजा का प्रावधान है। शौगाता पर तीन लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके अलावा अदालत ने इस महिला को पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक अपराध अधिनियम (पीईसीए) की धारा 11 के तहत सात साल की कैद और एक लाख रुपये का जुमार्ना की भी सजा सुनाई है।

### ईशनिंदा के आरोपित अली को पुलिस ने मार डाला था, परिवार ने माफ किया

डॉन अखबार की इस खबर में यह उल्लेख किया गया है कि कुछ समय पहले ईशनिंदा के आरोपित अब्दुल अली उर्फ शाखी की पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब उसके बेटों मोहम्मद उस्मान और मोहम्मद अली ने इसके लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को माफ कर दिया है। दोनों ने क्वेटा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नूरजई जनजाति के प्रमुख हाजी फैजुल्लाह नूरजई के साथ अली के ईशनिंदा के कृत्य की निंदा की। अली के दो भाइयों खैर मोहम्मद और बोर मोहम्मद ने भी उसके कृत्यों की निंदा की। उस्मान ने कहा कि परिवार और कबीले का अब्दुल अली के ईशनिंदा के घृणित कृत्य से कोई लेना-देना नहीं है।

# एजुकेशन/करियर

आज के दौर में होम साइन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। इसकी पढ़ाई कर के लोग अच्छे जॉब और करियर बना सकते है। होम साइंस की पढ़ाई झारखंड के लगभग सभी विश्वविद्यालय में होती है। यह मानव विकास और विज्ञान के क्षेत्र में अन्य विभागों से जुड़े विज्ञान के बारे में एक अध्ययन है। इस विषय में डीप्लोमा, डिग्री, स्नातक स्नातकोत्तर समेत कई प्रकार की पढ़ाई होती है। होम साइंस शिक्षा की वह विधा है जिसके अन्तर्गत पाक शास्त्र, पोषण, गृह अर्थशास्त्र, उपभोक्ता विज्ञान, बच्चों की परवरिश, मानव विकास, आन्तरिक सज्जा, वस्त्र एवं परिधान, गृह निर्माण आदि का अध्ययन किया जाता है।

## होम साइंस में बना सकते हैं अपना करियर

### होम साइंस कोर्स

- डिप्लोमा इन होम साइंस
- बीएससी इन होम साइंस
- बीएड इन होम इक्कोनोमिक्स
- एमएससी इन होम साइंस
- एमए इन होम इकोनोमिक्स
- एमएससी फूड साइंस एंड बायोटेकनोलॉजी
- एमएससी इन न्यूट्रीशियन साइंस
- एमएससी इन न्यूट्रीशिएन एंड फूड साइंस
- मास्टर ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन होम इकोनोमिक्स
- इसके अलावे अन्य डिग्रियों की पढ़ाई होती है



### होम साइंस की पढ़ाई के लिए भारत के टॉप संस्थान

- लेडी इरविन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
- जेडी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ होम साइंस, कोलकाता
- एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई
- गृह विज्ञान विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय
- गवर्नमेंट होम साइंस कॉलेज, पंजाब यूनिवर्सिटी
- बनस्थली विश्वविद्यालय, राजस्थान
- गृह विज्ञान महाविद्यालय, निर्मला निकेतन, मुंबई



### अन्य जॉब

**प्रोडक्शन जॉब :** इस क्षेत्र में अंतर्गत फूड प्रिजरवेशन, ड्रेस मेकिंग, कुकिंग आदि आते हैं तथा इसमें स्नातक छात्र टेक्सटाइल बिजनेस, फैशन डिजाइनिंग के साथ-साथ होटल एवं फूड इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।

**रिसर्च जॉब :** रिसर्च के क्षेत्र में प्रमुख विषय जैसे मदर्स, फार्मर्स, विलेजर्स, फूड वैल्यू, फूड आइटम्स आदि को शामिल किया गया है। इसमें प्रयोगशालाओं में रिसर्चर, साइंटिस्ट के रूप में काम करना होता है।

**सेल्स जॉब :** यहां पर फूड आइटम्स का सेल्स प्रमोशन खासकर बेबी फूड संबंधी कार्य किया जाता है। इसमें अनुभव और जानकारी की दृष्टि से होम साइंस के ग्रेजुएट उपयुक्त होते हैं।

**सर्विस जॉब :** किसी होटल, रेस्तरां, टूरिस्ट रिजॉर्ट, कैटरिंग सेंटर में हाउस कीपिंग डिपार्टमेंट एवं देखरेख संबंधी कार्य किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त भी इसमें कई तरह के अवसर हैं।

### करियर

- रिसर्च साइंटिस्ट
- एक्सहिबीटर
- न्यूट्रिशनिस्ट
- डाइटिशियन
- अस्सिटेंट डाइटिशियन
- फ़ूड एनालिस्ट
- हेल्थ एंड न्यूट्रिशन जर्नलिस्ट
- होस्टेस एंड रिसेप्शनिस्ट
- कॉउंसलर, प्रोफेसर एंड रिसर्चर
- आहार विशेषज्ञ
- परिवार नियोजन सलाहकार
- कपड़ा परिधान डिजाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनिंग
- मानव विकास
- संसाधन प्रबंधन
- एक दिन और हमेशा के लिए
- परिवार नियोजन
- खाद्य विश्लेषक
- खाद्य वैज्ञानिक
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता
- अस्पताल परिचारक
- पोषण विशेषज्ञ
- अनुसंधान सहायक सहायक ड्रेस डिजाइनर
- सहायक फैशन डिजाइनर
- बेबी केयर टेकर
- चाइल्ड केयर गिवर
- रसोइया शेफ़
- प्रदर्शक
- पेंट्री प्रभारी
- शिक्षक/व्याख्याता

### प्रवेश परीक्षाएं

- बीएमआईयूएलईई
- एयूईई
- बीएचयूपीएईई
- बीयूईई
- जीएमईई
- सीजीसी एमईई
- आईआईएफईई
- एमजीयूईई
- यूके फएईई
- एसएसयूएसईई

